

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 175 | epaper.rashtriyakhabar.com | आषाढ़, शुक्लपक्ष दशमी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

कृते प्रतिकृतं कुर्याद् हिंसने प्रतिहिंसनम्।
तत्र दोषो न पतति दुष्टे दुष्टं समाचरेत्॥

**भावार्थ** : जो जसा करे, उससे वैसा बरतें। कृतज्ञ के प्रति कृतज्ञता भरा, हिंसक के साथ हिंसायुक्त और दुष्ट से दुष्टताभरा व्यवहार करने में किसी प्रकार का पाप नहीं है।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
| --- | --- |
| 27.00 °c | 23.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 18.38 बजे

सूर्योदय (कल) » 05.04 बजे

## पुरातत्व विभाग को खुदाई में प्राप्त देवी लक्ष्मी की मूर्ति सौंपी

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर पुलिस ने बारामूला पुरातत्व विभाग को मंगलवार को खुदाई में प्राप्त देवी लक्ष्मी की एक पुरानी मूर्ति सौंपी। देवी लक्ष्मी की पुरानी मूर्ति कुछ दिन पहले शीरी बारामूला में स्थानीय लोगों को जमीन की खुदाई में प्राप्त हुई थी, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को इसकी जानकारी दी थी। बारामूला पुलिस की एक टीम खुदाई स्थल पर पहुंची और मूर्ति को अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने एक बयान में कहा कि मंगलवार को अभिलेखागार, पुरातत्व और संग्रहालय की टीम को खुदाई से प्राप्त देवी लक्ष्मी की मूर्ति की जांच के लिए बुलाया गया, जिन्होंने जांच के बाद पाया कि वह देवी लक्ष्मी की मूर्ति है। बारामूला की पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) सुश्री दिव्या ने जेकेपीएस उपाधीक्षक डीएआर डीपीएल बारामूला, पीरजादा एजाज अहमद की उपस्थिति में इस मूर्ति को अभिलेखागार, पुरातत्व और संग्रहालय के पंजीकरण अधिकारी और उनकी टीम को सौंप दिया।

## खट्टर की पुलिसकर्मियों के लिए अनेक भत्तों की घोषणा

**पंचकूला :** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नशा मुक्त हरियाणा कार्यक्रम को लेकर आयोजित एक संवाद सत्र के दौरान पुलिसकर्मियों के लिए अनेक घोषणाएं की हैं। श्री खट्टर की इन घोषणाओं में निरीक्षक रैंक तक के अधिकारियों और कर्मियों के लिए पहली बार मासिक मोबाइल भत्ता देना शामिल है। अब कांस्टेबल और हेड कांस्टेबल को 200 रुपये, सहायक उप-निरीक्षक को 250 रुपये, उप-निरीक्षक को 300 रुपये और निरीक्षकों के लिए 400 रुपये प्रतिमाह मोबाईल फोन भत्ता मिलेगा। इसी प्रकार सभी थानों में तैनात मुंशियों को आतिथ्य सत्कार हेतु 3000 रुपये की मासिक राशि मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भत्ता देने का उद्देशय थानों की कार्यप्रणाली और दक्षता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सभी पुलिसकर्मी, चाहे उनकी पोस्टिंग कहीं भी हो, प्रति माह अधिकतम 20 दैनिक भत्ते ले सकेंगे। इससे पहले यह थानों में तैनात कर्मियों के लिए था। देश में अपनी तरह का यह पहला निर्णय है जब किसी मुख्यमंत्री ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग से निपटने जैसे गम्भीर विषय पर सीधे थाना प्रभारियों, मुंशी और जांच अधिकारियों के साथ संवाद किया है।

## चुनावी हिसा में कूचबिहार में एक की मौत

**कूचबिहार :** पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में हुए झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई अन्य लोग गोली लगने से घायल हुए। यह जानकारी पुलिस ने मंगलवार को दी। गौरतलब है कि राज्य में पंचायत चुनाव की तारीख की घोषणा के बाद राज्य में राजनीतिक गुटों के बीच झड़प की घटना सामान्य हो गई है। यह घटना दिनहाटा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की रैली को संबोधित करने के एक दिन बाद हुई है, जब सत्तारूढ़ टीएमसी और प्रमुख विपक्षी दल भाजपा के समर्थकों के बीच हिंसा भड़क उठी। पुलिस ने कहा कि इस सीमावर्ती जिले के गीतलदाहा में गोलीबारी की घटना हुई, जहां टीएमसी कार्यकर्ता बाबू हक की गोली लगने से मौत हो गई जबकि अन्य छह लोग घायल हो गए। हक को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूत्रों के अनुसार, घायलों में एक की हालत गंभीर है और सभी घायलों को एमजेएन मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## अमेरिकी सेब पर आयात शुल्क घटाने का निर्णय निंदनीय : राठौड़

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता, विधायक एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौड़ ने मंगलवार को अमेरिकी सेब पर आयात शुल्क कम करने के केंद्र सरकार के निर्णय की निंदा की। श्री राठौड़ ने कहा कि अमेरिकी सेब पर आयात शुल्क 70 प्रतिशत से घटाकर 50 फीसदी करने से हिमाचल प्रदेश के सेब उद्योग को नुकसान होगा, जो पूर्व की भारतीय जनता पार्टी शासन के दौरान मुद्रास्फीति के कारण कीटनाशकों, कवकनाशी, श्रम और अन्य पैकिंग सामग्री में वृद्धि के कारण उत्पादन लागत में वृद्धि के कारण पहले से ही गंभीर संकट में है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल के हितों की रक्षा के लिए आयात शुल्क को 100 प्रतिशत तक बढ़ाने के अपने वादे को निभाने में भी विफल रहे हैं, जैसा कि पिछले लोकसभा चुनावों में राज्य में चुनाव प्रचार के दौरान किया गया था। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के सेब उद्योग को बचाने के लिए केंद्र सरकार से यह निर्णय तुरंत वापस लेने की मांग की।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**आह्वान** › तीन तलाक का फंदा लटकाकर कुछ लोग चाहते हैं खुली छूट

# मुसलमानों को समझदारी से काम लेना होगा: मोदी

- तीन हजार बूथ कार्यकर्ताओं से बात की
- तीन तलाक से पूरा परिवार तबाह होता है
- कई मुस्लिम देशों में यह प्रथा लागू नहीं




राष्ट्रीय खबर

**भोपाल:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले साल होने वाले लोकसभा और इस वर्ष मध्यप्रदेश समेत पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के पूर्व देश भर के मुस्लिम समाज का आह्वान करते हुए आज कहा कि मुस्लिम समाज समझे कि सामान्य नागरिक संहिता को लेकर कौन से राजनीतिक दल उन्हें भड़का रहे हैं और कुछ लोग ऐसे हैं, जो मुस्लिम बेटियों पर तीन तलाक का फंदा लटका कर उन पर अत्याचार की खुली छूट चाहते हैं। श्री मोदी ने यहां भाजपा के मेरा बूथ, सबसे मजबूत अभियान के तहत देश भर से आए लगभग तीन हजार बूथ कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान देश भर के लाखों बूथ कार्यकर्ता भी वर्चुअली इस कार्यक्रम से जुड़े। आयोजन में पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और पार्टी की मध्यप्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि तीन तलाक की वकालत करने वाले वोट बैंक के भूखे लोग मुस्लिम बेटियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय कर रहे हैं। तीन तलाक से सिर्फ बेटियों के साथ अन्याय नहीं, पूरे » पेज 2 भी देखें

### उनके ही धर्म के लोगों ने उनका शोषण किया है :मोदी

इसी दौरान उन्होंने मुस्लिम समाज की एक जाति पसमंदा मुसलमान का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वोट बैंक की राजनीति करने वाले पसमंदा मुसलमानों के बारे में नहीं कुछ कहते। उनका जीवन कष्ट में गुजारता है। उनके ही धर्म के लोगों ने उनका शोषण किया है। उन्हें आज भी बराबरी का हक नहीं है। उन्हें नीचा और अछूत समझा जाता है। पसमंदा मुसलमान मोची समेत अनेक जातियों के होते हैं, पर सब पिछडे हैं। कोई उनकी आवाज नहीं सुनता। उस पर देश में कभी चर्चा नहीं हुई। उन्होंने कहा कि बूथ के कार्यकर्ता इन सब तथ्यों के साथ इन लोगों के बीच जाएं। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास की योजना के साथ कार्य कर रही है। सभी योजनाओं का लाभ ऐसे मुसलमान वर्गों को भी मिल रहा है।

हज करने के लिए तीर्थयात्रियों के लिए मुफ्त परिवहन की व्यवस्था की है

## हज यात्रियों के लिए इस बार रंग बिरंगी बसों का मेला



राष्ट्रीय खबर

**मक्का:** सऊदी अधिकारियों ने पवित्र हज करने के लिए तीर्थयात्रियों के लिए मुफ्त परिवहन की व्यवस्था की है। अल्लाह के मेहमानों को हज के निर्धारित स्थानों तक पहुंचाने के लिए हजारों रंग-बिरंगी बसों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इन बसों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाली चालक रहित स्वचालित बसें भी शामिल हैं। सोमवार (26 जून) सुबह से हज समारोह शुरू हो गया। कोरोना महामारी के झटके के बावजूद इस साल पवित्र हज करने के लिए रिकॉर्ड संख्या में तीर्थयात्री एकत्र हुए हैं। सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्रालय ने कहा कि यह संख्या 20 मिलियन से अधिक है। लाखों तीर्थयात्रियों के परिवहन की व्यवस्था बहुत बड़ी है। सऊदी अरब के हज और उमरा मंत्रालय की जानकारी के मुताबिक, इस साल हज यात्रियों के परिवहन के लिए लगभग 20 हजार बसें उतारी गई हैं। रविवार (25 जून) दोपहर को, तीर्थयात्रियों ने मक्का में काबा का तवाफ या परिक्रमा शुरू की। हज समारोह लब्बैक, अल्लाहुम्मा लब्बैक की ध्वनि के साथ शुरू होते हैं, एहराम के साथ बिना सिला हुआ सफेद कपड़ा पहनते हैं। सोमवार (26 जून) सुबह तीर्थयात्री मीना के लिए रवाना हुए।

मक्का में मीनार और मस्जिद अल-हरम के बीच की दूरी लगभग पांच किलोमीटर है। यहां खुले आसमान के नीचे 25 लाख वर्ग मीटर क्षेत्र में लाखों वातानुकूलित टेंट लगाए गए हैं। इसके साथ, मीना पहले से ही दुनिया के सबसे बड़े तम्बू शहरों में से एक बन गया है। इन टेंटों में 2 लाख 60 हजार लोग रह सकते हैं। » पेज 2 भी देखें

संगठन विस्तार में छह सौ वाहनों का काफिला लेकर महाराष्ट्र गये केसीआर

## बीआरएस के तीन दर्जन नेता कांग्रेस में शामिल हुए



- सारे मंत्री विधायक गये हैं उनके साथ
- उनकी पार्टी के 35 नेता कांग्रेस में शामिल
- स्थानीय नेताओं ने कहा दिखावे का फायदा नहीं

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्ली:** तेलंगाना के सीएम केसीआर दो दिवसीय महाराष्ट्र दौरे के लिए हैदराबाद से रवाना हो गए हैं। हवाई यात्रा का विकल्प चुनने के बजाय, केसीआर ने सड़क मार्ग से यात्रा करना पसंद किया और इसने बहुत ध्यान आकर्षित किया है। महाराष्ट्र के इस दौरे में केसीआर के साथ बीआरएस मंत्री, विधायक, एमएलसी, सांसद और अन्य जन प्रतिनिधि भी थे और इसके परिणामस्वरूप एक बड़ा काफिला निकला। केसीआर के काफिले में 600 गाड़ियां शामिल हैं और इस काफिले ने प्रगति भवन से अपनी यात्रा शुरू की। यह अब तक का सबसे बड़ा राजनीतिक काफिला है और हैदराबाद ट्रैफिक पुलिस ने केसीआर के आसान मार्ग के लिए प्रयास करते हुए यातायात को प्रबंधित करने के लिए कड़ी मेहनत की। हैदराबाद से संगारेड्डी तक और वहां से महाराष्ट्र की सीमाओं को छूने वाले 600 वाहनों के दृश्य सोशल मीडिया वायरल हो गए हैं। बीआरएस नेता व्यापक रूप से सोशल मीडिया पर दृश्य साझा कर रहे हैं और प्रचार कर रहे हैं कि बीआरएस महाराष्ट्र में अपने पदचिह्न बना रहा है। दूसरी तरफ महाराष्ट्र के स्थानीय नेताओं ने इसे सिर्फ प्रचार बताया है और कहा कि संगठन के विस्तार के लिए इस तरीके से दिखावा करने का कोई लाभ केसी राव को कमसे कम महाराष्ट्र में तो नहीं मिलेगी। अपने दो दिवसीय दौरे में केसीआर तुलजापुर और पंढरपुर में मंदिरों का दौरा करेंगे और भगवान की विशेष पूजा करेंगे। सोलापुर में एक सार्वजनिक सभा की भी योजना बनाई गई है और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के एक प्रमुख नेता के बीआरएस में शामिल होने की उम्मीद है। के सी राव के इस महाराष्ट्र दौरे के बीच ही पूर्व मंत्री जुपल्ली कृष्ण राव और पूर्व सांसद पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी सहित कई विपक्षी नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने के तुरंत बाद, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि एकजुट कांग्रेस अजेय है » पेज 2 भी देखें

## हेलीकॉप्टर दुर्घटना से बचने के बाद भी ममता बनर्जी घायल



**शिलिगुड़ी :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मामूली तौर पर घायल हुई है। दरअसल यहां चुनाव प्रचार के लिए आने के बाद अचानक उन्हें ले जाने वाला हेलीकॉप्टर खराब मौसम की चपेट में आ गया था। किसी तरह उसकी आपात लैंडिंग हुई। इसी दौरान हेलीकॉप्टर से निकलते वक्त उन्हें चोट लगी है। मिली जानकारी के मुताबिक बैकुन्थापुर का जंगल जंगल के ऊपर से गुजरने के दौरान ही खराब मौसम में हेलीकॉप्टर फंस गया था। दुर्घटना से बचने के लिए आपातकालीन लैंडिंग वायु सेना के हैलीपैड पर की गयी। उतरने के दौरान ममता को कमर और पैर पर चोट लगी। उसे गंभीर दर्द होने की सूचना है। उन्हें विशेष विमान को कोलकाता में लाया जा रहा है। चोट कितनी गंभीर है, कोलकाता के डॉक्टर जांच करेंगे। दिन में ममता जलपाईगुड़ी की कांटीकी से बागडोगरा के लिए रवाना हुई। अचानक तूफान और बारिश में हेलीकॉप्टर फंस गया। पायलट ने दिशा बदलकर एक वायुसेना के बेस में एक आपातकालीन लैंडिंग की थी। इसकी सूचना पाते ही जिला से विशेष सुरक्षा बल को सेना के उस हैलीपैड के पास बने शिविर में भेजा गया है। वैसे पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर वहां उतरते ही सेना ने भी अपनी तरफ से उनका सुरक्षा घेरा मजबूत बना दिया था।

बाढ़ में डूब गए 16 जिले,7 लोगों की मौत ,20 लाख प्रभावित

## मोदी और शाह ने हिमंत बिस्वा सरमा से स्थिति पर बात की

- केंद्रीय सरकार ने हर संभव सहायता देने का दिया आश्वासन
- कई इलाकों में हाई अलर्ट, ऑरेंज अलर्ट भी जारी कर दिया
- बारपेटा जिला में सबसे अधिक लोग इस बाढ़ से हुए प्रभावित



भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी :** भारी बारिश और बाढ़ से असम में हाहाकार मचा हुआ है। जिसमें 7 लोगों की जान चली गई है।वहीं आंकड़ों पर एक नजर डालें तो पाते हैं कि करीब 20 लाख लोग इस भीषण बाढ़ की चपेट में हैं।केन्द्र सरकार असम में बाढ़ की स्थिति को लेकर चिंतित है। गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के मुख्यमंत्री से बात की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा से बात की। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया।असम में कम समय में अचानक भारी बारिश के चलते बाढ़ की स्थिति पैदा हुई है इस बाबत मौसम विभाग ने कई इलाकों में ऑरेंज अलर्ट भी जारी कर दिया है।आईएमडी ने बक्सा, बरपेटा, चिरांग धुबरी, कामरूप कोकराझार, लखीमपुर, नलबाड़ी, सोनितपुर और उदालगुरी जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन सभी प्रभावित इलाकों में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों को तैनात किया गया है।बारपेटा जिले में प्रभावित व्यक्तियों की संख्या सबसे अधिक दर्ज की गई, इसके बाद बजाली और लखीमपुर का स्थान है। रिपोर्ट के मुताबिक, कुल 198,896 लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें 73,915 पुरुष, 70,046 महिलाएं और 11,935 बच्चे शामिल हैं। जिलेवार विश्लेषण से पता चलता है कि बारपेटा में 87,232 प्रभावित व्यक्ति हैं, इसके बाद बजाली में 44,617 और लखीमपुर में 17,086 लोग प्रभावित हैं।संकट के जवाब में, कुल 99 राहत शिविर/केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनमें 29 राहत शिविर और 70 राहत वितरण केंद्र शामिल हैं। वर्तमान में, 2,915 व्यक्ति, जिनमें 1,292 पुरुष, 1,226 महिलाएं और 375 बच्चे शामिल हैं, इन राहत शिविरों में शरण ले रहे हैं। इसके अतिरिक्त, 16 गर्भवती/स्तनपान कराने वाली माताओं और 6 विकलांग व्यक्तियों को » पेज 2 भी देखें

**बहुआयामी प्रयोग** › बुखार नापने के लिए अलग से थमोर्मीटर की जरूरत खत्म

# मोबाइल फोन का नया इस्तेमाल भी होगा अब

- बैटरी के लिए लगे सेंसर का प्रयोग किया
- अभी सिर्फ तीन मॉडलों पर इसकी जांच हुई
- अधिक बुखार वाले रोगियों पर जांच नहीं की गयी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मोबाइल का बहुआयामी प्रयोग तो अभी भी हो रहा है लेकिन आने वाले दिनों में इससे बुखार नापने का काम भी लिया जाएगा। यदि आपने कभी सोचा है कि आपका तापमान बढ़ रहा है और आपको थमार्मीटर नहीं मिल रहा है, तो आपका मोबाइल इसमें मदद कर सकता है। चिकित्सक घरों में थमार्मीटर रखने की सलाह देते हैं। अनेक घरों में इसे रखा भी जाता है पर » पेज 2 भी देखें

### शोधकताओं ने तीन फोन मॉडल का परीक्षण किया

क्लिनिकल-ग्रेड थमार्मीटर शरीर के तापमान का अनुमान लगाने के लिए थर्मिस्टर्स नामक छोटे सेंसर का उपयोग करते हैं। ऑफ-द-शेल्फ स्मार्टफोन में थर्मिस्टर्स भी होते हैं; इनका उपयोग अधिकतर बैटरी के तापमान की निगरानी के लिए किया जाता है। शोधकताओं ने तीन फोन मॉडल का परीक्षण किया। उन्होंने स्क्रीन प्रोटेक्टर और केस जैसे सहायक उपकरण भी जोड़े और फोन पर दबाव बदल दिया। शोधकताओं ने मशीन लर्निंग मॉडल को प्रशिक्षित करने के लिए विभिन्न परीक्षण मामलों के डेटा का उपयोग किया, जो शरीर के तापमान का अनुमान लगाने के लिए जटिल इंटरैक्शन का उपयोग करता था। चूंकि सेंसर से फोन की बैटरी की गर्मी का पता लगाया जाता है, ऐप ट्रैक करता है कि फोन कितनी तेजी से गर्म होता है और फिर टचस्क्रीन डेटा का उपयोग करके यह पता लगाता है कि इसे छूने वाले व्यक्ति से कितनी गर्मी आती है। जैसे-जैसे उन्होंने अधिक परीक्षण मामले जोड़े, शोधकर्ता फोन एक्सेसरीज जैसी चीजों में भिन्नता को ध्यान में रखते हुए मॉडल को कैलिब्रेट करने में सक्षम हुए। शोधकर्ता क्लिनिकल परीक्षण के लिए फीवरफोन को यूडब्ल्यू स्कूल ऑफ मेडिसिन के आपातकालीन विभाग में ले गए जहां उन्होंने मौखिक थमार्मीटर रीडिंग के साथ इसके तापमान अनुमान की तुलना की। टीम के अनुसार, अध्ययन में 101.5 एफ (38.6 सी) से अधिक गंभीर बुखार वाले प्रतिभागियों को शामिल नहीं किया गया, क्योंकि इन तापमानों का निदान करना आसान है और क्योंकि पसीने वाली त्वचा अन्य त्वचा-संपर्क थमार्मीटर को भ्रमित कर देती है। साथ ही, फीवरफोन का परीक्षण केवल तीन फोन मॉडलों पर किया गया था। टीम ने कहा कि इसे अन्य स्मार्टफोन के साथ-साथ स्मार्टवॉच जैसे उपकरणों पर चलाने के लिए प्रशिक्षित करने से सार्वजनिक स्वास्थ्य अनुप्रयोगों के लिए इसकी क्षमता में वृद्धि होगी।

## संक्षिप्त विद्रोह के बाद वैगनर प्रमुख लापता, पुतिन सामने आये

राष्ट्रीय खबर

**मॉस्को:** वैगनर की रूसी भाड़े की सेना के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन का कहीं पता नहीं चल पाया है। मॉस्को की यूलिया शापोवालोवा नाम की पत्रकार ने यह जानकारी दी। अल जजीरा की एक रिपोर्ट में इस संबंध में कहा गया है. कथित तौर पर, पत्रकार यूलिया शापोवालोवा का कहना है कि वैगनर के प्रमुख प्रिगोगिन का ठिकाना अज्ञात है। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में क्या हो सकता है इसके लिए हमें इंतजार करना होगा। इसे शायद रूस की राष्ट्रीय



जांच समिति और एफएसबी की भारी अवज्ञा कहा जा सकता है। वैगनर के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन को रोस्तोव छोड़ने के बाद से सार्वजनिक रूप से नहीं देखा गया है। तभी पत्रकार यूलिया शापोवालोवा की टिप्पणियां तहलका मचा रही हैं। इस बीच, विद्रोह को लेकर प्रिगोगिन के खिलाफ आपराधिक मामला चल रहा है। मामले की जांच भी की जा रही है. सोमवार (26 जून) को रूसी दैनिक कोमर्सेंट समेत देश की तीन प्रमुख समाचार एजेंसियों ने यह जानकारी दी। हालांकि उन्होंने ये खबर अज्ञात सूत्रों के हवाले से दी है। इस बीच, रूसी रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु ने लुहान्स्क में अग्रिम पंक्ति के सैनिकों से मुलाकात की। पहले उनके इस्तीफे की अफवाहें थीं। लेकिन यूक्रेन में सैनिकों के साथ बैठक में उनके इस्तीफे पर » पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### अवैध खनन मामले में फंसे भाजपा नेता

रांची : भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री और छत्तीसगढ़ प्रभारी बजरंगी प्रसाद यादव के खिलाफ सदर एसडीओ राहुल जी आनंद जी ने जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी को खान एवं खनिज विकास एवं विनियम झारखंड लघु खनीज समनुदान नियमावली 2004 के नियम 04 एंव 54 झारखंड मिनरल्स (प्रीवेंशन आफ इंलिगल माईनिंग ) ट्रांसपोर्टस एंड स्टोरेज रूल्स 2017 के नियम 7 एंव 9 तथा भारतीय दंड संहिता की घारा 379,175,414 के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज करने हेतु आवेदन दिया है। बताते चलें कि रविवार को सदर अनुमंडल पदाधिकारी राहुल जी आनंद जी एंव जिला खनन पदाधिकारी विभुति कुमार ने पुलिस बल व खनन टाक्स फोर्स के साथ अवैध खनन व परिवहन के रोकथाम हेतु औचक निरीक्षण के दौरान मंडरो अंचल के महादेवगंज के मौजा-डेम्बा के थाना संख्या - 08 के दाग संख्या 34,43 पी,60, 61, 33 पी,35,41,62 पी,42,,59 एंव 39 पी के कुल रकवा 12 ।25 एकड़ क्षेत्र पर बिना अनुमति के बजरंगी प्रसाद यादव द्वारा वैगन ड्रिल से बोरिंग कर पोकलेन जेसीबी हाईवा से पत्थर का परिवहन किए जाने का मामला पकड़ा था।

**नियुक्ति पत्र**

चंपई सोरेन, हफीजुल हसन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति होंगे शामिल

# मुख्यमंत्री आज नर्सिंग-आइटीआइ के 500 युवक-युवतियों को बांटेंगे नियुक्ति पत्र

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को कल्याण विभाग, झारखंड सरकार की विशेष प्रयोजन वाहिनी के रूप में कार्य कर रही प्रेझा फाउंडेशन द्वारा संचालित नर्सिंग /आईटीआई कौशल कॉलेज के युवक-युवतियों के बीच नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।इस नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में अनुसूचित जनजाति मंत्री चंपई सोरेन, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। इस अवसर पर नर्सिंग /आईटीआई कौशल कॉलेज एवं कल्याण गुरुकुल के 500 युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। वहीं कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आईटीआई कौशल कॉलेज की छात्राओं द्वारा संचालित सेवा कैफे का भी उद्घाटन करेंगे।



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन

इस सेवा कैफे का उद्देश्य एक सफल उद्यमी बनाने में छात्र-छात्राओं की मदद करना है। सेवा कैफे के माध्यम से विशेषकर छात्राओं में उद्यमिता संबंधी व्यावहारिक ज्ञान दिया जायेगा।

- **कैफे का उद्देश्य एक सफल उद्यमी बनाने में छात्र-छात्राओं की मदद करना है**
- 8 नर्सिंग कौशल कॉलेज और एक आईटीआई कौशल कॉलेज है

बता दें कि कल्याण विभाग, झारखंड सरकार की एसपीवी प्रेझा फाउंडेशन कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8 के तहत एक गैर लाभकारी संयुक्त उद्यम के रूप में कार्य कर रहा है। जिसके झारखंड के 24 जिलों में 28 कल्याण गुरुकुल, 8 नर्सिंग कौशल कॉलेज और एक आईटीआई कौशल कॉलेज है। इस परियोजना के माध्यम से अभी तक 30,000 से अधिक युवक-युवतियों को देश की नामी-गिरामी कंपनियों में रोजगार की प्राप्ति हुई है।

## स्पीकर की शिकायत लेकर राजभवन पहुंचे भाजपा के नेता

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** भाजपा का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार कोझारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो की शिकायत लेकर राजभवन पहुंचा। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश के नेतृत्व में पहुंचे 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को बताया कि स्पीकर संवैधानिक पद पर बैठकर राजभवन के खिलाफ अमर्यादित बयान दे रहे हैं। इस पर कार्रवाई होनी चाहिए। प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मुलाकात के करीब एक घंटे बाद बाहर निकला। दीपक प्रकाश ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष बार-बार संवैधानिक मयार्दाओं का उल्लंघन कर रहे हैं। स्पीकर का पद दलगत राजनीति से ऊपर है, लेकिन वे झामुमो के कार्यक्रम में झामुमो के झंडे और बैनर के नीचे असंसदीय और अशोभनीय बयान देते हैं। दीपक प्रकाश ने कहा कि अगर स्पीकर संविधान की इज्जत करते हैं, तो उन्हें नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। भाजपा इस मामले को लेकर न्यायपालिका के भी दरवाजे खटखटाएगी। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, विधायक सीपी सिंह और भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक शामिल थे। 25 जून को स्पीकर ने अपने विधानसभा क्षेत्र में एक कार्यक्रम के दौरान कहा था कि राजभवन भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। विधानसभा में विशेष सत्र बुलाकर आदिवासियों की पहचान सरना धर्म कोड को विधानसभा से पारित कर राजभवन को भेजा था, लेकिन राजभवन से बिल को लौटा दिया गया। इसके बाद 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति का विधेयक भी विधानसभा से पारित कर राजभवन भेजा गया था।

बाबूलाल मरांडी ने एनएच-75 के खंड-4 को पूरा करने के लिए सीएस को लिखा पत्र

# गैर मजरूआ जमीन में बने कब्रिस्तान से एनएच का काम में बाधा : मरांडी



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः**भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने राष्ट्रीय राजमार्ग-75 के खंड-4 का बचा हुआ भाग का निर्माण में विलंब पर चिंता जतायी है। उन्होंने कहा कि इस पथ के निर्माण में देरी होने से लोगों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इससे गढ़वा शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है। बाबूलाल मरांडी ने पथ निर्माण की मांग को लेकर मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग-75 के खंड-4 का बचा काम जल्द पूरा कराने की अपील की है। ताकि इसके अभाव में गढ़वा शहर में आए दिन लगने वाले जाम से मुक्ति मिल सके। पत्र में कहा है कि बचे काम को जल्दी पूरा करने से बिहार, यूपी, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जाने आने में सभी को सहूलियत होगी। बाबूलाल के मुताबिक एनएच-75 के रेहला-गढ़वा बाई पास रोड के शेष भाग 1.17 किमी का कार्य भूमि की अनुपलब्धता के कारण पूरा नहीं हो सका है। इस संबंध में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद के सदस्य राजेंद्र तिवारी ने भी इस मसले को उठाया है। बाबूलाल मरांडी के मुताबिक एनएच-75 के निर्माण का कार्य वर्ष 2019 में एकरारनामा हुआ था। लगभग 90 फीसदी काम पूरा किया जा चुका है। शेष 1.17 किमी के निर्माण कार्य गैर मजरूआ जमीन पर अनाधिकृत रूप से बने कब्रिस्तान के चलते इस परियोजना का कार्य पूरा होने में बाधा आ रही है। इसका समाधान अत्यंत जरूरी है। इस संबंध में गढ़वा अंचल द्वारा बताया जा चुका है कि कब्रिस्तान अवैध रूप से गैर मजरूआ जमीन पर है। सीओ, गढ़वा द्वारा इस अतिक्रमण को हटाने का आदेश भी 6 मार्च 2019 को दिया गया था। डीसीसी गढ़वा के स्तर से भी 21 दिसंबर 2022 को अतिक्रमण हटाने को मजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त किया गया था। परंतु अतिक्रमण अब तक नहीं हटाए जाने से इस एनएच पथ का कार्य पूरा नहीं हो सका है। राज्य सरकार के उदासीन रवैये के कारण इसका समाधान अभी तक नहीं हो सका है। जिसके कारण यह परियोजना अब तक पूरी नहीं हो सकी है।

# खतियानियों के खून में जो जोश है, उसे कोई कम नहीं कर सकता : अमित



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** खतियानी झारखंडी पार्टी के नेता अमित महतो ने सिविल कोर्ट में आत्मसमर्पण करने से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस किया। इस दौरान उन्होंने सरकार को चेतावनी दी और कहा कि स्थानीय नीति-नियोजन नीति नहीं बना तो सरकार का अस्तित्व खत्म हो जायेगा। इस सरकार को जनता मुंह तोड़ जवाब देगी। सत्ता में बैठी सरकार अमित महतो से डरती है, इसलिए जेल भेजने का काम कर रही है। अमित महतो ने आगे कहा कि सोनाहातू थाना में 2006 में कांड संख्या 42 में तत्कालीन सीओ आलोक कुमार ने षड्यंत्र के तहत मुझे जेल भेजने का काम किया। 23 मार्च 2018 में मुझे दो साल की सजा हुई। जिसकी वजह से मेरी विधायिकी चली गयी। सीओ ने एफआईआर में गलत जब्ती सूची प्रस्तुत करके जेल भेज दिया। हाईकोर्ट में अपील किया था तो 2 मई 2023 को 2 साल की सजा को घटाकर 1 साल कर दिया गया। वहीं 3 अगस्त 2022 को स्थानीय नीति-नियोजन नीति को लेकर विधानसभा का घेराव किया। लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत आंदोलन किया। लेकिन सरकार ने गलत मानसिकता के तहत मेरे ऊपर केस किया। सिविल कोर्ट और हाई कोर्ट दोनों में बेल के लिए अपील की। लेकिन बेल अर्जी खारिज कर दिया गया। इसी संदर्भ में मुझे आज आत्मसमर्पण करना है। अमित ने कहा कि 2709 किलोमीटर मैराथन के माध्यम से राज्य के लोगों को जोड़ने का काम किया। इस दौरान राज्य में घूम कर देखा कि यहां बेरोजगार की फौज खड़ी है। सरकार अपनी प्राथमिकता में वयस्त है। अपने लिए महंगी गाड़ी, बंगला और अपने फायदे के लिए बेरोक्रेट्स को आगे रखकर राज्य को लूटने का काम किया जा रहा है। आज के समय किसी भी जगह पैसे के बिना काम नहीं होता है। ईडी से रोज नये खुलासे हो रहे हैं। अब तक कई अधिकारी जेल जा चुके हैं। आने वाले समय में और लोग भी सलाखों के पीछे होंगे।

## अमित कुमार अग्रवाल की याचिका पर सुनवाई 14 जुलाई को

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी कारोबारी अमित कुमार अग्रवाल की ओर से ईडी कोर्ट द्वारा डिस्चार्ज अर्जी खारिज किए जाने को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिवीजन याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में हुई। दरअसल ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने बीते 6 अप्रैल को अमित कुमार अग्रवाल की डिस्चार्ज याचिका को खारिज कर दिया था जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में इसे चुनौती दी है। मामले में ईडी कोर्ट ने अमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप भी गठित कर दिया। बता दें कि ईडी ने 13 अक्टूबर 2022 को राजीव कुमार एवं अमित अग्रवाल के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। सेना की जमीन की अवैध खरीद-बिक्री से जुड़े एक मामले में फिलहाल अमित अग्रवाल जेल में बंद हैं। कोलकाता पुलिस के एआरएस विभाग ने हैरिसन स्ट्रीट में अवस्थित व्यावसायिक परिसर से 31 जुलाई 2022 की रात को 50 लाख नकद के साथ हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार को गिरफ्तार किया था। बाद में उनके खिलाफ ईडी ने मनी लाउंड्रिंग का मामला दर्ज किया था। जिसमें अमित अग्रवाल को भी आरोपी बनाया गया है।

**महाधरना**

अडानी, अंबानी वापस जाओ के नारे से गूंजा रांची

# विस्थापन आयोग का गठन शीघ्र करें झारखंड सरकार: भुवनेश्वर

**भारतमाला सड़क के निर्माण में किसानों की जमीन की उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है**

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** मंगलवार को रांची राजभवन के समक्ष झारखंड राज्य विस्थापित संघर्ष मोर्चा की ओर से महा धरना की अध्यक्षता हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने किया, संचालन कर्णपुरा बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉ मिथिलेश दांगी ने किया। लोगों को संबोधित करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि झारखंड के गठन के 23 वर्ष बीत जाने बाद भी विस्थापन आयोग का गठन नहीं होना, दुर्भाग्य है। उन्होंने कहा कि चतरा जिले के



सिंहपुर कठोतिया रेल लाइन में हजारों एकड़ किसानों की जमीन, गैरमजरूआ जा रहा है। जिसमें सरकार के द्वारा मुआबजा नहीं दिया जा रहा है। उसी तरह से भारतमाला सड़क के निर्माण में किसानों की जमीन की उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा है । तो हजारीबाग के बड़कागांव में दर्जनों कोल ब्लॉक के पूरा बड़कागांव उजाड़ने के कागार पर है। बड़कागांव के गोंदल पूरा में अदानी प्रोजेक्ट के खिलाफ कई महीने से लोग सड़क पर बैठे हुए । हैं उसी तरह से राज्य के दूसरे हिस्सों में भी छोटी बड़ी लड़ाइयां चल रही है। सभी को मिलाकर राज्य स्तर पर जन आंदोलन चलाया जाएगा। इसीलिए धरना के माध्यम से राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना चाहते हैं कि राज्य में विस्थापन आयोग की गठन शीघ्र कर विस्थापितों के साथ न्याय किया जाए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि राज्य में जल जंगल जमीन की लूट बड़े पैमाने पर हो रही है। गैरमजरूआ जमीन 23000000 हेक्टेयर भूमि बैंक में डाल दिया गया, वर्तमान सरकार भी ध्यान नहीं दे रही है। धरना के माध्यम से भूमि बैंक को रद्द कर किसानों की रसीद पुनः चालू करने की मांग किया। महिला नेत्री वासबी किड़ो संबोधित करते हुए राज्य के विस्थापितों के हक अधिकार के लिए संघर्ष को तेज करने की अपील की । सभा को रांची जिला सचिव अजय कुमार सिंह ,राजेंद्र प्रसाद यादव, सीपीआईएम के सुजीत सिन्हा, सुफल महतो, सीटू के राजकुमार गोराई ,राष्ट्रीय जनता दल के राजेश यादव, झारखंड राज्य किसान सभा के सुफल महतो ,रयत विस्थापित संघर्ष मोर्चा के जेपी महाजन, रैयत विस्थापित मोर्चा के इकबाल हुसैन, कमरुन्निसा, बनवारी साव गया नाथ पांडे ,अर्जुन कुमार, नर्मदेश्वर सिंह, महेश पांडे, नाथ महतो ,भाकपा माले के देव का देवकीनंदन बेदीया, अनिरुद्ध कुमार, लक्ष्मी कांत शुक्ला, हकीम अंसारी ,गणेश महतो ,महादेव मांझी ,विंध्याचल बेदिया सहित कई लोगों ने संबोधित किया । सभा में इसाक अंसारी, इम्तियाज खान, बाबूलाल झा ,लक्ष्मी महतो ,अधिवक्ता लखन महतो, हकीम महतो ,प्रोफेसर अनुवाद चांद खान ,मजीद अंसारी, गया नाथ पांडे, अर्जुन कुमार, सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे ।

## पेज एक का शेष

### मुसलमानों को समझदारी .. ..

परिवार तबाह हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि जो भी तीन तलाक के पक्ष में बात करते हैं। ऐसे लोग मुस्लिम बेटियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय कर रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि मुसलमान बेटियों पर तीन तलाक का फंदा लटका कर कुछ लोग उन पर हमेशा अत्याचार करने की खुली छूट चाहते हैं। यही लोग इसका समर्थन करते हैं। तीन तलाक अगर इस्लाम का अहम अंग होता तो दुनिया के अनेक मुस्लिम देश इसे क्यों खत्म करते। ये मिस्त्र, पाकिस्तान, इंडोनिशिया, कतर, जोर्डन, सीरिया में क्यों नहीं होता। उन्होंने कहा कि भारत के मुसलमान भाइयों को भी यह समझना होगा कि कौन से राजनैतिक दल उन्हें भड़काकर लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं। सामान्य नागरिक संहिता (यूसीसी) के संदर्भ में उन्होंने कहा कि एक घर में अलग अलग कानून हो तो घर कैसे चल सकता है। श्री मोदी ने कहा कि भारत के संविधान में भी नागरिकों के समान अधिकार की बात कही गयी है। उन्होंने बिना किसी राजनीतिक दल का नाम लिए कहा कि ये लोग हम पर आरोप लगाते हैं, लेकिन यही लोग मुसलमान मुसलमान करते हैं। यदि ये मुस्लिम हितैषी होते, तो मुस्लिम समाज शिक्षा आदि में पीछे नहीं रहते।

आज एकदम अलग रंग में दिखे श्री मोदी चुनावों के पूर्व पार्टी के 10 लाख से भी ज्यादा बूथों और 12 हजार मंडलों पर जुटे भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं को डिजिटल रैली के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया।

### हज यात्रियों के लिए .. .. ..

तीर्थयात्री सोमवार (26 जून) को पूरे दिन और रात मीना में रहे। वे इस दौरान इबादत करते हुए पाये गये, जो यहां की धार्मिक परंपरा है। फिर फज्र समेत पांच वक्त की नमाज अदा करने के बाद वे मीना से 10 किलोमीटर दक्षिणपूर्व में स्थित ऐतिहासिक अराफात मैदान गये। सड़क मार्ग से मीना से अराफात मैदान की दूरी 14.8 किलोमीटर है। ज्यादातर तीर्थयात्री बस से जाएंगे। कोई तो इतना लंबा सफर पैदल ही तय करेगा।

### बीआरएस के तीन दर्जन .. ..

और यह जन-केंद्रित युग है। तेलंगाना में जल्द ही राजनीति का परचम लहराएगा। तेलंगाना के नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने के बाद, राहुल गांधी ने ट्विटर पर लिखा, एकजुट कांग्रेस अजेय है। जल्द ही तेलंगाना में जन-केंद्रित राजनीति का एक युग आएगा, जैसा कि कर्नाटक में हुआ था। तेलंगाना के नेताओं ने राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से मुलाकात के बाद अपने फैसले की घोषणा की।

कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा, देश भर में बदलाव की बयार बह रही है। बदलाव की ये बयार कर्नाटक से शुरू नहीं हुई, ये भारत जोड़ो यात्रा से शुरू हुई, जहां राहुल गांधी 4,000 किलोमीटर तक चले, लोगों से मिले, उनसे बातचीत की, उनकी समस्याएं सुनीं, उनके मुद्दे सुने। खेड़ा ने कहा, नतीजा कर्नाटक में देखा गया और वे हवाएं अब अन्य विधानसभाओं की ओर बह रही हैं, जहां बहुत महत्वपूर्ण राज्य तेलंगाना सहित चुनाव हो रहे हैं।

### मोदी और शाह ने हिमंत .. ..

आवश्यक देखभाल प्रदान की जा रही है ।जानकारी के लिए बता दें असम में ब्रह्मपुत्र और बराक नदी के चलते हर साल बाढ़ के हालात पैदा होते हैं। साथ ही इलाके में मिट्टी का कटाव भी एक गंभीर समस्या है और इस सभी जिलों में बहुत कम समय में ज्यादा बारिश होती है जिस कारण बाढ़ की स्थिति पैदा होतो है। केंद्रीय जल आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार नेमाटीघाट (जोहराट) में ब्रह्मपुत्र खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।असम के मुख्यमंत्री सीएम सरमा ने बाढ़ की स्थिति के संबंध में आपकी सक्रिय प्रतिक्रिया और चिंता के लिए गृह मंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि असम सरकार हाई अलर्ट पर है और प्रभावित व्यक्तियों को सभी सहायता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से राज्य को मिली हर मदद के लिए हम पीएम नरेंद्र मोदी के आभारी हैं।

### मोबाइल फोन का नया .. ..

परेशानी की बात यह है कि जरूरत के वक्त किसी को यह याद नहीं आता कि यह बुखार नापने का छोटा सा यंत्र कहां पर रखा हुआ है। ऐसे में मोबाइल फोन ही आपका थमार्मीटर बनने जा रहा है।

वाशिंगटन विश्वविद्यालय के शोधकताओं के नेतृत्व में एक टीम ने फीवरफोन नामक एक ऐप बनाया है, जो नए हार्डवेयर को जोड़े बिना स्मार्टफोन को थमार्मीटर में बदल देता है। इसके बजाय, यह फोन की टचस्क्रीन का उपयोग करता है और डेटा इकट्ठा करने के लिए मौजूदा बैटरी तापमान सेंसर का पुनः उपयोग करता है। जब शोधकताओं ने एक आपातकालीन विभाग में 37 रोगियों पर फीवरफोन का परीक्षण किया, तो ऐप ने कुछ उपभोक्ता थमार्मीटर की तुलना में सटीकता के साथ शरीर के मुख्य तापमान का अनुमान लगाया। टीम ने मार्च में ही अपने निष्कर्ष प्रकाशित किये थे।

पॉल जी एलन स्कूल में यूडब्ल्यू डॉक्टरेट छात्र और मुख्य लेखक जोसेफ ब्रेडा ने कहा, हम यह दिखाना चाहते थे कि आप हवा के तापमान को मापने के लिए स्मार्टफोन में तापमान सेंसर का उपयोग कर सकते हैं। मुझे आश्चर्य हुआ कि हम स्वास्थ्य के लिए एक समान तकनीक कैसे लागू कर सकते हैं। हमने एक सुलभ तरीके से बुखार को मापने का फैसला किया। तापमान के साथ प्राथमिक चिंता यह नहीं है कि इसे मापना एक कठिन संकेत है; यह है बस लोगों के पास थमार्मीटर नहीं हैं। यह पहला ऐप है जो मौजूदा फोन सेंसर और स्क्रीन का उपयोग करके यह अनुमान लगाता है कि लोगों को बुखार है या नहीं। अगर लोगों को ऐप के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसियों के साथ बुखार के परिणाम साझा करने होते, तो उसी तरह जैसे हमने कोविड के लिए साइन अप किया था एक्सपोजर चेतावनियाँ, यह प्रारंभिक संकेत हमें बहुत जल्द हस्तक्षेप करने में मदद कर सकता है। इसे और बेहतर बनाने के लिए शोधदल अपने निरंतर जांच और सुधार के जरिए इस विधि को और सरल बनाना चाहता है।

### संक्षिप्त विद्रोह के बाद वैगनर .. .. ..

सवाल खड़े हो गए। येवगेनी प्रिगोझिन ने रूसी सेना की कमान संरचना के तहत लाए जाने के खिलाफ विद्रोह किया। हालाँकि, वह बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको की मध्यस्थता के माध्यम से विद्रोह से हट गए। क्रेमलिन का कहना है कि प्रिगोझिन बेलारूस चले जाएंगे। लेकिन डील के बाद से उन्हें सार्वजनिक तौर पर नहीं देखा गया है. एक शब्द में कहें तो उसका कोई अता पता नहीं है। उनके खिलाफ मामले को लेकर रूसी समाचार एजेंसी तास का कहना है कि प्रिगोझिन के खिलाफ आपराधिक मामले की जांच जारी है. रूसी कानून के तहत, ऐसे अपराध के आरोपी व्यक्ति को 12-20 साल जेल की सजा हो सकती है। दूसरी तरफ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन वैगनर विद्रोह के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए। उन्हें क्रेमलिन से एक वीडियो संदेश में भाग लेते देखा गया था। पुतिन इंजीनियर्स ऑफ द फ्यूचर नामक युवा कार्यक्रम में ऑनलाइन शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने युवाओं से सुंदर भविष्य बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सभी बाहरी बाधाओं को नजरअंदाज कर लक्ष्य हासिल करने की अदम्य इच्छा के साथ आगे बढ़ें। शनिवार रात समझौते पर पहुंचने के बाद, वैगनर के लड़ाकों ने मॉस्को की ओर बढ़ना बंद कर दिया था। दक्षिणी रूसी शहर रोस्तोव से वैगनर के सैनिकों की वापसी और उनकी सुरक्षा की गारंटी दी। क्रेमलिन का कहना है कि वैगनर कमांडर येवगेनी प्रिगोझिन बेलारूसी राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको की मध्यस्थता के माध्यम से बेलारूस चले जाएंगे। लेकिन अब वह कहां हैं इसका पता नहीं चल पाया है। इस बीच, येवगेनी प्रिगोझिन के खिलाफ आपराधिक मामला हटाने का वादा किया गया था, लेकिन इसे अभी तक हटाया नहीं गया है। बल्कि उनके खिलाफ जांच भी शुरू हो चुकी है। कई विशेषज्ञों का कहना है कि वैगनर के प्रमुख की हत्या कर दी गई होगी।

**शहर >> अपडेट**

### 133 बटालियन ने किया वृक्षारोपण

**रांची:** सीआरपीएफ 133 बटालियन ने केंद्रीय विद्यालय धुर्वा सेक्टर 2 में वृक्षारोपण किया। जिसका नेतृत्व कमांडेंट अमित कुमार ने किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में केरिपुबल के डॉ. जय सूर्या, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसजी), शिवम रंजना, द्वितीय कमान अधिकारी, संदीप द्विवेदी, द्वितीय कमान अधिकारी, मृत्युंजय कुमार, उप कमांडेंट, एसएस. देव उप कमाण्डेंट, सिलास पूर्ति, प्रधानाचार्य केवि. नंबर 1, स्कूली बच्चे एवं अधीनस्थ अधिकारी और जवानों द्वारा मिलकर वृक्षारोपन अभियान-2023 के तहत बृहद पैमाने पर लगभग 1200 पौधे लगाए गए। मौके पर अमित कुमार ने कहा कि आज के दौर में शहरीकरण, औद्योगिकरण के लिए पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। जिसकी वजह से हमारे पर्यावरण का प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता जा रहा है।

**मौसम**

### बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवात को लेकर अगले

# 48 घंटे तक राज्य में भारी बारिश की संभावना, अलर्ट जारी

- भारी बारिश से जल जमाव की स्थिति बन गयी है
- 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** बीते दो दिनों से राज्य में मानसून की झलक देखी जा रही है। इस दौरान कुछ इलाकों में भारी बारिश से जल जमाव की स्थिति बन गयी है। वहीं, दूसरी ओर मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों के लिये अलर्ट जारी कर रखा है। जिसमें विभाग ने बताया है कि 29 जून तक राज्य के अलग अलग हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। विशेषकर राज्य के पश्चिमी और मध्य भाग में। इस दौरा 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। वहीं, लोगों को वज्रपात से बचने की चेतावनी जारी की गयी है।राजधानी में पिछले 24 घंटे में 54.9 मिमी बारिश रिकार्ड की गयी। वहीं मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो भले ही राज्य भर में दो दिनों से बारिश हो रही है। इसके बाद भी अन्य सालों के तुलना में इस बार 64 फीसदी कम बारिश हुई है।

इस दौरान सबसे अधिक बारिश सिमडेगा में रिकॉर्ड की गयी। जो 63 मिमी रिकॉर्ड किया गया। वहीं, चतरा, पाकुड़, लोहरदगा में 24 घंटे में बारिश नहीं रिकॉर्ड की गयी है।मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो राज्य में पिछले तीन दिनों के दौरान तापमान में गिरावट दर्ज की गयी। इस दौरान तापमान में चार डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गयी है। विभाग की मानें तो आने वाले तीन दिनों के दौरान तापमान में बदलाव की संभावना नहीं है। विभाग की मानें तो धनबाद, जामताड़ा, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, साहेबगंज में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।विभाग की मानें तो अगले 24 घंटे में रांची समेत आसपास के क्षेत्रों में तेज बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक चक्रवात बन रहा है इसका असर झारखंड में भी देखने को मिलेगा। 29 जून तक के तापमान की बात करें तो राज्य का अधिकतम तापमान इस दौरान 28 डिग्री सेल्सियस तक और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है।



**खराब मौसम ने फेरा लिफ्ट**

## सिंचाई योजना के शिलान्यास पर पानी, देवघर नहीं गये सीएम हेमंत

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** देवघर जिले के सारठ प्रखण्ड के सिकटिया में 524 करोड़ रुपये की लागत से सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना का शिलान्यास होना था। यह शिलान्यास खुद सीएम हेमंत सोरेन के हाथों किया जाना था। लेकिन बारिश की वजह से कार्यक्रम स्थगित हो गया। इस योजना से देवघर और जामताड़ा जिला के चार प्रखंडों के किसान को सिंचाई का लाभ मिलेगा। इधर जल संसाधन सचिव प्रशांत कुमार ने बताया कि मौसम के कारण कार्यक्रम रद्द हुआ है। जल्द ही फिर से मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन इस योजना का शिलान्यास करेंगे।कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने को लेकर सारठ विधानसभा क्षेत्र के झामुमो नेताओं ने अथक प्रयास किया था। हजारों की संख्या में लोगों का जुटान हुआ था। लेकिन सीएम हेमंत के नहीं पहुंचने से सभी को निराशा हाथ लगी। संथाल परगना के मौजूदा विधायकों में से इरफान अंसारी कार्यक्रम में पहुंचे थे। मंत्री हफिजुल हसन और दूसरे विधायकों को सीएम के नहीं पहुंचने की सूचना मिल गयी थी। इसलिए वो मौके पर नहीं पहुंचे।

### सभी मिलकर वृहद स्तर पर चलाये पौधरोपण अभियान

**रांची:** जिला ग्रामीण महासचिव अशफाक आलम ने कहा कि पौधारोपण को लेकर सांसद, विधायक, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, नगर निगम के पूर्व मेयर, पूर्व डिप्टी मेयर एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को आगे आकर पहल करने की आवश्यकता है। आलम ने आम लोगों से भी पौधारोपण करने की अपील करते हुए कहा कि इस वर्ष की गर्मी में नगर निगम कई क्षेत्रों में पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई थी। कई नया क्षेत्र ड्राई जोन में तब्दील हो गया था। ऐसे परिस्थितियों में भी अगर हम चेतना जागृत नहीं किए तो आने वाले दिनों में और भयावह तस्वीर सामने आएगा।

**रांची में भी टमाटर ने लगाई सेंचुरी,**

## बिना टमाटर खरीदे ही बाजार से लौट रहे लोग

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** राजधानी रांची में टमाटर के दाम आसमान छू रहे हैं। रांची के बाजारों में टमाटर की कीमत मंगलवार को 80 से 100 रुपए प्रति किलो तक देखे गए। टमाटर के दाम में अचानक बढ़ोतरी होने के बाद ईटीवी भारत की टीम ने रांची के सब्जी मंडी में जाकर जायजा लिया। लोग यहां पर टमाटर महज दो सौ से ढाई सौ ग्राम की मात्रा में खरीद रहे हैं। लोगों ने बताया कि सब्जी मंडी में भी टमाटर के दाम आम आदमी की बजट से बाहर है। टमाटर खरीदने पहुंचे लोगों ने बताया कि झारखंड के लोकल टमाटर की कीमत 60 से 65 रुपए प्रति किलो है तो वहीं दूसरे राज्यों से आने वाले टमाटर की कीमत 90 से 100 रुपये प्रति किलो तक हो गई है। जिस वजह से आम लोग कम मात्रा में टमाटर खरीदने को मजबूर हैं। वहीं कई लोगों ने बताया कि जिनकी आमदनी कम है वह बिना टमाटर खरीदे ही अन्य सब्जी लेकर घर जा रहे हैं। वहीं सब्जी विक्रेताओं ने भी बताया कि दो दिन पहले तक टमाटर की कीमत 35 से 40 रुपए प्रति किलो थी लेकिन मंगलवार की सुबह से टमाटर की कीमत में अचानक दो गुणा से तीन गुणा ज्यादा बढ़ोतरी हो गई है।

**न्यूज फटाफट**

### नशा से संबंधित सचना पुलिस को दे होगी कार्रवाई : एसपी




**रांची:** नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर नशा मुक्ति अभियान के तहत मेन रोड स्थित होटल केन में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन डॉ असलम परवेज ने किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में नशा के कारोबारियों पर हर तरह से नकेल कसा जाय। नशा सारे बुराइयों का जड़ हैं। इसे मिलकर खत्म करना होगा। यह किसी अकेले की बस की बात नहीं है। इस मौके पर रांची के सिटी एसपी सुधांशु जैन ने कहा कि आप नशा से संबंधित कोई भी सूचना गुप्त रूप से हमें दें। पुलिस इस पर कड़ी कार्रवाई करेगी। नशा मुक्ति सिर्फ पुलिस का नहीं हम सभी की जिम्मेदारी है। तब ही रांची शहर नशा मुक्त हो पाएगा। मौके पर बोलते हुए रांची के ट्रैफिक एसपी हारिश बिन जमा ने कहा कि इस गोष्ठी से निकलकर जो बातें आई है उसे आगे लेकर जाने की जरूरत है। पहले हमें अपने घर से शुरूआत करनी होगी, फिर समाज का। आपको कहीं कुछ नजर आए पुलिस को सूचना दे, पुलिस उसपर कार्रवाई करेगी। मौके पर जय यादव, अकील उर रहमान, अजीत सहाय, सैयद नेहाल अहमद, परमजीत सिंह, अशरफ, पप्पू गद्दी, मंजर इमाम, एस अली, अजीत सिंह, औरंगजेब खान, मोइज अख्तर भोलू, फिरोज, राशिद हुसैन, गुलाम अली, अब्दुल खालिक नन्हू, सन्नी, सज्जाद, साहेब अली, मो शब्बीर आदि उपस्थित थे।

### मारवाड़ी आरोग्य भवन में योग साधना व कार्यकर्ता सम्मान समारोह

**रांची:** एकल अभियान, श्रीहरि सत्संग समिति के द्वारा मारवाड़ी आरोग्य भवन बरियातू रोड में योग साधना एवं कार्यकर्ता सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम में योग गुरु महेंद्र राज के द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को योग आसन, प्राणायाम का महत्व को बताते हुए योगाभ्यास भी कराया गया। अपने उद्बोधन में कहा कि नियमित रूप से योग, आसन, प्राणयाम करने से व्यक्ति मानसिक शारीरिक और आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहता है। इससे हृदय को भी स्वस्थ रखने, रक्त शुगर को कम रखने, बैड या खराब कोलेस्ट्रॉल को कम रखने और अच्छे या गुड कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ाने में भी मदद मिलता है। नियमित रूप से योग करने से पुराने कमर दर्द से राहत मिलती है और योग हमारी हड्डियों और जोड़ों को लचीला बनाए रखता है। यह पुराने दर्द को नियंत्रित रखने में भी सहायक होता है। इसलिए हम सभी को अपने योग ऋषियों की भांति प्रत्येक दिन अपना जीवन पद्धति में योगाभ्यास लाना अनिवार्य ही नहीं अति अनिवार्य है। कार्यक्रम में सतीश तुलस्यान, श्रीमती बबीता जालान, संगीता चितलांगिया, गजानंद अग्रवाल, संतोष मोदी, जीतू पाहन सहित अन्य उपस्थित थे।



## शहर >> अपडेट

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक की मौत

चांडिल : चौका थाना क्षेत्र के एन एच 33 झाबरी के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। वही मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। चौका पुलिस को मृतक बुरी तरह से जख्मी हालात में एन एच पर मिला। चौका थाना प्रभारी अभिषेक प्रताप ने संभावना जताते हुए बताया कि सोमवार की रात किसी अज्ञात वाहन ने उसे धक्का मार दिया होगा या किसी वाहन से गिर गया होगा।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद किए जाने पर छात्रों ने किया कॉलेज के समक्ष प्रदर्शन

चास: चास कॉलेज चास में इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद किए जाने से आक्रोशित छात्रों ने कॉलेज के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान आक्रोशित छात्रों ने कॉलेज के मुख्य गेट को बंद कर कालेज में प्रवेश पर रोक लगा दी। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए छात्र नेता रोहन कुमार महतो ने कहा कि इंटरमीडिएट की पढ़ाई बंद कर दिए जाने से स्थानीय छात्रों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। शिक्षा ग्रहण करने के लिए उन्हें कई किमी दूर दूसरे कॉलेज में नामांकन कर पडेगा। वहीं कहा कि सेमेस्टर वन में छात्रों को फेल कर दिया गया था। यदि इस तरह से होता रहा तो छात्र आगे बढ़ने के बजाय एक ही परीक्षा बार-बार देने को मजबूर होंगे। ऐसे में छात्रों के भविष्य के सामने बहुत बड़ा संकट उत्पन्न हो जाएगा। यदि प्रबंधन हमारी मांगों पर विचार नहीं करता है और पढ़ाई शुरू नहीं होती है तो हम लोग और वृहद आंदोलन करेंगे। वहीं नेताओं ने कहा कि कॉलेज प्रबंधन हमारे साथ वार्ता के लिए भी तैयार नहीं है। केवल यह बहाना बनाना की यूनिवर्सिटी के माध्यम से ही इसकी पढ़ाई बंद की गई है। छात्रों को आक्रोशित देख कॉलेज प्रबंधन ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### छज्जा गिरने से युवती गंभीर रूप घायल

चास: हरला थाना क्षेत्र के सेक्टर 9 के स्ट्रीट नंबर 2 के आवास संख्या 443 में किचन का छज्जा गिर जाने से एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे घायल अवस्था में बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी देते हुए घायल युवती की बहन साइना परवीन ने बताया कि घायल टीना परवीन किचन में काम कर रही थी। उसी वक्त ऊपर से छज्जा गिर गया। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई है। आनन-फानन में उसे बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसके माथे में 8 टांका लगाते हुए भर्ती कर लिया। बताते चलें कि जिस आवास में हादसा हुई वह आवास बोकारो स्टील प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के लिए बनवाया गया था।

**शिकायत** — शराब के बोतलों में पानी मिलाकर ज्यादा दामों में बेचने की मिली थी शिकायत

# जिले में कई अंग्रेजी शराब दुकानों में आबकारी विभाग ने की छापेमारी



- आबकारी विभाग ने शराब दुकानों से कई शराब की पेटी को सैंपल के तौर पर जब्त किया
- शराब की बोतलों में पानी मिलने का धंधा कई दिनों से चल रहा है

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** बोकारो जिले के सेक्टर 4 एलआईसी मोड़ स्थित सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान सहित कई दुकानों में आबकारी विभाग की टीम के द्वारा छापेमारी की गई। आरोप है कि शराब दुकानों में कई नामी गिरामी कंपनी के शराब के बोतलों में पानी मिलाकर और ज्यादा प्राइस में बेचा जा रहा है। इसमें शराब कंपनियों पर सवाल उठ रहा है।

साथ ही सरकारी राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। इस दौरान कार्रवाई करते हुए शराब दुकान में काम करने वाले कई कर्मचारियों को पकड़कर आबकारी विभाग की टीम द्वारा बोकारो के कैंप 2 स्थित हाजत में रखा गया है। बताते चलें कि जिले में इन दिनों सरकारी अंग्रेजी शराब दुकानों में ओवर रेटिंग सहित नामी गिरामी कंपनियों के अंग्रेजी शराब के बोतलों के सील को खोलकर उसमें पानी मिलाकर बेचने की शिकायत लगातार मिल रही थी। जिसके बाद आबकारी विभाग के कई टीमों के द्वारा जिले के अंग्रेजी सरकारी शराब दुकानों में छापेमारी की। जिसमें बाहर की टीम भी शामिल थी। आबकारी विभाग ने शराब दुकानों से कई शराब की पेटी को सैंपल के तौर पर जब्त किया। जिससे जांच की जाएगी। वहीं शराब खरीद रहे स्थानीय लोगों का कहना है कि शराब की बोतलों में पानी मिलने का धंधा कई दिनों से चल रहा है।

दुकानदार इन बातों से पल्ला झाड़ते हुए नजर आए। जब इस बारे में आबकारी विभाग के अधिकारियों से पूछा गया तो इस मामले में कुछ भी कहने से बचते हुए नजर आए।

## न्यूज फटाफट

### विभिन्न मंदिरों में हुई मां बिपत्तारिणी की पूजा



चांडिल : चांडिल अनुमंडल के विभिन्न जगह पर काली व दुर्गा मंदिरो मे मंगलवार को मां बिपत्तारिणी की पूजा अर्चना धूमधाम के साथ किया गया। मां बिपत्तारणी का पूजा विशेष रुप से आषाढ़ शुक्ल पक्ष प्रतिपदा की तृतीया पंचमी या नवमी को होती है। इसके साथ ही रथयात्रा के बाद मंगलवार या शनिवार को काफी शुभ माना जाता है। मां बिपत्तारणी की पूजा परिवार को विपत्ति से दूर रखने के लिए किया जाता है। मां बिपत्तारणी का पूजा भक्तो द्वारा 13 प्रकार के फल व फूल का भोग लगाकर माँ का श्रद्धा पुर्वक पूजा अर्चना किया गया। सभी मंदिरो मे सुबह से ही श्रद्धालुओं का भीड़ देखा गया। चांडिल बजार के दुर्गा मंदिर, चौलिबासा के काली मंदिर व दुर्गा मदिर में सुबह से ही भक्तो का पहुंचना लगा रहा। चौलीबासा काली मंदिर के पूजारी बिमलेन्दु चटार्जी ने बताया कि मां बिपत्तारणी की पूजा मे 13 प्रकार के फल व फूल का भोग लगाया जाता है। साथ ही माँ को श्रद्धालुओ द्वारा दूब घास भी चड़ाया जाता है। इसके अलावा महिलाएं घागा अपनी बाह पर बांधती है। जिसे हर साल माँ बिपत्तारणी की पूजा के दौरान बदला जाता है। इससे महिलाओ को शक्ति मिलती है। वही ईचागढ़ प्रखंड के मिलनचौक, डुमरा, ईचागढ़, सितु आदि जगहो पर भी माँ बिपत्तारिणी की पूजा अर्चना किया गया।

### मैट्रिक टॉप टेन छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



चांडिल : ईचागढ़ प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय गौरांगकोचा के मैट्रिक के टॉप टेन छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान टॉप टेन छात्र छात्राओं में कृष्णा पोद्दार, मृणाल कुमार महतो, शत्रुघ्न किस्कु, कनक महतो, घनश्याम कुमार, सोनाली मंडल, अंकिता महतो, लक्ष्मी गोराई, शैलेंद्र महतो, राकेश मांझी, साथी मंडल को मेडल, कांपी, कलम व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित सभा में मुख्य अतिथि के रुप में गौरांगकोचा पंचायत के मुखिया बसंती उरांव उपस्थित थे। इस दौरान मुखिया ने अपने संबोधन में कहा बच्चे मन लगाकर एकाग्रता के साथ पढ़ाई करे निश्चित ही लक्ष्य की प्राप्ति होगी। उन्होंने छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर उप मुखिया शिवनाथ गोप, पंसस प्रतिनिधि तिलक उरांव, वार्ड सदस्य सत्येन महतो, मुखिया प्रतिनिधि सुधीर उरांव, तुलसी महतो, विभीषण महतो, गुरुपद सोरेन, प्रधानाध्यापिका, शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

### शव के साथ ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

बुढ़मू : पिठोरिया थाना क्षेत्र के काटमकुली गांव में विगत 12 जून को जमीन विवाद में घायल अशोक साहु के इलाज के दौरान हुई मृत्यु के विरोध तथा पिठोरिया पुलिस के उदासीन रवैया के विरुद्ध मंगलवार को सैंकड़ों ग्रामीणों ने शव के साथ पिठोरिया चौक को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने दोपहर तीन बजे से 5:30 बजे शाम तक जाम रखा। इस दौरान सभी सड़कों पर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। मौके पर ग्रामीणों ने थाना प्रभारी के विरुद्ध जमकर नारबेजी किया। ग्रामीणों ने कहा कि थाना प्रभारी आरोपियों से मिले हुए हैं जिसके कारण अब तक आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। सड़क जाम की सुचना पाकर पहुंचे बीडीओ शीलवंत भट्ट,सीओ अनिल दिवाकर द्ववेदी,इंस्पेक्टर राजकुमार यादव ने ग्रामीणों से वार्ता किया। मौके पर अधिकारियों ने दस दिनों में सभी आरोपियों की गिरफ्तारी, उचित मुआवजा, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा थाना प्रभारी के भूमिका की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने पिठोरिया चौक से जाम हटा लिया।

### जिला स्तरीय मजदूर कन्वेंशन तैयारी को लेकर समीक्षा बैठक

बोकारो: ट्रेड युनियन संयुक्त मोर्चा बोकारो की बैठक सेक्टर 3 एटक यूनियन कार्यालय में हुई। अध्यक्षता सीटू के बीडी प्रसाद ने किया। केंद्रीय ट्रेड यूनियन इंटक, एटक, सीटू, एचएमएस, एक्टू, एआइयुटीयुसी और अन्य स्वतंत्र राष्ट्रीय औद्योगिक फेडरेशनों के आह्वान के आलोक में राष्ट्रीय मांगों के साथ साथ स्थानीय मांगों को लेकर बोकारो में 2 जुलाई को सेक्टर 2 कला केंद्र में जिला स्तरीय मजदूर कन्वेंशन करने की तैयारी की समीक्षा बैठक में की गई। बैठक में एटक के रामाश्रय प्रसाद सिंह, आईडी प्रसाद, इंटक के बीएन उपाध्याय, सीटू केकेएन सिंह, एचएमएस के आरके वर्मा, एक्टू के देवदीप सिंह दिवाकर और एआईयुटीयुसी के सुभाष प्रमाणिक ने भाग लिया।

## बाल विवाह को रोकने में किशोरियों की भूमिका अहम




राष्ट्रीय खबर

**कसमार:** सहयोगिनी बोकारो द्वारा बाल विवाह रोकने को लेकर चलाए जा रहे अभियान को समझने के लिए सोमवार को हजारीबाग के विशुनगढ प्रखंड की समाधान संस्था की किशोरियां बहादुरपुर पहुंची। सभी किशोरियां एक्पोजर विजिट में आई थीं। एक्पोजर विजिट के दौरान किशोरियों ने सहयोगिनी बोकारो द्वारा बाल विवाह को रोकने को लेकर चल रहे कार्यक्रम की जानकारी ली। प्रखंड के पोंडा में कार्यक्रम आयोजित करके बाल विवाह रोकने के अभियान की जानकारी दी गई। इस दौरान किशोरियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह से होने वाली समस्या एवं असर की जानकारी दी। दोनों संस्था की किशोरियों ने बाल विवाह रोकने के लिए अपनी-अपनी जानकारी भी साझा की। सहयोगिनी की सचिव कल्याणी सागर ने जानकारी देते हुए कहा कि किशोरियां बाल विवाह तथा सामाजिक कुरीतियों को रोकने के लिए आगे आ रही हैं। अब क्षेत्र की किशोरियां गांवों में हो रही बाल विवाह का खुलकर विरोध करना शुरू कर दी है। बिशुनगढ की किशोरियां भी प्रखर है। इस दौरान किशोरियों ने बाल विवाह रोकने का संकल्प दोहराया। मौके पर सहयोगिनी की कुमारी किरण सूरज मणि देवी मंजू देवी समाधान संस्था की हिल्डा पिंटो, शेखर सरदिंदु तथा गौतम सागर उपस्थित थे।

डीपीएलआर की भूमि पर भू-माफिया हो रहा मालामाल

## भूमि सुधार विभाग के अधिकारियों के मिली भगत से हो रहा है अवैध कब्जा

- टूल्स रुम के निर्माण के लिए दी गई भूमि पर भू-माफिया कर रहे हैं खरीद-बिक्री
- ग्रामीणों ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग



राष्ट्रीय खबर

**जैनामोड़:** जरीडीह अंचल क्षेत्र के जैना पंचायत व टांड़बालीडीह पंचायत के मलहांनटांड़ स्थित डीपीएलआर की भूमि का भू-माफियाओं द्वारा अवैध रूप से खरीद-बिक्री का गोरखधंधा जोरों पर है। बताया जाता है कि सती गाड़ियां तालाब के सामने 6 एकड़ जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा प्रतिदिन औने-पौने दामों पर कच्चा एग्रीमेंट कराकर बेचने का कार्य किया जा रहा है। खुटरी पॉलीटेक्निक के पास टूल्स रुम के निर्माण के लिए दी गई भूमि पर भी भू-माफिया खरीद-बिक्री कर रहे है। क्षेत्रों में जमीन का अतिक्रमण निरंतर जारी है। प्रतिदिन भू-माफिया इन क्षेत्रों में जमीन अतिक्रमण कर लोगों को बेच रहे है। इसकी सूचना विभाग के निदेशक से लेकर अन्य कर्मियों तक मिल जाती है। इसके बावजूद भी विभाग चुप बैठी हुई है। क्षेत्र के लोगों को गुमराह करने के लिए कभी-कभी सरकारी गाड़ी से भूमि पर पहुंचते जरूर हैं, लेकिन भू-माफिया सरगनाओं से अपना कमीशन निर्धारित कर चले जाते हैं। बेचारे गरीब लोगों की गाढ़ी कमाई बर्बाद हो रहा है। जिस डीपीएलआर की जमीन को कुछ दबंग लोग धड़ल्ले से बेच रहे हैं। उक्त जमीन का कमेटी बैठाकर उच्च स्तरीय जांच कराने की जरूरत है। यहां पर लोग अपनी दबंगई के बल पर छोटे-छोटे टुकड़े में बेच रहे हैं। जैना पंचायत के टोला मिश्रा साइड में एक महत्वपूर्ण सती गाड़ियां तालाब है। जिसमें सैंकड़ों लोगों की पवित्रता आस्था जुड़ी हुई है। भू-माफिया इस तालाब का अतिक्रमण करने में लगे हैं। स्थानीय लोगों ने डीपीएलआर भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने की मांग राज्य सरकार के भू-अर्जन पदाधिकारी और उपायुक्त से किया है।

## तीन दिवसीय उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत 2 जुलाई से

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने जिला टास्क फोर्स की दूसरी बैठक की। मौके पर उप विकास आयुक्त कीर्तीश्री जी., एसडीओ चास दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, सिविल सर्जन डॉ. एबी प्रसाद, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी मेनका, नोडल पदाधिकारी एनपी सिंह आदि उपस्थित थे। इसमें आगामी 02 जुलाई से शुरू होने वाले तीन दिवसीय उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तैयारियों की समीक्षा की। इस बार अभियान के तहत लगभग 03 लाख 53 हजार 255 बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। 2 जुलाई को विभिन्न बूथों पर एवं 3-4 जुलाई को डोर टू डोर छूटे हुए बच्चों को पोलियो का खुराक पिलाया जाएगा। मौके पर नोडल पदाधिकारी पल्स पोलियो अभियान एवं डब्ल्यूएचओ के चिकित्सक ने बताया कि जिले के सभी प्रखंडों में अभियान को सफल बनाने के लिए सभी वैक्सीनेटरों एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जो बुधवार तक पूर्ण हो जाएगा। जिले में 1413 पोलियो बूथ बनाया गया है। वैक्सीन का डिलीवरी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में शुरू कर दिया जाएगा। वहीं उपायुक्त ने कहा कि प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत पूरा करना है।

बैठक में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी मोनिका, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. रेणु भारती, डॉ. सालिनी टुडू, डॉ. एसएम जफरूला, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका आदि उपस्थित थे।

## श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल ने मनाया 35वां स्थापना दिवस

राष्ट्रीय खबर

**बोकारो:** श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल सेक्टर 5 ने उत्साह, उमंग के साथ अपना 35वां स्थापना दिवस मनाया। मुख्य अतिथि बीएसएल के सीजीएम हरि मोहन झा एवं उनकी धर्मपत्नी नूतन झा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत पौधे के पात्र के द्वारा किया गया जो जीवंतता का उन्नति और प्रगति का प्रतीक है। इस दौरान मुख्य रूप से विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष पी राजगोपाल, उपाध्यक्ष मोहनन आर नायर, शशिधरण करात, सचिव ईएस सुशीलन, बोर्ड सदस्य बाबूराम आर, सुरेश कुमार के आर उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य पी शैलजा जयकुमार ने विद्यालय की स्थापना दिवस की बधाई दी एवं विद्यालय के संस्थापकों के मूल्यावान स्मृति व योगदान को याद करते हुए उन्हें अभिवादन किया। विद्यालय के निदेशक डॉ एसएस महापात्रा ने विद्यालय के उपलब्धियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि हम विशिष्ट शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं प्रतियोगिता परीक्षा जेईई मेन व एडवास तथा मेडिकल परीक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया।


### एफिडेविड

मैं शबनम देवी, पत्नी अनिल भगत. ग्राम विश्रामगढ़, थाना कुड़, जिला लोहरदगा शपथपूर्वक जानकारी दे रही हूं कि मेरे पति के सर्विस बुक में मेरा जन्मतिथि 11-03-1986 अंकित है जो गलत है। मेरे आधार कार्ड नं 759090270858 व पैन कार्ड बीजेआइपीडी 8502एन में मेरा जन्म तिथि 11-03-1988 अंकित है जो सही है। सर्विस बुक में भी सही जन्मतिथि को अंकित करने के लिए उक्त एफिडेविड आज दिनांक 05 जून 2023 को नोटरी मोतीलाल अग्रवाल के समक्ष किया गया।

नोटरी पब्लिक . लोहरदगा

### Affidavit

I, Shabnam Devi wife of Anil Bhagat, resident of Vill. Bishramgarh, Ps Kuru, Dist. Lohardaga, do hereby solemnly affirm and declare that in my husband's service book my date of birth is 11-03-1986 is wrong, as per my aadhar no. 759090270858 and pan BJIPD8502N my date of birth is 11-03-1988 which is correct. this affidavit is for correction of date of birth in my husband's service record. sworn and signed this affidavit on 05-06-2023 at lohardaga.

**Notary public, lohardaga.**


**जागरूकता** — नालसा 10 स्कीम, डायन-बिसाही व लोक अदालत पर प्रकाश डाला गया

# जगरनाथपुर रथ मेला में डालसा का जागरूकता कार्यक्रम

बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में

वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** जगरनाथपुर रथ मेला में डालसा, रांची के द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम में एलएडीसीएस अधिवक्ता, राजेश कुमार सिन्हा, सौरभ पाण्डेय, पीएलवी संगीता सिंह, संगीता देवी, बरखा तिर्की, पिंकु कुमारी, ज्योत्सना गोराईं एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। एलएडीसीएस अधिवक्ता सौरभ पाण्डे एवं राजेश कुमार सिन्हा ने बाल-विवाह, दहेज प्रथा, डायन बिसाही, कन्या भ्रूण हत्या इत्यादि विषय के संबंध में न्याय प्राप्त करने के बारे में विस्तार से बतायें। अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने नालसा 10 स्कीम के बारे में विस्तार से बताया तथा विधिक सेवा प्राप्त करने के तरीकों को विस्तार से मेला देखने आये लोगों के बीच रखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संगीता सिंह एवं ज्योत्सना गोराईं ने गरीब तबके के लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंधन कार्ड एवं उससे होनेवाले लाभ के बारे में जानकारी दी। ज्ञात हो कि डालसा के पीएलवी के द्वारा मेला परिसर में आये लोगों के बीच कानूनी संबंधी पम्पलेट और लिफलेट का वितरण भी किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत 9 सितम्बर को जागरूकता कार्यक्रम में दी गयी जानकारी ज्ञात हो कि आगामी 9 सितम्बर को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी डालसा के पीएलवी के द्वारा जानकारी दी गयी। उन्होंने कहां कि न्यायालय में कोई भी वाद लंबित हैं, तो राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन अपने वादों का निबटरा करा सकते हैं, जिससे आपको समय व धन की बचत होगी। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, विवाहोत्तर प्रताड़ना के वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित करके पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है।


झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,राँची पूर्व, राँची।
Email ID:- eedwsd.ranchieast@gmail.com

**Very Short E-Procurement Auction Notice**

Tender Reference No. - AUCTION-RE-08/2023-24 Date- 27.06.2023

| Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of BOQ | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| Auction for un-serviceable materials (G.I. Scrap Materials , C.I. Scrap Materials, M.S. Scrap Material & PVC Scrap Material , Brass Scrap Materials, Wooden Scrap Materials, Rubber & Gland Packing Materials) under Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East , Ranchi. (Year- 2023-24) | 8427080.00 | 422000.00 | 10000.00 | 1 Month |

1. Date & Time of Publication Tender on Website :- 05.07.2023 up to 5:00 PM
2. Last date /Time for receipt of Bid (Online) :- 11.07.2023 / 5:00 PM
3. Last date /Time for receipt Earnest Money & Cost of BOQ (Hard Copy) :- 12.07.2023 / 12:00 PM
4. Place for receiving tender fee & EMD (Hard Copy) :- A) Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. B) Office of the Superintending Engineer, D.W.& S. Ranchi Circle, Ranchi.
5. Date of Opening of Tender :- 13.07.2023/ 11:00 AM
6. Place of Opening Tender :- Office of the Superintending Engineer, D.W.& S. Ranchi Circle, Ranchi.
7. Name & Address of Tender inviting Authority :- Executive Engineer, D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi.

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची।

PR 301004 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

शहर >> अपडेट

### फुसरो में घर के बाहर खड़े बाइक की हुई चोरी

**बेरमो** : बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत फुसरो राम रतन हाई स्कूल ढोरी के समीप स्थित आवास के बाहर से सोमवार दोपहर को खड़े बाइक को अज्ञात चोर उड़ा ले गए। बाइक मालिक फुसरो चंद्रपुरा मोड़ के व्यवसायी विकास कुमार एरेन ने बताया की दोपहर को दुकान से खाना खाने स्पेलेंड प्लस बाइक संख्या जे एच 09 एल 4915 से अपने आवास आया था।

शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों के साथ जारंगडीह पीओ की वार्ता सम्पन्न

**बेरमो** : मंगलवार को सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के जारंगडीह परियोजना पदाधिकारी के कार्यालय में अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के पदाधिकारियों और कार्यकताओं तथा जारंगडीह परियोजना पदाधिकारी पी गुईन के बीच बैठक सम्पन्न हुई जिसमे यूनियन के पदाधिकारियों ने पुर्व मे सौपे अपने 19 सुत्री मांगो पर चर्चा किया। मांग पत्र में मुख्य रूप से मजदूरों और कामगारों से जुड़ी समस्याओं के साथ साथ बरसात से पहले क्षेत्र के तमाम आवासीय कॉलोनियो की सफाई के साथ साथ नालियों और गारवेज की सफाई, परियोजना की जल्द से जल्द विस्तारीकरण तथा परियोजना मे नये मशिनो को मंगवाने का मुद्दा भी शामिल था। इस मौके पर जारंगडीह परियोजना पदाधिकारी परमानंद गुईन एवं यूनियन के क्षेत्रीय सचिव सचिन कुमार, राजेंद्र सागर, सागर कुमार जबकि अधिकारी के तौर पर परियोजना पदाधिकारी परमानंद गुईन, कार्मिक प्रबंधक सुभाष चंद्र पासवान,खान प्रबंधक बाल गोविंद नायक, प्रोजेक्ट इंजीनियर कन्हैया कुमार, आउटसोर्सिंग इंचार्ज नीरज कुमार सिंह ,प्रोजेक्ट इंजीनियर एक्सभेशन विशाल शर्मा, परियोजना पदाधिकारी की निजी सहायक संजीत कुमार सिन्हा ,ऑफिस कर्मी बच्चू और कार्तिक मौजूद थे।

संक्षिप्त >> अपडेट्स

### वेल्फेयर कार्यों की प्राथमिकता होगी: अभय

**बेरमो** : कथारा क्षेत्र के नये स्टाफ ऑफिसर सिविल के पद पर अभय कुमार सिंह के योगदान देने पर राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का प्रतिनिधिमंडल नए पदभार ग्रहण करने पर संगठन की ओर से शुभकामना दी। साथ ही क्षेत्र के ज्वलंत समस्याओं पर नए स्टाफ ऑफिसर सिविल का ध्यानाकर्षण कराया। स्टाफ ऑफिसर सिविल ने कहा श्रमिक के वेलफेयर कार्यों की प्राथमिकता होगी कार्य की गुणवत्ता पर किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं होगा लंबे समय से परेशानियों से जूझ रहे श्रमिकों की समस्याओं का हर संभव निराकरण हो इसका प्रयास होगा। योजनाबद्ध तरीके से गुणवत्ता युक्त कार्य हो इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। सभी परियोजनाओं में श्रमिकों के द्वारा आवेदनों को सूचीबद्ध किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में शामिल क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह एवं क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस ने कहा कथारा क्षेत्र का क्षेत्रीय अस्पताल एवं डीएवी विद्यालय की स्थिति बिल्कुल ही दयनीय है। गायत्री कॉलोनी से लेकर कथारा मोड शिव मंदिर के निकट तक दोनों और गंदगी का अंबार मुख्य सड़क के किनारे नाली की मरम्मत एवं सफाई। गायत्री ज्ञान मंदिर तथा महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार के आगे बने चार दिवारी का सुंदरीकरण मजदूरों के आवासों का मरम्मती तथा जारगडीह के विस्तारीकरण के लिए शिफ्टिंग एरिया को व्यवस्थित ढंग से बसाने के साथ लंबे समय से फिल्टर प्लांट की व्यवस्थाओं को पूर्ण करने सहित कॉलोनी कि जर्जर सड़क को बनाए जाने समस्याओं पर बातें हुई। विभागाध्यक्ष असैनिक ने कहा आवश्यक और जरूरी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का प्रयास होगा। सकारात्मक सहयोग के साथ क्षेत्र के सुंदरीकरण और मूलभूत समस्याओं को दूर किया जाएगा इस अवसर पर संगठन की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह सीएस प्रसाद सहित अन्य शामिल थे।

संवाद

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि जनता से जुड़ाव रखें

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम का संवाद

● 10 लाख कार्यकताओं को संबोधित कर रहा हूं:जेपी नड्डा

● भोपाल में आयोजित मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो:** फुसरो स्थित उर्वशी होटल मे मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का सीधा संवाद भाजपा कार्यकर्ता सुना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को एक दिवसीय प्रवास पर भोपाल मोतीलाल नेहरू स्टेडियम से मेरा बूथ, सबसे मजबूत अभियान के अंतर्गत लगभग 10 लाख बूथों पर देशभर के भाजपा कार्यकताओं को वर्चुअल संबोधित कर रहे है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कार्यकताओं से कहा कि जनता से जुडाव रखें। मध्य प्रदेश की धरती का भाजपा को दुनिया का सबसे बड़ा दल बनाने में सबसे बड़ी भूमिका है। ऊजार्वान म?य प्रदेश की धरती पर मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यकम का हिस्सा बनते हुए हृदय से आनंद आ रहा है। आज छह राज्यों को जोड़ने वाली पांच वंदेमातरम ट्रेन को झंडी दिखाने का मौका मिला। मध्य प्रदेश को दो वंदेभारत ट्रेन मिली हैं। अभी तक दिल्ली के सफर का आनंद ले रहे थे, अब इंदौर, जबलपुर का सफर भी आनंद दायक होगा। कार्यकताओं से उन्होंने कहा कि आप पूरे समय बूथों पर डटे रहते हैं। मैं हमेशा अपडेट रहता हूं। भोपाल में आयोजित मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम, हमारे कर्मठ कार्यकताओं के राष्ट्र निर्माण के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। भाजपा की सबसे बड़ी ताकत आप हैं। मैं पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय नेतृत्व, मप्र नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं क्योंकि मैं 10 लाख कार्यकताओं को संबोधित कर रहा हूं। किसी राजनीतिक दल का इतना बड़ा कार्यक्रम नहीं हुआ होगा। बूथ का नेतृत्व करने वालों का सम्मेलन इतिहास में पहली बार हो रहा होगा।

आप भाजपा ही नहीं देश की समृद्धि के मजबूत सिपाही हैं। दल से बड़ा देश है। ऐसे कर्मठ कार्यकताओं से बात करना सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम की अध्यक्षता फुसरो नगर मंडल के महामंत्री टुनटुन तिवारी और संचालन महामंत्री रमेश स्वर्णकार ने किया।

इस अवसर पर 16वी लोकसभा सांसद रवींद्र कुमार पांडेय,वरीय नेता मधुसूदन प्रसाद सिंह, भाजपा नेत्री डॉ उषा सिंह, जगन्नाथ राम, विनोद महतो, सुरेश दूबे, किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वैभव चौरसिया, संत सिंह, नवल किशोर सिंह, जितेंद्र सिंह, लाल मोहन, राधा देवी, बीणा देवी, मेहंदी सिन्हा, चंदन राम, विष्णु विश्वकर्मा, शंकर सिन्हा, मनोज रवानी, अशोक रवि, सीताराम रजक, अंजनी सिंह, वीरेंद्र ठाकुर आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जनसंवाद सुनते भाजपा कार्यकर्ता।

## नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित

>>लोगों को नशा से दूर रहने एवं नशा मुक्त बालक, व्यक्ति:हरिनन्दन

राष्ट्रीय खबर

**चितरपुर** : डॉ० एस० राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ़ के बहुउद्देशीय सभागार में नशा मुक्ति जनजागरूकता अभियान पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रामगढ़ जिला अंतर्गत रजरप्पा थाना के तत्वाधान में थाना प्रभारी हरिनन्दन सिंह के द्वारा नशा मुक्ति पर अपने विचारों को रखते हुए समाज के लोगों को नशा से दूर रहने एवं नशा मुक्त बालक, व्यक्ति, समाज बनाने की बातें कही।

सर्वप्रथम डॉ० एस० राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वल्लित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव श्री संजय कुमार प्रभाकर, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० सनीता गुप्ता, रजरप्पा थाना प्रभारी श्री हरिनन्दन सिंह एवं शिक्षकों के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उसके स्वागत भाषण के रूप में प्राचार्य डॉ० सुनीता गुप्ता के द्वारा दिया गया। मंच का संचालन बी० एड० के सहायक प्राध्यापक डॉ० अशोक राम के द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बी. एड. के सहायक प्राध्यापक रंजु वंदना होरो, सुश्री संजु रंजना होरो, मो. परवेज अख्तर तथा डी.एल. एड के व्याख्याता मुरारी कुमार दुबे, बाबुचंद प्रसाद तथा बी.एड. एवं डी. एल. एड. के सभी प्रशिक्षु उपस्थित रहें। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक कुमारी शिखा के द्वारा किया गया।

## क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव के छात्रों को शिक्षा ग्रहण में कोई परेशानी ना हो

# डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए 25 करोड़ दो लाख की मंजूरी दी गई : ममता

● इसका निर्माण कार्य पूर्व में ही शुरू हो जाता

● एक झूठे मुकदमे में हमें जेल जाना पड़ा



राष्ट्रीय खबर

**गोला** : रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड में डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए झारखंड सरकार के कैबिनेट की ओर से मिली प्रशासनिक स्वीकृति में कॉलेज निर्माण के लिए 25 करोड़ 2 लाख की है। इस सम्बन्ध में पूर्व विधायक ममता देवी ने बताया कि क्षेत्र में बच्चों के भविष्य को देखते गोला प्रखंड में डिग्री कॉलेज हो इसके लिए मेरा प्रयास शुरू से ही था। मैं अपने विधायक पद के शपथ लेने के बाद से ही प्रयासरत थीं, कि गोला प्रखंड में डिग्री कॉलेज का निर्माण हो, ताकि क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव के छात्रों को शिक्षा ग्रहण में कोई परेशानी ना हो। इस प्रयास से डिग्री कॉलेज निर्माण का रास्ता साफ हुआ। कहा कि इसका निर्माण कार्य पूर्व में ही शुरू हो जाता, परन्तु एक झूठे मुकदमे में हमें जेल जाना पड़ा, जिससे कुछ रूकावट आई। लेकिन मेरा हौसला कम नहीं हुआ और क्षेत्र के छात्र-छात्राओं की उच्च शिक्षा दिलाने की बहुआयामी और बहुप्रतीक्षित अपनी इच्छा को पूर्ण करने के लिए लगी रही। मुख्यमंत्री जी और संबंधित अधिकारियों से मिलती रही, उसी का परिणाम है कि गोला में डिग्री कॉलेज निर्माण के लिए एक बड़ी राशि की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। बहुत जल्द कॉलेज का निर्माण होगा। कैबिनेट द्वारा मिली प्रशासनिक स्वीकृति के बाद पूर्व विधायक ममता देवी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार जताया है। उन्होने कहा कि हमारे पूर्व के जनप्रतिनिधि सरकारी डिग्री कॉलेज खोलने के बजाय निजी फायदे के लिए अपने नाम पर प्राइवेट संस्थान खोलने में व्यस्त थे।

## भूतपूर्व प्रोजेक्ट हेड व लायंस क्लब अध्यक्ष को लायंस क्लब बोकारो थर्मल के टीम ने किया सम्मानित



▶▶ उस समय 630 मेगावॉट क्षमता वाली यूनिट से मात्र लगभग 200 मेगावॉट ही बिजली उत्पादन हो रही थी

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो** : बेरमो अनुमंडल के बोकारो थर्मल डीवीसी विधुत ताप केंद्र में लगभग 22 वर्ष के बाद पहुंचे भूतपूर्व परियोजना प्रधान एम आर श्रीवास्तव को लायंस क्लब बोकारो थर्मल के टीम द्वारा त्रिजल में शाल ओढाकर व बुके देकर सम्मानित किया। बताते चलें कि वर्ष 1995-से 2000 तक डीवीसी बोकारो थर्मल पॉवर प्लांट में प्रोजेक्ट हेड वा लायंस क्लब के अध्यक्ष रहे एम आर श्रीवास्तव ने अपने कार्यकाल में कई ऐसे महत्वपूर्ण कार्य किये है जो भुलाया नही जा सकता।

उन्हें जब बीटीपीएस प्रोजेक्ट हेड का चार्ज मिला था उस समय 630 मेगावॉट क्षमता वाली यूनिट से मात्र लगभग 200 मेगावॉट ही बिजली उत्पादन हो रही थी। उस समय अपने उपर जिम्मेवारी लेते हुए 200 मेगावॉट से बढ़ाकर 630 मेगावॉट बिजली उत्पादन करने का श्रेय पाया।

उन्होंने अपने ही कार्यकाल में जुबली पार्क, बीर कुंवर सिंह पार्क तथा सेन्ट्रल मार्केट इत्यादि का सुंदरीकरण कर अपनी एक पहचान बनाई। अपने परिवारिक कार्यक्रम में सपरिवार बोकारो थर्मल पहुंचे भूतपूर्व अभियंता ने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहे कि लोगो का प्यार है जो आज मुझे सम्मान मिला है। वहीं दूसरी तरफ लायंस क्लब के लायन संतोष कुमार लाल, सर्वदेव सिंह, तेजनरायण सिंह, जोगेंद्र गिरी, जीतेन्द्र सिंह, धर्म सिंह ,बिनोद भाटिया ,प्रकाश ठक्कर एवं सुनील यादव का भी अपना-अपना योगदान रहा है।

## नुरी मस्जिद की संगे बुनियाद पर तहफ्फुजे ईमान कांफ्रेंस का आयोजन

● जिसने अल्लाह का घर बनाया, उसके लिए अल्लाह जन्नत में घर बनाएगा

राष्ट्रीय खबर

**गोला:** गोला प्रखंड के सोसोकलां कर्बला चौक में नुरी मस्जिद की संगे बुनियाद के अवसर पर तहफ्फुजे ईमान कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है। कांफ्रेंस में खतीब व इमाम महमूद आलम नूरी, कारी अलीम नुरी, जाकिर हुसैन, हाफिज समसुल होदा, अशहर जमाली व अन्य कई उलेमाओं ने शिरकत की। महमूद आलम नूरी ने तकरीर पेश करते हुए कहा कि जिसने अल्लाह का घर बनाया, उसके लिए अल्लाह जन्नत में घर बनाएगा। उन्होंने कहा कि मस्जिद की खुराक नमाजी होते हैं। लिहाजा लोगों को नमाज का पाबंद होने की जरुरत है। हम सभी को मस्जिद में आकर पांच वक्त का नमाज पढ़ कर उसे आबाद करने की जरूरत है। मस्जिद के बुनियाद की ढलाई के लिए पहली कड़ाही की बोली लगाई गई। जिसमें अख्तर अंसारी ने पहली कड़ाही की बोली 25 हजार रुपए लगाई। दूसरी कड़ाई की बोली मो लईक आलम ने 21 हजार रुपए, तीसरी कड़ाही की बोली बेलाल अंसारी ने 20 हजार रुपए और शहनाज बेगम ने चौथी कड़ाही की बोली 11 हजार रुपए लगाई। इसके अलावे दर्जनों महिला पुरुषों ने तामीर ए मस्जिद में इमदाद किया। मौके पर इस्माइल अंसारी, मुजीबुर्रहमान, सज्जाद अंसारी, सगीर अंसारी, हाजी अब्बास अंसारी, हाजी हेदायत अंसारी, सनौवर अंसारी, तनवीर आलम, इबरार अंसारी, इमरान राय, बाबु अंसारी, अख्तर अंसारी, इम्तियाज अंसारी सहित सैकड़ों उपस्थित थे।

आस्था

## वृंदावन की लाडली शरण के प्रवचन में मन्त्रमुग्ध हुए लोग

# श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ

एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर दर्शक दीर्घा को झूमने पर मजबूर कर दिया

विदुषी लाडली शरण के द्वारा राम चरित्र मानस कथा प्रवचन किया



राष्ट्रीय खबर

**कुजू** : कुंदरियाबांध में आयोजित श्री हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ के अवसर पर धार्मिक आस्था को बढ़ावा देते हुए वृंदावन की विदुषी लाडली शरण व महंत सीताराम शरण के द्वारा प्रवचन व भजन का कार्यक्रम किया गया । विदुषी लाडली शरण के द्वारा राम चरित्र मानस कथा प्रवचन किया। वही महंत सीताराम शरण और उनके सहयोगियो के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर दर्शक दीर्घा को झूमने पर मजबूर कर दिया उससे पूर्व यजमान महिंद्र प्रसाद मेहता ननकी देवी, चिंतामणि महतो झुनवा देवी, मनोज कुमार साहू सरिता देवी लखन साव जिरवा देवी बबलू गुप्ता प्रमिला देवी और कमेटी के सदस्यों के द्वारा फूल माला पहनाकर विदुषी लाडली शरण व महंत सीताराम शरण और उनके सहयोगियों का भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात भगवान कीआरती की गई।

इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष विनोद कुमार मेहता सचिव आशीष मुखर्जी संरक्षक जय कुमार ओझा सुभाष कुमार अरविंद प्रसाद साहू शिवा मेहता अमित केशरी, राजेश कुमार पांडे, पप्पू गुप्ता, पंकज गुप्ता, विनय अग्रवाल, अजीत अग्रवाल, संजय सावअनिल मेहता, छवि भुइया, टिंकू भुइया, अमित पांडे, विक्रम ठाकुर, सूरज गुप्ता, अजय साहू, राहुल मेहता सहित कमेटी के सदस्यों सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।

### फुसरो नगर परिषद के मनमानी के खिलाफ 28 जून को होगा आंदोलन: कृष्ण कुमार

**बेरमो** : नगर परिषद फुसरो के द्वारा शहरी जलापूर्ति योजना के तहत आम आदमी को मिलने वाले पानी पर भारी कनेक्शन चार्ज लगने एव मनमानी होल्डिंग टेक्स के लागू करने के खिलाफ करगली बाजार की महिलाओं ने कहा कि नगर परिषद फुसरो के मनमानी के खिलाफ नही चलेगी। हमलोग भी घरो से निकल कर नगर परिषद कि घेराव करेंगे। जब अन्य नगर परिषद मे फ्री पानी का कनेक्शन केवल आधार कार्ड लेकर दिया जा रहा है तो नगर परिषद फुसरो क्या सोचकर इतना भारी चार्ज लगाया। सभी उपस्थित लोगो ने कहा युवा व्सायी संघ फुसरो के द्वारा होने जा रहे आंदोलन 28 जून को बढ़चढ़कर शामिल होगे। युवा व्यवसायी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष कृष्ण कुमार, युवा व्यवसायी संघ के महासचिव मोहम्मद कलाम खान, यंग बल्ड के केन्द्रीय अध्यक्ष मोहम्मद जावेद खान ,सहित मोहम्मद फारूक, मोहम्मद मुश्ताक, हाजी अलाउद्दीन, मोहम्मद रहमान,आदि अपस्थित थे।

### स्वच्छता पखवाड़ा के तहत अधिकारियों ने सफाई के लिए लोगों को किया प्रेरित



**गिद्दी** : सीसीएल के द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सिरका शनिचर बाजार, दामोदर नद तटों के किनारे व अन्य जगहों पर साफ सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान जीएम सुधांशु कुमार पांडे के मार्गदर्शन पर अमला अधिकारी फैयाज उल हक व अधिकारियों के द्वारा कुंओ में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और झाड़ू लगाकर सफाई के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। बताया गया कि सफाई से लोग कॉलोनी क्षेत्रों में निरोगी स्वस्थ रह सकते हैं। मौके पर सीएसआर अधिकारी मनीष कुमार अंबष्टा, एमटीसीडी रजत जयसवाल, कर्मचारी दुर्गेश सिंह समेत कई कामगार उपस्थित थे।

### प्रकाश कुमार सिंह ने मारूति सुजुकी के चेयरमैन से मुलाकात किया



**बेरमो** : भाजपा नेता एवं शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह ने आज दिल्ली में भारत की सबसे बड़ी ऑटोमोबाइल निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी के चेयरमैन आर.सी. भार्गव से मुलाकात किया। इस दौरान दोनों के बीच कई मसलों पर विचार-विमर्श हुआ। इस मुलाकात के दौरान प्रकाश कुमार सिंह ने संपर्क से समर्थन अभियान के के अंतर्गत भाजपा की ओर से प्रकाशित किताब भी आर.सी.भार्गव को भेंट किया। मारुति सुजुकी भारतीय बाजार के लिए अत्यधिक विश्वसनीय, कम रखरखाव वाली कारें बनाने के लिए जानी जाती है।

### खेतको के डॉ सिराज का आकस्मिक निधन पर गांव में शौक की लहर

**बेरमो /खेतको** : पेटरवार प्रखंड के खेतको पंचायत के दरगाह टोला निवासी पत्रकार अमीर राजन के पिता एमबीबीएस डॉ सिराज अंसारी(58) का बीते रात्रि लगभग 10 बजे आकस्मिक निधन हो गयी। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। उनके निधन की खबर सुनते ही खेतको गांव में शोक की लहर फैल गयी।बताया जाता है कि डॉ सिराज कुछ दिनों से बीमार से ग्रस्त थे और आज उन्होंने अपने ही निवास स्थान में अंतिम सांस ली। गांव में एक सेवादार के रुप मे फिजिशियन डॉक्टर थे। वे कई तरह के बीमारियों को उपचार किया करते थे। पिछले कोरोना काल के समय मे खेतको सहित आसपास के गांवों के लोगो को अपने ही क्लिनिक में सैकड़ो लोगो को निडर होकर इलाज कर जाने बचाये। उनकी मृत्यु खेतको गांव के लिए अपूरणीय क्षति बताई जातीी है जिसकी पूर्ति संभव नहीी है। मृतक डॉ सिराज अपने पीछे धर्मपत्नी इकलौता पुत्र एवं दो पुत्री को छोड़ गये है। इस शोक की घड़ी में पंचायत के मुखिया अनवरी खातून, प्रखंड कॉग्रेस अध्यक्ष शब्बीर अंसारी, भाकपा के नेता आफताब आलम, पेटरवार प्रखंड झामुमो उपाध्यक्ष आसिफ अंसारी, पंसस जाफर अली, तानवीरुल कमर, मुख्तार अंसारी, रफीक अंसारी,सद्दाम हुसैन, शाबा अंसारी, जाकिर अंसारी, सदर गुलाम ख्वाजा,सेकेट्री परवेज आलम ने परिवार वालो के हिम्मत दिये।सैकड़ो लोग जनाजे में शरीक हुए और शव को खेतको कब्रिस्तान में दफनाया गया।

### केंद्रीय अस्पताल ढोरी से आपातकालीन मरीजों को रेफेर की व्यवस्था : विकास



**बेरमो** : एचएमएस से संबद्ध जमसं के साथ सीसीएल मुख्यालय रांची की बैठक मे यूनियन नेता कमलेश सिंह और ओमप्रकाश सिंह उर्फ टीनू सिंह और सीसीएल के कार्मिक निदेशक हर्ष नाथ मिश्रा के साथ बैठक सहमति बनी थी। यूनियन के सभी क्षेत्रो के अध्यक्ष एवं सचिव मौजूद थे। उक्त जानकारी ढोरी क्षेत्रीय सचिव विकास कुमार सिंह ने दी।

### फुसरो मे मां विपदतारिणी की पूजा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**बेरमो** : परिवार की मंगल कामना के लिए फुसरो बैंक मोड़ स्थित दुर्गा मंदिर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मंगलवार को मां विपदतारिणी की पूजा-अर्चना की। महिलाएं सुबह से ही मंदिर में कतारबद्ध होकर पूजा-अर्चना कर अपने परिवार की सुख, शांति व सुरक्षा की कामना की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां विपदतारिणी के जयकारे भी लगाए। जय मां विपदतारिणी के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा। पूजा के बाद मंदिर में सुहागिन महिलाएं एक दूसरे को सिंदूर लगाकर मां का आशीर्वाद लिया। इस पूजा में बंगाली समाज के लोग बढ़ चढ़कर भाग लिया। मंदिर में पूजा करने के लिए फुसरो, करगली, ढोरी खास, शारदा कॉलोनी, गोरांग कॉलोनी, सेंट्रल कॉलोनी, मकोली, तुरियो आदि जगहों के श्रद्धालु शामिल हुए। बताया जाता है कि मां विपदतारिणी की पूजा रथ यात्रा के बाद शनिवार व मंगलवार को होती है। पुजारी हराधन पंडित ने बताया कि इस पूजा में ऐसी मान्यता है कि परिवार में आने वाले हर संकट को मां विपदतारिणी टाल देती हैं। मां हर विपत्ति से रक्षा करती है। इसलिए मां विपदतारिणी को संतुष्ट करने के लिए महिलाएं उपवास रखकर 13 तरह के फल, फूल, मिष्ठान आदि का चढ़ावा चढ़ाकर पूजा-अर्चना करती हैं। वहीं, रक्षा सूत्र के रुप में लाल रंग के धागे को मंदिर में पूजा कराने के परिवार के सभी सदस्य को बांह में बांधा जाता है।

संपादकीय

# अभी पारदर्शिता की याद क्यों आयी सेबी को

भारतीय विनिमय एवं प्रतिभूति बोर्ड (सेबी) ने लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस ऐंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स (एलओडीआर) में संशोधन तथा कई अहम बदलावों के जरिये सूचीबद्ध शेयरों के लिए पारदर्शिता एवं कॉर्पोरेट संचालन के ऊंचे मानक तय कर दिए हैं। इनकी बदौलत जहां कंपनियों की पारदर्शिता तथा प्रकटीकरण में सुधार आएगा तथा अल्पांश हिस्सेदारों के संरक्षण में मदद मिलेगी, वहीं कुछ ऐसे भी प्रावधान हैं जिन पर व्यवहार में अमल काफी मुश्किल हो सकता है। लेकिन असली सवाल यह है कि अचानक सेबी को ऐसा करने की जरूरत क्यों पड़ी। अडाणी समूह पर जारी जांच के बीच ही वे प्रश्न अनुत्तरित ही रह गये हैं, जो इस प्रतिष्ठान से पूछे गये थे। सेबी बोर्ड में अडाणी के रिश्तेदार का मामला भी अब तक अनसुलझा ही है। नई जानकारी यह आयी है कि अब अडाणी के शेयरों के मामले में अमेरिका में भी जांच हो रही है। जिस खबर की वजह से अडाणी के शेयरों के दाम गिर गये थे। अब सेबी ने कहा है कि सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा मीडिया कवरेज पर प्रतिक्रिया देना तथा कंपनियों की तीसरे पक्ष



को बिक्री आदि ऐसे ही विषय हैं। समाचार पत्रों को मुख्य धारा के मीडिया के रूप में बहुत व्यापक ढंग से परिभाषित करने और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को आईटी नियमों के तहत ह्यमध्यवर्तीह्नके रूप में उल्लिखित करने के अलावा नियामक ने शीर्ष 100 सूचीबद्ध कंपनियों से कहा है कि वे मीडिया में आने वाली किसी भी अफवाह या सूचना की 24 घंटे के भीतर या तो पुष्टि करें, उससे इनकार करें या फिर उसे लेकर स्पष्टीकरण दें। यह प्रावधान आगामी 1 अक्टूबर से लागू हो जाएगा। अगले वित्त वर्ष यानी 2024-25 के आरंभ में इसे 250 कंपनियों तक बढ़ाया जाएगा। इससे अनुपालन का बोझ बढ़ेगा। कंपनियों को सोशल मीडिया,प्रिंट मीडिया और टेलीविजन पर अपने उल्लेख पर नजर रखने के लिए निगरानी प्रणाली तैयार करनी होगी और उसे लेकर समय रहते प्रतिक्रिया देनी होगी। व्यवहार में इस प्रावधान का पूर्ण अनुपालन लगभग असंभव है क्योंकि ऐसे मंचों पर भी कंपनियों का उल्लेख हो सकता है जिनकी जानकारी ही न हो पाए या फिर अज्ञात इन्फ्लुएंसर ऐसा कर सकते हैं जिनकी निगरानी कर पाना मुश्किल होगा। इस प्रावधान के कुछ हिस्से तथा अन्य बदलाव संचालन को सख्त बनाएंगे। उदाहरण के लिए प्रमुख प्रबंधकीय पदों पर भर्ती के लिए समय सीमा को छह महीने की तुलना में कम करके तीन महीने कर दिया गया है। इसके अलावा ऐसी नियुक्तियां अंतरिम भी नहीं हो सकतीं। जिन निदेशकों की पुनर्नियुक्ति की जा रही है उनकी नियुक्ति को कम से कम पांच वर्ष में एक बार अंशधारकों के वोट से पुष्ट किया जाना चाहिए। किसी सूचीबद्ध कंपनी द्वारा बिक्री करने या अंडरटेकिंग के हस्तांतरण की स्थिति में अल्पांश हिस्सेदारों को भी अपनी बात रखने का हक होगा। इसकी व्यवस्था ऐसे लेनदेन के लिए बने नए मेजोरिटी ऑफ माइनॉरिटी के नियम में की गई है। इसका अर्थ यह हुआ कि सार्वजनिक अंशधारकों में से अधिकांश का लेनदेन के पक्ष में मतदान करना जरूरी होगा। इसके अलावा आम सभा में एक विशेष प्रस्ताव पारित करना होगा तथा ऐसी बिक्री, निस्तारण या लीज के लिए उचित वजह का खुलासा अंशधारकों के समक्ष करना होगा। इससे अल्पांश अंशधारकों के हितों की रक्षा होती है लेकिन इससे सौदे पूरे करने की प्रक्रिया भी जटिल होगी। सेबी ने घटनाओं और लेनदेन की अहमियत के निर्धारण के लिए मात्रात्मक सीमा पेश की है। यदि कोई घटना या सूचना कुल कारोबार या विशुद्ध मूल्य के दो फीसदी के बराबर का प्रभावी मूल्य रखती है या कर पश्चात औसत मुनाफे या नुकसान के 5 फीसदी के बराबर मूल्य रखता है तो इसे महत्त्वपूर्ण माना जाएगा। ऐसी घटनाओं और प्रवर्तकों तथा संबंधित पक्षों की भागीदारी वाले समझौतों में कुछ तो वस्तुपरकता बाकी रहेगी। नियामक ने किसी निदेशक या वरिष्ठ प्रबंधन के स्तर पर धोखाधड़ी या देनदारी में चूक के मामले में तथा साइबर सुरक्षा में खामी अथवा अहम प्रबंधकीय व्यक्ति को प्रभावित करने वाले नियामकीय कदम को लेकर भी प्रकटीकरण बढ़ा दिया है। निश्चित तौर पर कंपनियों को हर प्रकार के संचार का प्रकटीकरण करना चाहिए। सेबी का दावा है कि इससे पारदर्शिता बढ़ाने में मदद मिलती है। मोटे तौर पर ये संशोधन कॉर्पोरेट संचालन में सख्ती और प्रकटीकरण में पारदर्शिता लाएंगे। बहरहाल, नियामक को मीडिया में आने वाली अफवाहों पर प्रतिक्रिया संबंधी निदेर्शों की समीक्षा करनी चाहिए। उसके महत्त्वपूर्ण प्रभाव की परिभाषा को भी दुरुस्त करने की आवश्यकता पड़ सकती है। यह बातें व्यवहार में सही प्रतीत होती है लेकिन जिस समय में ऐसी जानकारी सार्वजनिक हुई है, उसे लेकर इसकी मंशा पर संदेह होना स्वाभाविक है। दरअसल अडाणी का मुद्दा ऐसा पेंच है, जिसे केंद्र सरकार ने ही उलझा दिया है। अब उस मामले में भी सेबी का अदालत को दिया गया बयान भी अडाणी और उनके समर्थकों की तरफ से दूसरे ढंग से परिभाषित करने की कोशिश हुई थी। ऐसे में संदेह स्वाभाविक है।

# चिंतनीय देश से डॉक्टरों का ब्रेन ड्रेन

देश से डॉक्टरों का ब्रेन ड्रेन यानी प्रतिभा पलायन इस मायने में महत्वपूर्ण और गंभीर हो जाता है कि देश में चिकित्सकों की आज भी बेहद कमी का सामना करना पड़ रहा है। देश के करीब 75 हजार डॉक्टर्स ओईसीडी यानी कि आर्थिक सहयोग व विकास संगठन से जुड़े देशों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ताजातरीन उदाहरण देश के सबसे बड़े दिल्ली के एम्स का ही देखा जा सकता है जहां पिछले दस माह में 7 विशेषज्ञ डाक्टरों ने किसी ना किसी कारण से सेवाएं देना बंद कर दिया है। आज दस हजार से अधिक लोगों को प्रतिदिन सेवाएं देने वाले एम्स में ही 200 डाक्टर्स की कमी चल रही है। यह तो एक मिसाल मात्र है। इसमें कोई दो राय नहीं कि हमारे चिकित्सकों की काबिलियत और विशेषज्ञता के कारण ही विदेशों में अपनी पहचान बनाए हुए हैं और एक मोटे अनुमान के अनुसार ओईसीडी देशों में रह रहे 75 हजार डॉक्टरों में से करीब दो तिहाई डॉक्टर्स तो अमेरिका में ही अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह तो मानना पड़ेगा कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है पर अभी बहुत कुछ किया जाना है। कोविड के दौरान तो दुनिया में श्रेष्ठतम कार्य करने के बावजूद हमारी स्वास्थ्य सेवाओं की पोल खुलकर रह गई। हांलाकि दुनिया में सबसे अधिक डॉक्टरों के ब्रेन ड्रेन वाला करीब एक लाख 25 हजार का देश ग्रेनेडा के दस हजार डॉक्टर विदेशों में पलायन के बावजूद कोरोना ने हिला कर रख दिया और ग्रेनेडा को अपने चिकित्सकों को विदेशों से वापिस बुलाने तक का निर्णय करना पड़ा। हमारे यहां कोरोना ने स्वास्थ्य सेवाओं को नई जान दी है और सरकारी व गैरसरकारी प्रयासों से अस्पतालों में वेंटिलेटर, ऑक्सिजन कन्स्ट्रेट आदि की जरुरतों को पूरा करने के समग्र और सार्थक प्रयास किए गए पर आज भी प्रशिक्षित मैनपावर की कमी के कारण इन उपकरणों का सही उपयोग नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण ही माना जाएगा। यदि हम ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण करे तो देश में शहरी क्षेत्र में तो कमी है ही पर ग्रामीण क्षेत्र के हालात अधिक ही चिंताजनक है। ग्रामीण स्वास्थ्य सांख्यिकी 2021-22 की माने तो देश में ग्रामीण इलाकों की डिस्पेंसरियों में 81.6 प्रतिषत बाल रोग विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं है। और तो और सामान्य फिजिशियनों की ही बात करें तो ग्रामीण क्षेत्र की डिस्पेंसरियों में 79 प्रतिशत फिजिशियनों की कमी है। 72 प्रतिशत से कुछ अधिक कमी प्रसूति रोग विशेषज्ञों की है। यह तो सरकारी आंकड़ों में दशार्ये गये हालात है। हांलाकि नवीनतम रिपोर्ट में हालात में कुछ सुधार देखने को मिल सकते है पर अधिक सुधार की आशा करना बेमानी होगा। दरअसल हमारे यहां दस हजार की आबादी पर केवल 7 डॉक्टर उपलब्ध है जबकि क्यूबा जैसा देश दुनिया के देशों में मेडिकल चिकित्सकीय सेवा में लीड कर रहा है और वहां दस हजार की आबादी पर 84 डॉक्टर उपलब्ध है, अमेरिका में यह संख्या 35 तो चीन में 23 है।



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
पत्रकार

ब्रेन ड्रेन शब्द सबसे पहली बार विश्वयुद्ध के समय उभर कर आया जब भारतीय इंजीनियर व अन्य विशेषज्ञ अपनी काबिलियत को लोहा मनवाने विदेशों में जाने लगे और वहां अपनी पहचान बनाई। 1950 से 1960 के दशक में यूके, कनाडा और यूएसए में प्रतिभा पलायन का दौर चला और इसे ब्रिटिश रॉयल सोसायटी ने ब्रेन ड्रेन कहा तो अब विदेशों में प्रतिभा पलायन चाहे वह किसी भी देश की हो उसे ब्रेन ड्रेन के नाम से पुकारा जाने लगा है। ब्रेन ड्रेन को एक तरह से अच्छा भी माना जा सकता है क्योंकि हमारी प्रतिभा को वहां स्थान मिल रहा हैं पर जब तक घर के हालात तंदुरुस्त नहीं हो तब तक इसे ज्यादा अच्छा नहीं कहा जा सकता। वैसे भी हमारे यहां से ही नहीं अपितु दुनिया के लगभग अधिकांश देशों से प्रतिभाएं किसी ना किसी कारण से पलायन करती है। विदेशों में प्रतिभा पलायन को ही ब्रेन ड्रेन कहा जाने लगा है। हांलाकि अब ब्रेन ड्रेन को ब्रेन गेन कह कर भी पुकारा जाने लगा है तो दूसरी और रिवर्स ब्रेन ड्रेन भी होने लगा है। सवाल यह है कि देश में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और डॉक्टरों की जरुरतों को देश में पूरा करना समय की मांग है। आज हम देश में आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं उसके बादजूद ग्रामीण हलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति खासतौर से चिकित्सकों और पेरामेडिकल स्टॉफ की कमी निश्चित रुप से चिंता का विषय है। खासतौर से कोरोना के बाद तो सरकार को और अधिक गंभीर होने की आवश्यकता हो जाती है। दरअसल विदेशों जैसी सुविधाएं हमारे डॉक्टरों को मिलने लगे तो उनके विदेश जाने के मोह को कुछ हद तक कम किया जा सकता है। लाख सरकारी दावों के बावजूद अन्य देशों की तुलना में स्वास्थ्य सेवाओं पर जीडीपी की तुलना में हमारे देश में 3 प्रतिशत से कुछ अधिक ही खर्च किया जा रहा है जबकि यूएसए में जीडीपी का स्वास्थ्य पर खर्च 18 प्रतिशत से भी अधिक है तो क्यूबा में 11 प्रतिशत, जापान में 10 से अधिक ही व्यय किया जा रहा है।

दरअसल देश में निर्धारित अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार प्रति दस हजार की आबादी पर चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में लंबा समय लगेगा। हांलाकि पिछले सालों में देश में चिकित्सा सेवाओं का विस्तार हुआ हैं। नए एम्स खोले जा रहे हैं तो शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में अस्पताल खुल रहे हैं। राजस्थान सरकार राइट टू हेल्थ लाई है। मौहल्ला डिस्पेंसरियां खोली जा रही है। पर यह साफ है कि देष में यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज यानी कि सभी देशवासियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाओं तक पहुंच अभी दूर की बात है। इसी साल देश में 50 नए मेडिकल कालेज खोलने का निर्णय किया गया है। इन्हें मिलाकर देश में 702 मेडिकल कालेज हो गए हैं तो अब देश में मेडिकल कालेजों में एमबीबीएस के अध्ययन की सीटें भी बढ़कर एक लाख 7 हजार से अधिक हो गई है। इसका सीधा सीधा अर्थ यह हो गया है कि कुछ साल बाद हमें एक लाख डॉक्टर्स प्रतिवर्ष मिलने लगेंगे तो विदेशों से अध्ययन कर लौटने वाले भी कुछ डाक्टर्स होंगे। इस तरह से नए डाक्टर्स आने लगेंगे तो हालात में सुधार होगा।

सवाल अभी भी कायम है कि चिकित्सकों के ब्रेन ड्रेन को रोकने के लिए भी सरकार को ठोस प्रयास करने होंगे। डॉक्टर्स की सेवा शर्तों में सुधार के साथ ही इस क्षेत्र में निजी और सरकारी दोनों ही क्षेत्रों में निवेश को बढ़ावा देना होगा। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना होगा। आज भी चिकित्सा क्षेत्र में निवेश की जो तस्वीर देखने को मिल रही है वह यही है कि करीब 90 फीसदी निवेश निजी क्षेत्र में आ रहा है। लाख टके का सवाल है कि लाख सरकारी व्यवस्थाओं के बावजूद निजी चिकित्सालयों तक अधिकांश लोगों की पहुंच लगभग नहीं के बराबर ही है और आने वाले समय में कोई बड़ा बदलाव होगा यह लगता भी नहीं है।

हमारे लिए एक अच्छी बात यह है कि देश में मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा मिलने लगा है। देश के नामी गिरामी अस्पतालों की साख व अपनी पहचान का ही कारण है कि विदेशी यहां ईलाज के लिए आने लगे हैं। इससे मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में हमारी पहचान बनने लगी है। अब यदि विदेशों में बेहतर सुविधाओं और नाम कमाने के लिए युवा डॉक्टर्स पलायन का रास्ता अपनाते हैं तो इसे रोकने के भी प्रयास करने होंगे। कहा जा सकता है कि इतने बड़े देश से 75 हजार डॉक्टर्स ब्रेन ड्रेन पर चले भी जाते हैं तो क्या फर्क पड़ने वाला है।

नजरिया

# भारत का सबसे स्वच्छ व आदर्श गांव मावल्यान्नॉग

पिछले दिनों देश के पुर्वोत्तरीय पहाड़ी राज्य मेघालय में भारत-बांग्लादेश सीमा के निकट स्थित गांव मावल्यान्नॉग जाने का अवसर मिला । असम की राजधानी गुवाहाटी से 172 किलोमीटर की दूरी पर तथा मेघालय की राजधानी शिलांग से 90 किलोमीटर की दूरी पर भारत-बांग्लादेश सीमा के निकट मेघालय राज्य के खासी हिल्स जिले के इस गांव को वर्ष 2003 में ट्रेवल पत्रिका डिस्कवर इंडिया ने एशिया का और वर्ष 2005 में भारत का सबसे स्वच्छ गांव घोषित किया था । आज भी इस गांव की स्वच्छता को देखने के लिये यहां पर्यटकों का तांता लगा रहता है। मावल्यान्नॉग गांव की विश्वव्यापी पहचान इसकी स्वच्छता के कारण ही है। यहाँ हर घर के बाहर व आगे पीछे डस्टबीन रखी होती है। उन्हीं कूड़ेदानों में कूड़ा करकट इकठ्ठा कर उसे एक गड्ढे में डाला जाता है और उसकी खाद तैयार की जाती है। और यही खाद गांव के पेड़ों व बगीचों में प्रयोग में लाई जाती है। प्लास्टिक का उपयोग इस गांव में पूर्णतयः वर्जित है। यहां प्रायः बांस की बनी हुई डस्टबिन का प्रयोग किया जाता है। इस गांव में स्थानीय लोगों द्वारा कपड़ों से बने थैलों का इस्तेमाल किया जाता है। यहां के बच्चों को भी साफ -सफाई विरासत में मिली है अतः वे भी स्वयं को भी स्वच्छ रखते हैं और गांव की स्वच्छता के प्रति भी सजग रहते हैं। इस गांव के प्रत्येक परिवार सभी सदस्य गांव के सामूहिक सफाई अभियान में प्रतिदिन हिस्सा लेते हैं। कहा तो यह भी जाता है कि यदि कोई व्यक्ति इस अभियान में शरीक नहीं होता है तो उसे उस दिन घर में खाना नहीं दिया जाता । यहां अपने सभी पालतू जानवरों को अपने घरों में ही रखा जाता है। इस गांव को गॉड्स ओन गॉर्डन के नाम से भी पुकारा जाता है। मावल्यान्नॉग गांव शत प्रतिशत साक्षरता वाला गांव भी है। ।



तनवीर जाफरी
पत्रकार

**यहां अपने सभी पालतू जानवरों को अपने घरों में ही रखा जाता है। इस गांव को गॉड्स ओन गॉर्डन के नाम से भी पुकारा जाता है। मावल्यान्नॉग गांव शत प्रतिशत साक्षरता वाला गांव भी है।**

यहाँ रहने वाले अधिकतर लोग खासी समुदाय के हैं। ये गांव महिला सशक्तिकरण की मिसाल भी पेश करता है। यहां पर खासी समुदाय की परम्परानुसार बच्चों को पिता नहीं बल्कि मां का सरनेम मिलता है। पैतृक संपत्ति भी मां द्वारा घर की सबसे छोटी बेटी को दी जाती है। पर्यटकों की लगातार आवाजाही के चलते गांव के अनेक घरों में 'होम स्टे ' की व्यवस्था सामान्य शुल्क पर उपलब्ध है। यहां लोगों के लिये सार्वजनिक निदेर्शावली बोर्ड पर अंकित है जिसमें कई निर्देश दिए गये हैं। जैसे- खुले स्थान पर मल मूत्र विसर्जन नहीं कर सकते। केवल सार्वजनिक जन सुविधा केंद्र का प्रयोग करें। अन्यथा 500 जुमार्ना देना होगा। गांव क्षेत्र में पार्किंग से लेकर किसी भी जगह पर सड़क पर कूड़ा करकट फेंकना सख़्त मना है। केवल डस्टबिन का उपयोग करें। प्लास्टिक के बैग,चिप्स पैकेट,प्लेट या कप आदि कोई भी वस्तु न तो बैग में डालें न सड़क पर फेकें बल्कि इसे अपने साथ वापस ले जायें। किसी नशेड़ी,शराबी या अशिष्ट व गाली गलौच करने या अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति को गांव में सहन नहीं किया जायेगा। गांव में फल फूल पौधे तोड़ना वर्जित है। आदि। यहां धूम्रपान भी प्रतिबंधित है।

बांग्लादेश का सीमावर्ती यह गांव अपने प्राकृतिक सौन्दर्य के अतिरिक्त झरना, ट्रेक, लिविंग, तथा डॉकी नदी के लिए भी प्रसिद्ध है। मावल्यान्नॉग के करीब ही हजारों वर्ष पुराना एक प्राकृतिक 'रुट ब्रिज' भी है। एक झरने के आर पार के दो अति प्राचीन पेड़ों की जड़ों ने आपस में मिलकर प्रकृतिक रूप से यह पुल बनाया है जिसे देखने के लिये बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं।

# बन्दर और मगरमच्छ

प्रेरक-प्रसंग



एक नदी के किनारे एक जामुन के पेड़ पर एक बन्दर रहता था जिसकी मित्रता उस नदी में रहने वाले मगरमच्छ के साथ हो गयी ।वह बन्दर उस मगरमच्छ को भी खाने के लिए जामुन देता रहता था ।एकदिन उस मगरमच्छ ने कुछ जामुन अपनी पत्नी को भी खिलाये। स्वादिष्ट जामुन खाने के बाद उसने यह सोचकर कि रोजाना ऐसे मीठे फल खाने वाले का दिल भी खूब मीठा होगा ;अपने पति से उस बन्दर का दिल लाने की जिद्द की।।।।पत्नी के हाथों मजबूर हुए मगरमच्छ ने भी एक चाल चली और बन्दर से कहा कि उसकी भाभी उसे मिलना चाहती है इसलिए वह उसकी पीठ पर बैठ जाये ताकि सुरक्षित उसके घर पहुँच जाए ।बन्दर भी अपने मित्र की बात का भरोसा कर, पेड़ से नदी में कूदा और उसकी पीठ पर सवार हो गया ।जब वे नदी के बीचों-बीच पहुंचे ; मगरमच्छ ने सोचा कि अब बन्दर को सही बात बताने में कोई हानि नहीं और उसने भेद खोल दिया कि उसकी पत्नी उसका दिल खाना चाहती है ।बन्दर को धक्का तो लगा लेकिन उसने अपना धैर्य नहीं खोया और तपाक से बोला

ओह, तुमने, यह बात मुझे पहले क्यों नहीं बताई क्योंकि मैंने तो अपना दिल जामुन के पेड़ की खोखल में सम्भाल कर रखा है ।अब जल्दी से मुझे वापस नदी के किनारे ले चलो ताकि मैं अपना दिल लाकर अपनी भाभी को उपहार में देकर; उसे खुश कर सकूं ।

मूर्ख मगरमच्छ बन्दर को जैसे ही नदी-किनारे ले कर आया ;बन्दर ने जोर से जामुन के पेड़ पर छलांग लगाई और क्रोध में भरकर बोला ह्यअरे मूर्ख ,दिल के बिना भी क्या कोई जिन्दा रह सकता है ? जा, आज से तेरी-मेरी दोस्ती समाप्त ।ह्व

मित्रो ,बचपन में पढ़ी यह कहानी आज भी मुसीबत के क्षणों में धैर्य रखने की प्रेरणा देती है ताकि हम कठिन समय का डट कर मुकाबला कर सकें। दूसरे, मित्रता का सदैव सम्मान करें।

जानकारी

# श्री यंत्र टापू



श्रीयंत्र शहर अपने नाम की तरह ही काफी अनोखी जगह है। यह अलकनंदा के बीच का काफी छोटा एरिया है। यह अपने आप में एक छोटा द्वीप लगता है। कहा जाता है कि यह जगह दिव्य ऊर्जा से भरी हुई है। साथ ही यह श्रीनगर का सबसे अहम धार्मिक स्थान माना जाता है। पौराणिक और दैवीय महत्व के अलावा श्रीयंत्र टापू चारों तरफ से नदी के साफ पानी से घिरी हुई है।

## उत्तराखंड से श्रीनर

श्रीनगर के सबसे पास कोटद्वार और ऋषिकेष रेलवे स्टेशन हैं। हालांकि यहां पर ज्यादा ट्रेन नहीं रुकती हैं। श्रीनगर के पास हरिद्वार रेलवे स्टेशन है। बता दें यह शहर से तकरीबन 130 किमी दूर है। हरिद्वार या ऋषिकेश से श्रीनगर जाने के लिए आपको कई बसें मिल जाएंगी।

श्रीनगर का सबसे पास का हवाई अड्डा देहरादून जॉली ग्रांट एयरपोर्ट है। यह शहर से तकरीबन 150 किमी दूर स्थित है।

# वनप्लस नॉर्ड और बड्स इस दिन होंगे लॉन्च



नई दिल्ली: वनप्लस (OnePlus) ने उसके नए स्मार्टफोन्स और ईयरबड्स के लॉन्च इवेंट का ऐलान कर दिया है। जैसाकि कहा जा रहा था कंपनी अपने तमाम गैजेट्स को इस 5 जुलाई को पेश करेगी। इवेंट की शुरूआत भारतीय समय के अनुसार शाम 7 बजे से होगी। एक ट्वीट में वनप्लस ने बताया है कि लॉन्च इवेंट में OnePlus Nord 3 5G, Nord CE 3 5G स्मार्टफोन्स के साथ Nord Buds 2r को पेश किया जाएगा। इस इवेंट को वनप्लस नॉर्ड समर इवेंट नाम दिया गया है।

इवेंट की घोषणा के साथ ही वनप्लस के नए प्रोडक्ट्स के बारे में भी जानकारी सामने आई है। जो ट्वीट किया गया है, उसमें वनप्लस नॉर्ड 3 5जी और नॉर्ड सीई 3 5जी के बैक पैनल पर दो रिंग दिखाई देती हैं। इनमें तीन कैमरा सेंसर मौजूद हैं। Nord 3 5G में IR ब्लास्टर मिलने की उम्मीद भी की जा रही है। ये स्मार्टफोन ग्रे, मिस्टी और एक्वा सर्ज कलर ऑप्शंस में आ सकते हैं।

बात करें OnePlus Nord Buds 2r की, तो कंपनी कन्फर्म कर चुके हैं कि उसके नए ईयरबड्स डीप ग्रे और ट्रिपल ब्लू कलर्स में आएंगे। इन्हें 2 से 3 हजार रुपये की प्राइस रेंज में लॉन्च किया जा सकता है। यह वनप्लस फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं होगा। बताया जाता है कि OnePlus Nord Buds 2R में बेसवेव एल्गोरिदम दिया जाएगा, जिसका मकसद ओरिजनल ऑडियो क्वॉलिटी को बनाए रखना और अच्छा बेस ऑफर करना है। इसमें डायनैमिक बेस इन्हैन्समेंट फीचर भी दिया गया है, जो बेस पिचों को पूरा करता है।

साइबर दुनिया

OnePlus Nord 3 5G, Nord CE 3 5G और Nord Buds 2r को एमेजॉन, वनप्लस इंडिया की वेबसाइट से खरीदा जा सकेगा। टिप्सटर अभिषेक यादव ने अपने एक ट्वीट में दावा किया है कि नॉर्ड 3 स्मार्टफोन भारत में 2 रैम और स्टोरेज ऑप्शन में आएगा।

टॉप ट्वीट



" मुस्लिम समाज समझे कि सामान्य नागरिक संहिता को लेकर कौन से राजनीतिक दल उन्हें भड़का रहे हैं और कुछ लोग ऐसे हैं, जो मुस्लिम बेटियों पर तीन तलाक का फंदा लटका कर उन पर अत्याचार की खुली छूट चाहते हैं। "

नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री



"क्या होगा जब फिर से मिलेंगे स्त्री और पुरुष।' फिल्म स्त्री 2 में राजकुमार और श्रद्धा के अलावा पंकज त्रिपाठी और अभिषेक बनर्जी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। स्त्री 2, 31 अगस्त, 2024 को रिलीज होगी।"

राजकुमार राव
बॉलिवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

## राजस्थान की राजनीति में ठंडे पानी मे आया उबाल

राजस्थान विधानसभा चुनाव की तिथि ज्यो ज्यो नजदीक आती जा रही है ।राजस्थान में पार्टियो की बयानबाजी भी तेज होती दिख रही है ।राजस्थान में सतारूढ़ कांग्रेस लोककल्याणकारी योजनाओं की घोषणाओं पर चुटकी ले रही है ।कांग्रेस विधानसभा चुनाव में रिपिट थ्योरी की मेहनत करके हर गांव मोहल्ले के लोगो की कुशलक्षेम पूँछकर योजनाओ का लाभ लेने का आग्रह कर रही है ।वही भाजपा कांग्रेस के भ्रष्टाचार की पोलखोल अभियान चला रही है। भाजपा कांग्रेस पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रही है ।यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल और प्रतापसिह खाचरियावास के बीच तीखी बयानबाजी को लेकर प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा ने आपत्ति जताई ।राजस्थान की सियासत में उबाल देखा जा रहा है ।खाचरियावास ने कहा कि धारीवाल पर अनुशासनहीनता का नोटिस दिया गया है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत ने कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि कांग्रेस सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है ।राजस्थान में एक दूसरे दल आरोप प्रत्यारोप पर मन की ज्वाला शांत कर रहे है ।चुनाव नजदीक आते ही नेताओ के तेवर तीखे हो जाते है ।सतारूढ़ सरकार पर यह भी आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस के राज में अपराधी बेखौफ है और लूट,चोरी,हत्या और बलात्कार जैसी घटनाओं को अंजाम दे रहे है ।केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री खुद अपने विधायको पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते है ।जिनके भाई पर भ्रष्टाचार का आरोप लगे है ।ऐसी सरकार को जनता रिपिट करने की कोशिश नही करेगी ।सियासी घमासान में एक दूसरे दल आरोप लगाकर जनता को रिझाने मैदान में है ।इंदिरा गांधी ने आपातकाल लगाया लेकिन आज दिन तक कांग्रेस में परिवर्तन नही हुआ।

कांतिलाल मांडोत

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

# दमन करने के लिये लगाया गया था आपातकाल



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** काला कानून या आपातकाल 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी की केंद्र सरकार द्वारा लगाया जाए 21 महीने का आपातकाल विषय पर चेंबर के सदस्यों के बीच एक संगोष्ठी हुई चेंबर के सचिव राकेश ठाकुर ने इसे काला कानून बताया साथ ही उक्त काल को विरोधियों का दमन एवं लोकतंत्र के चौथे स्तंभ समाचार एवं मीडिया का मुंह बंद करने वाला बताया उपाध्यक्ष सुबोध अग्रवाल ने व्यवसायियों पर किए गए उत्पीड़न और दमन की चर्चा कर इसे लोकतंत्र की हत्या करने वाला कानून बताया साथ ही यह भी बताया कि चेंबर के वर्तमान अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल भी आपातकाल के समय कई महीनों तक अन्य लोगों के साथ साथ हजारीबाग केंद्रीय कारा में नजरबंद रहे अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने जो हजारीबाग की जन संघर्ष समिति एवं छात्र संघर्ष समिति के संयोजक रहे थे उस वक्त के आंदोलन एवं अपनी जेल यात्रा के दुखद साथ ही सुखद अनुभवों को साझा किया उन्होंने बताया कि यह जेल उस वक्त केंद्रीय कारा हजारीबाग के नाम से जाना जाता था जेल में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेई बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कपूर्री ठाकुर भारतीय जनसंघ के नेता स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र सरीखे अन्य कई नेताओं के साथ बिताए गए लंबे समय के लम्हों के संबंध में विस्तार से चर्चा की लगभग 500 आंदोलनकारियों से जेल भरी पड़ी थी सभी को अकारण जेलों में बंद कर उस समय की इंदिरा सरकार असंवैधानिक रूप से देश पर शासन करना चाह रही थी श्री अग्रवाल ने यह भी बताया कि स्वर्गीय कपूर्री ठाकुर एवं कैलाशपति मिश्र के द्वारा उन्हें हजारीबाग विधानसभा से 1977 एवं 1980 में चुनाव लड़ने का आमंत्रण मिला था लेकिन इस क्षेत्र में रुचि नहीं रहने के कारण आमंत्रण स्वीकार नहीं किया गोष्ठी में उपस्थित अन्य सदस्यों ने भी आपातकाल पर अपने विचार रखें और सभी ने इसे लोकतंत्र के अध्याय में सबसे बड़ा काला कानून की संज्ञा दी साथ ही यह भी कहा गया कि आज सत्ता के लिए सभी विरोधी दल आपातकाल लगाने वाले की गोद में जा बैठे हैं।

स्वागत

## ऐतिहासिक पल के सैकड़ों लोग बने गवाह,खूब रहा उत्साह

# वंदे भारत ट्रेन का वंदे मातरम् के नारों के साथ चरही स्टेशन में हुआ स्वागत



राष्ट्रीय खबर

**चरही :** चरही 12जून को वंदे भारत का ट्रायल होने के बाद से ही लोगों को इस ट्रेन के लिए काफी उत्सुकता थी। आखिरकार वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का मंगलवार को चरही रेलवे स्टेशन पर सैकड़ों लोगों ने वंदे मातरम के नारों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। रेलवे स्टेशन ढोल नगाड़ों की आवाज से गूंज उठा। उत्साह का आलम ये था कि बच्चे, बूढ़े और महिलाएं भी एक घंटे तक ट्रेन का इंतजार करते रहे। जब ट्रेन पहुंची तो हर कोई इस ट्रेन के साथ सेल्फी लेने में लगा था। वंदे भारत के स्वागत के लिए चरही रेलवे स्टेशन को गुब्बारों से सजाया गया था। पूर्व निर्धारित समय के अनुसार 12:20 बजे से पहले ही लोगों का स्टेशन पर जुटने का सिलसिला शुरू हो गया था। स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक एक पर सैंकड़ों की संख्या में लोग वंदे भारत के आने का इंतजार करते रहे, जैसे ही 1 बजे ट्रेन पटरियो पर आती दिखाई दी, लोग हाथों में मोबाइल फोन लिए इस ट्रेन को अपने कैमरे में कैद करने के लिए प्लेटफार्म के किनारे पर खड़े हो गए। उन्हें दूर करने में पुलिस कर्मियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। ट्रेन के रुकते ही मौजूद लोग ट्रेन के पायलट से लेकर यात्रियों तक के साथ सेल्फी लेने लगे। ट्रेन करीब 5 मिनट स्टेशन पर रुकी। इस दौरान मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल चरही सीसीएल प्रबंधक कमलेश कुमार सिन्हा चुरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक चुरचू जिला पार्षद वासुदेव करमाली बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह चोलेस्वर महतो झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला सचिव नीलकंठ महतो इंदरा पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ महतो विधायक प्रतिनिधि अभिजीत सिंह अमित राय बीना मिश्रा रोशनी देवी अल्पसंख्यक विधायक प्रतिनिधि आरिफ अंसारी कपिल देव पटेल विकास सिंह गुलाम रब्बानी संतोष करमाली वीरेंद्र पासवान इंदरा पंचायत समिति वीरेंद्र कुमार आदि ने रेलवे स्टाफ का फूलमालाओं से स्वागत किया।

इस ट्रेन के स्वागत के लिए संत मेरी विद्यालय के 50 से अधिक बच्चे भी पहुंचे थे। बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम कार्यक्रम का आयोजन किया गया था वे हाथों में तख्तियां लिए खड़े थे।12 किमी दूर से ट्रेन देखने आए ग्रामीण तेज गति और आधुनिक सुविधाओं वाली वंदे भारत ट्रेन को देखने के लिए चरही के लोगों के अलावा दूरदराज के ग्रामीण भी स्टेशन पहुंचे थे। चुरचू प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने बताया कि उन्हें मोबाइल पर इस ट्रेन की जानकारी मिली थी।स्टेशन पर ट्रेन देखने के लिए बड़ी संख्या में बच्चे भी पहुंचे थे। रांची से पटना के लिए चलने वाली ट्रेन से आज के व्यस्त जीवन में काफी समय की बचत होगी जो कि इस दूरी को लगभग 6 घंटे में तय करेगी। हालांकि कुछ लोगों का यह भी कहना है ट्रेन का किराया आम आदमी के बजट से थोड़ा अधिक है।

- **ट्रेन को अपने कैमरे में कैद करने के लिए प्लेटफार्म के किनारे पर खड़े हो गए**
- लोगों का यह भी कहना है ट्रेन का किराया आम आदमी के बजट से थोड़ा अधिक है

# मिल-जुलकर कार्य करें कार्यालय कर्मी: सुमन



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** हजारीबाग भारतीय प्रशासनिक सेवा (झा.2010) की श्रीमती सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने मंगलवार, को प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग का पदभार स्वतः ग्रहण किया। आयुक्त के सचिव रविराज शर्मा ने सम्मान स्वरूप पुष्पगुच्छ देकर आयुक्त का स्वागत किया। इससे पूर्व श्रीमती किस्पोट्टा विशेष सचिव राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग रांची, झारखंड राज्य के पद पर पदस्थापित थी। झारखंड सरकार के अगले आदेश तक श्रीमती कैथरीन किस्पोट्टा प्रभारी प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के पद पर रहकर अपने कार्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करेंगी। प्रमंडलीय आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग का पदभार संभालने के पश्चात उन्होंने अपने कार्यालय कक्ष में प्रमंडलीय कार्यालय के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों से मुखातिब होकर उनके कार्यों की जानकारी ली। आयुक्त ने प्रमंडलीय कार्यालय की सभी शाखाओं का निरीक्षण करते हुए सभी पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का सुचारू रूप से निर्वहन करने का आदेश दिया। साथ ही उन्होंने सभी कर्मियों को आपस में समन्वय स्थापित कर मिल-जुलकर कार्य करने का सुझाव दिया। मौके पर आयुक्त के सचिव (क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार) रविराज शर्मा, अवर सचिव रास बिहारी संग सभी अधिकारीगण एवं कार्यालयकर्मी मौजूद रहे।

## सभी आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने का निर्देश

# उपायुक्त ने जनता दरबार में दो दर्जन से अधिक मामले आए

- **अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में**
- आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में



राष्ट्रीय खबर

**हजरीबाग :** हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग दो दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में,अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में, पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में, खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में, भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमिअधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

चिकित्सा

## 39 मरीजों को मिला निःशुल्क चश्मा

# अदाणी फॉउंडेशन के मुफ्त नेत्र जांच शिविर

**ग्रामीणों ने कहा- अदाणी फॉउंडेशन की कोशिश से आंखों में लौटी रौशनी**

**डॉक्टर के यहां शुल्क देकर नंबर लगवाना पड़ता था:ग्रामीण**



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने पिछले 17 जून को हरली स्थित पंचायत भवन में दस मुफ्त नेत्र जांच शिविर की शुरूआत की थी, जिसके तहत पहले शिविर में पुरुष और महिलाओं समेत 39 मरीजों को देखने में समस्या हो रही थी। हजारीबाग के नेत्र चिकित्सक परिमल पीयूष ने इनके आंखों की जांच की और उचित पॉवर का चश्मा लगाने की सलाह दी थी, जिसके बाद आज मंगलवार को अदाणी फॉउंडेशन की ओर से पंचायत भवन में सभी मरीजों को चश्मा प्रदान किया। निःशुल्क चश्मा पाकर ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। ग्रामीणों ने कहा कि अदाणी फॉउंडेशन की कोशिश से उन्हें नयी दृष्टि मिली है। अब नजदीक के साथ-साथ दूर भी स्पष्ट नजर आने लगा है।

**खर्च और समय दोनों की हुई बचत**

इस अवसर पर लाभान्वित ग्रामीण केवल महतो, ओमप्रकाश कुमार, रामदेशी महतो और तारा देवी समेत अन्य ने कहा कि इससे पहले उन्हें अपने आखों की जांच के लिए हजारीबाग जाना पड़ता था। वहां जाकर डॉक्टर के यहां शुल्क देकर नंबर लगवाना पड़ता था। इसके बाद दुबारा चश्मा लाने के लिए हजारीबाग जाना पड़ता था। इन सभी प्रक्रिया में पैसे खर्च होने के साथ-साथ समय भी लगता था। अब अदाणी फॉउंडेशन के सहयोग से घर बैठे ही डॉ0 से जांच हो गयी और चश्मा भी घर आ गया।

**अदाणी फॉउंडेशन लगाएगा दस निःशुल्क शिविर**

आने वाले महीनों में अदाणी फॉउंडेशन की ओर से विभिन्न गावों में कुल दस मुफ्त नेत्र शिविर लगाए जाएंगे और डॉक्टर की सलाह पर मरीजों को आवश्यक दवाईयां और चश्मा निशुल्क प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में खनन परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे, उप महाप्रबंधक संजय कुमार, सेवानिवृत डीएसपी सूर्यकुमार सिंह और सीएसआर प्रबंधक मोहित गुप्ता, शरद मिश्रा आदि मौजूद थे।

**लगातार जारी है सामाजिक दायित्वों का निर्वहन**

अदाणी फॉउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गावों में लगातार सामाजिक दायित्वों का निर्वहन जारी है। फॉउंडेशन ने हाल ही में 70 टीबी के नए मरीजों को गोद लिया है।

इससे पहले गोद लिए गए 60 टीबी मरीजों में अधिकतर स्वस्थ हो चुके हैं। फॉउंडेशन की ओर से गावों में निःशुल्क हेल्थ कैम्प लगाए जा रहे हैं, जहां लोगों को दवाइयां और उचित परामर्श दिया जाता है। हरली हाई स्कूल में बच्चों के लिए विज्ञान विषय के स्पेशल टीचर नियुक्त किए गए हैं। आने वाले दिनों में अदाणी फॉउंडेशन की ओर सीएसआर के तहत और भी कई कार्य किए जाएंगे, जिससे ग्रामीणों का जीवन और सुगम होगा।

## शहर >> अपडेट

### पेंशन दिवस के मौके पर शिविर का आयोजन

**पीरटांड़ :** पीरटांड प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिवस के मौके पर एक शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी जानकारी देते हुए कार्यालय सहायक रेशमी उपाध्याय ने बताया कि पेंशन दिवस के अवसर पर कई लोगों का आवेदन एवं फॉर्म लिया गया।जिसके तहत जिन लोगों का पेंसन की समस्या आ रही है उसके समस्या का समाधान किया गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### पूर्व विधायक ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**चौपारण :** चौपारण आगामी 29 जून को प्रखण्ड मुख्यालय चौपारण में आयोजित विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन को लेकर भाजपाइयों ने तैयारियां शुरू कर दिया गया। इस इसी कड़ी में बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बसरिया व बेलाही पंचायत में जनसम्पर्क अभियान चलाकर सम्मेलन में सम्मिलित होने का आग्रह किया। बसरिया सूर्य मंदिर पहुँचे पूर्व विधायक ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने विकास की योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में पहुँचाया। कहा गरीबों को प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का लाभ सीधा जनता को मिल रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि लाभार्थी सम्मेलन को सफल बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता लाभुकों तक पहुँचे ताकि ज्यादा से ज्यादा लो शामिल हो सके। इस दौरान पूर्व विधायक ने बसरिया, बरवाडीह, हथिया आदि स्थानों पर जाकर महिला पुरुषों से मिलकर लाभार्थी सम्मेलन में आने को कहा। इस दौरान पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, बेलाही मुखिया मंटू सिंह, पडरिया मुखिया पप्पू रजक, बसरिया के पूर्व मुखिया नरेश पासवान, जीप प्रतिनिधि सुधीर कौशल, पूर्व उपप्रमुख सीताराम साव, समिति सदस्य प्रतिनिधि युगल तुरी, उपमुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, छोटू मालाकार।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### प्लान इंडिया स्वास्थ्य प्रबंधन संस्था ने स्वस्थ रहने का किया गया जागरूक

**इचाक :** इचाक सीएम आदर्श उच्च विद्यालय इचाक में छात्रों को स्वास्थ्य संबंधी एवं महामारी संबंधी जानकारी दी गई संस्था के मोहम्मद मुस्तफा एचएचपी एवं नीलम शर्मा विशेष भूमिका रही। बच्चे बढ़-चढ़कर कार्यक्रम को सुनें और साफ सफाई तथा पर्यावरण संबंधी जानकारी दी गई वर्षा के मौसम में स्वास्थ्य कैसे रहे इस पर भी विचार विमर्श किया गया। पेड़ पौधे लगाने पर भी विचार विमर्श किया गया। बच्चे ध्यान पूर्वक सारे बातों को सुने और अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाध्यापक जीवन कुमार मेहता, सचिव मनीष कुमार, प्रोफेसर मनोज कुमार, युगेश कुमार ,ओंकार मेहता, राजेश प्रसाद, बैजनाथ प्रसाद मेहता धर्मेंद्र कुमार, सुलेखा कुमारी, संगीता कुमारी, वासुदेव पांडे सतेंद्र राणा, की विशेष भूमिका रही।

### साक्षरता प्रेरकों की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**इचाक :** इचाक साक्षरता प्रेरकों की बैठक साक्षरता कार्यालय में मंगलवार को हुई जिसकी अध्यक्षता चंद्रधारी प्रसाद एवं संचालन गनेश कुमार ने किया बैठक में नवभारत साक्षर कार्यक्रम के कार्यान्वयन एवं संचालन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि पुराने प्रेरक जो वर्ष 1996 से साक्षरता कार्यों का संचालन करते आ रहे हैं वे अपने पंचायत के 50 घरों का सर्वेक्षण कर रिपोर्ट 2 जुलाई तक प्रखंड साक्षरता कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। बैठक में प्रवील प्रसाद मेहता, वीरेंद्र कुमार मेहता, अजय पाठक, अहिल्या देवी, रामदीप कुमार मेहता, कालेश्वर पांडे, रंजीत कुमार मेहता ,सुरेंद्र प्रसाद मेहता, कमल मेहता ,रामदेव प्रसाद मेहता, सावित्री देवी, नीलू बाला, सोनी देवी, बंसी ठाकुर, ममता देवी, गुलाबसा खातून, मनीषा देवी, आदि ने बकाया मानदेय के भुगतान का मांग किया।

## न्यूज फटाफट

### राजीव लोचन के नीट परीक्षा में सफलता पर शिक्षकों ने दिया बधाई

**इचाक :** इचाक मध्य विद्यालय बरियठ में पदस्थापित मुक्त रंजन के पुत्र राजीव लोचन पिता अरुण कुमार सिंह अधिवक्ता ने नीट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 23940 लाकर शिक्षक जगत में मान बढ़ाया है। राजीव लोचन का शिक्षा इंटर डीएवी स्कूल से 95 प्रतिशत लाकर उच्च स्थान प्राप्त किया। राजीव लोचन ने कहा कि पहले ही बार में सफलता हमें मिली है इससे मैं काफी खुश हूं और मैं गरीबों का निस्वार्थ भाव से सेवा करूंगा। सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों का है। श्री लोचन की सफलता पर शिक्षा जगत में खुशी है। बधाई देने वाले में प्रधाना अध्यापक राकेश रंजन, अभय कुमार गिरी, कुलदीप कुमार, शिक्षिका श्वेता कुमारी सिन्हा, गीता कुमारी, नीलम कुमारी, देव्नारायण मेहता, पार्वती कुमारी समेत प्रखंड के दर्जनों शिक्षक है।

### कोंझिया स्वास्थ्य उप केंद्र भवन का उद्घाटन

**पीरटांड़ :** पीरटांड़ प्रखंड के भारती चलकरी पंचायत के कोंझिया गांव में नव निर्मित स्वास्थ्य उप केंद्र भवन का उद्घाटन मंगलवार को किया गया।जिसका विधिवत उद्घाटन पीरटांड़ प्रखंड के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ प्रमोद कुमार,प्रमुख सविता टुडू,उप प्रमुख महेंद्र प्रसाद,पंचायत के मुखिया,पंचायत समिति सदस्य ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद उपस्थित लोगों ने स्वास्थ्य उप केंद्र का निरीक्षण किया।उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और बेहतर स्वास्थ्य सुविधा को लेकर सरकार कृत संकल्पित है। ग्रामीण इलाके में स्वास्थ्य उप केंद्र पर चिकित्सा व्यवस्था बेहतर की जा रही है।यह ध्यान रखें कि केंद्रों पर इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीज बिना इलाज व दवा के नहीं लौटें। स्वास्थ्य उप केन्द्र खुलने से इस इलाके के लोगों को काफी लाभ मिलेगा।उद्घाटन के दौरान बीटीएम सरिता कुमारी,एएनएम नूतन कुमारी,पार्वती कुमारी,सोहगी कुमारी समेत अन्य ग्रामीण व स्वस्थ्यकर्मी मौजूद थे।

### साप्ताहिक मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

**पीरटांड़ :** पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक आयोजित कि गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीओ दिनेश कुमार ने की जबकि संचालन मनरेगा बीपीओ ए के चौधरी ने किया। बैठक के दौरान प्रखंड में चल रही मनरेगा योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान उपस्थित सभी पंचायत सचिवों एवं रोजगार सेवको से पंचायत वार एवं ग्राम वार एक-एक जानकारी लेते हुए योजना कार्यों में युद्धस्तर पर तेजी लाकर उसे जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बीडीओ ने सभी सचिवों को मनरेगा के तहत हो रहे कार्य को अविलंब पूर्ण करने का सख्त निर्देश दिया। इसके अलावे चल रहे नये योजना कार्यों में तेजी लाकर उसे यथाशीघ्र पूर्ण कराने का कड़ा निर्देश दिया। बैठक में सभी पंचायत के जेई, जीपीएस, एवं सम्बंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

### एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना ने आँगनबाड़ी केन्द्रों में बर्तन उपलब्ध कराए



**हजरीबाग :** हजारीबाग एनटीपीसी द्वारा नैगम समाजिक दायित्व के अंतर्गत हजारीबाग जिला के 160 ग्रामीण आँगनबाड़ी केन्द्रों में बर्तन उपलब्ध कराए गए हैं। हजारीबाग उपायुक्त श्रीमती नैन्सी सहाय के निदेशानुसार एनटीपीसी कोयला खनन परियोजना के महाप्रबंधक श्री फैज तैय्यब ने आज दिनांक 27.06.2023 को उपायुक्त कार्यालय में आँगनवाड़ी साहयकाओं को बर्तनों का पहला खेंप सौंपा गया है। इन बर्तनों की उपयोगिता से ग्रामीण बच्चों को गर्म एंव ताजा नास्ता/भोजन तैयार करने एवं सहायता मिलेगी। आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से प्रशसन द्वारा बच्चों व गर्भवती माताओं में सुपोषण दर को शत प्रतिशत बनाने का अभियान चलाया जा रहा है।और इसी उद्देश्य से उचित मात्रा में भोजन तैयार किया जा सके इसके लिए एनटीपीसी द्वारा 160 कुकर, 160-गमला, 160- पानी जग, 160-लाइटर, 160- छलोनी दी गई। आने वाले समय में केंद्रों को अच्छी क्वालिटी की चम्मच, पानी पीने के लिए ग्लास (मग), भगोने आदि बर्तन भी दिया जाएगें। केरेडारी परियोजना के महाप्रबंधक श्री फैज तैय्यब ने कहा की एनटीपीसी समाज कल्याण के कार्यों में प्रशासन का पूर्ण सहयोग देने के लिए हमेशा तत्पर है। एनटीपीसी केरेडारी द्वारा हर माह टी.बी मरीजों को पोषण आहार दिया जा रहा है।

### पत्थर व्यवसाई ने झूठे मुकदमे में फंसाने का लगाया आरोप



**साहेबगंज :** बीते 16 जून को जिले के मुफस्सिल थाना में दर्ज हुए उस मामले को सकरी गली के पत्थर व्यवसाई संजय यादव ने झूठा और सत्यता से परे बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने का आग्रह पुलिस प्रशासन से की है। कहा कि उक्त मामले में अन्य कई आरोपियों के साथ उनको भी आरोपी बनाया गया है। जबकि उक्त मामले से उनको कुछ भी लेना देना नहीं है। जिस 15 जून की रात घटना का जिक्र किया गया है, उक्त की थी कि आज सुबह ही हुआ धनबाद, रांची के लिए निकल गया था।दोपहर में वे धनबाद पहुंच कर वहां खनन विभाग के डिप्टी डायरेक्टर के साथ मीटिंग किया था। उसके बाद शाम 4 बजे से सड़क मार्ग से रांची के लिए प्रस्थान कर गए। 8 बजे रांची पहुंचे थे तथा वहां पहुंचकर हुए हाई कोर्ट के सीनियर अनिल कुमार के साथ लगभग 11:30 रात तक कुछ मामले को लेकर उनसे विचार विमर्श भी किया।रात को तकरीबन 12:15 बजे वे रांची स्थित खेल गांव के समीप अपने आवास में पहुंचते हैं और वही विश्राम करते हैं। जबकि दर्ज मामले में घटना का समय 15 जून की रात 2 बजे रात का दशार्या गया है तो ऐसे में तकरीबन 2 घंटे में हुए रांची से साहिबगंज कैसे पहुंच सकते हैं फिर 16 जून की अहले सुबह वे छत्तीसगढ़ की ओर रवाना हो जाते हैं। शाम 4:00 बजे जसपुर पहुंचते हैं और सारा रात हुई एक होटल में। कि 17 जून की सुबह हुए रायपुर के रवाना होते हैं। रायपुर पहुंच कर वहां अपने परिचित से मिलते हैं और फिर सड़क मार्ग सहित 17 जून की रात वापस वे रांची वापस लौट जाते है। ऐसे में दर्ज प्राथमिकी में जहाज कर्मियों को बंधक बनाकर गैस कटर से मालवाहक जहाज को छेद करने का जो आरोपलगाया गया है उसमें कितनी सत्यता है यह निष्पक्ष पुलिस जांच के बाद सामने आ जाएगा। कहा कि किसी भी प्रकार की घटना से या पानी या पानी के जहाज से उनको कोई लेना देना नहीं है। बता दें कि बीते 16 जून को बिहार के मुंगेर जिला अंतर्गत मिल्कीचक गांव निवासी रवि उर्फ टुन्नी यादव ने मुफस्सिल थाना में ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसमें रात के अंधेरे में गंगा में खड़ी मालवाहक जहाज परकुछ अपराधिक तत्वों के द्वारा पहले जहाज कर्मियों को बंधक बनाने और फिर गैस कटर से जहाज को छेद कर उसे डूबने का प्रयास करने का आरोप लगाया गया था। मामले में आधा दर्जन से अधिक लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। उक्त मामले की सत्यता को चुनौती देते हुए मामले के एक आरोपी राजीव कुमार ने पहले ही राज्य के डीजीपी और जिले के एसपी को आवेदन दिया है जिसमें कहा है कि जिस तिथि और समय में घटना का जिक्र किया गया है उस तिथि और समय को हुए रांची में अपने आवास में थे और इसके सपोर्ट के रूप में उन्होंने सीसीटीवी कैमरा और मोबाइल लोकेशन समेत अन्य कागजातों को साक्ष्य के रूप में सौंपा है।

**प्रदेश >> अपडेट**

### कोर्नेलियुस मुर्मू के निधन पर सांसद ने जताया शोक

**अमड़ापाड़ा :** पाकुड जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड क्षेत्र के झामुमों प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड सांसद प्रतिनिधि कोर्नेलियुस मुर्मू के निधन पर राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा व पार्टी के जिला अध्यक्ष श्याम यादव ने पहुँचकर पुष्प अर्पित कर व पार्टी झंडा ओढ़ाकर श्रधांजलि देते हुए गहरा शोक जताया है।सांसद श्री विजय हांसदा ने कहा कि स्वर्गीय कोर्नेलियुस मुर्मू झामुमों के काफी वरिष्ठ व जुझारू कार्यकर्ता थे।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

### तिवारी ने जनता शिवरात्रि महा कॉलेज का निरीक्षण किया

**मेदिनीनगर :** पठन-पाठन की चरमराई व्यवस्था के बीच भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी एआईएसएफ के जिला संरक्षक मृत्युंजय तिवारी ने जनता शिवरात्रि महा कॉलेज का निरीक्षण किया जहां पर जिला महासचिव कौशल किशोर विक्की कुमार, एवं अन्य छात्र नेता ने मुलाकात किया और छात्रों के साथ उत्पन्न हो रही समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें जिला सचिव श्री तिवारी ने जे एस कॉलेज के प्रचार कक्ष में जाकर मुलाकात किया। और यह पाया कि केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति के कारण इंटर कॉलेज में बच्चों का एडमिशन का कार्य रुका हुआ है एक तरफ जहां डिग्री कॉलेज में एडमिशन करने से फिलहाल रोक लगा दिया गया जे एस कॉलेज में तो बच्चों को फार्म भी भरने के लिए दे दिया गया लेकिन अभी तक एडमिशन नहीं हुआ है हाई स्कूल को प्लस टू कर दिया गया और यह मौखिक रूप से अभी आदेश आया है कि उसी प्लस टू में ग्यारहवीं के छात्रों का एडमिशन होगा जबकि प्लस टू हाई स्कूल में एक भी शिक्षक की बहाली नहीं हुई है और न हीं पढ़ने के लिए पर्याप्त संसाधन वहां उपलब्ध है ऐसी परिस्थिति में मैट्रिक पास हुए छात्र भी बिना एडमिशन लिए इधर से उधर भटक रहे हैं।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### छात्र नहीं रहेंगे पढ़ाई से वंचित : बीडीओ

**पाकुड़ :** स्कूल रूलर कार्यक्रम के तहत स्थानीय धनुष पूजा मध्य विद्यालय पाकुड़ में एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया।
कार्यक्रम के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा शिक्षा का महत्व क्या है इसे बताने की जरूरत आज के समय में नहीं है, फिर भी आज की तिथि में कुछ बच्चे ऐसे हैं जो किसी कारण बस अपनी पढ़ाई छोड़ चुके हैं या फिर आवश्यक जानकारी का अभाव में विद्यालय से दूर है। ऐसे सभी एक से 11 तक के बच्चों को पुनः शिक्षा के साथ जोड़ना है। कोई भी 1 से 11 तक के छात्र पढ़ाई से वंचित नहीं रहे इसके लिए इस तरह के आयोजन क्या किया है ताकि इस पर आवश्यक विचार-विमर्श हो सके।
कार्यशाला में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज्य पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, स्वस्थ विभाग से आये हुए पदाधिकारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सभी संकुल साधन सेवी प्रखंड साधन सेवी सभी पंचायत के मुखिया उपस्थित हुए। सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने बताया की कक्षा 1 से कक्षा 11 तक के सभी विद्यार्थियों को अगली कक्षा में नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा। एक एक बच्चे की जानकारी ली जाएगी। सभी बच्चे की उपस्थिति विद्यालय में अनिवार्य रूप से हो इसके लिए छात्र एवं अभिभावकों को प्रेरित किया जाएगा। यह कार्यक्रम 15 जुलाई तक चलेगा। शिक्षकों द्वारा 22 से 30 जून तक बाल पंजी अधितीकरण व विद्यालय से बाहर के बच्चों को सूचीबद्ध करना है।

**बैठक**

## विशेष मध्यस्थता अभियान को लेकर हुई महत्वपूर्ण बैठक

# एक जुलाई से 30 सितंबर तक चलेगा मध्यस्थता अभियान

- सुलहनिय वादों को अधिक से अधिक संख्या में निष्पादन करने का निर्देश दिया गया
- विशेष मध्यस्थता अभियान को लेकर कई बिंदु पर चर्चा की गई

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड़ :** झालसा रांची के निर्देश पर 27 जुलाई को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ बाल कृष्ण तिवारी की अध्यक्षता में विशेष मध्यस्थता अभियान को लेकर अहम बैठक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में की गई। जिसमे अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह प्रभारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ अजय कुमार गुड़िया उपस्थित थे। इस विशेष अभियान के तहत सभी मध्यस्थ एवं पीएलवी को सुलहनिय वादों को अधिक से अधिक संख्या में निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। साथ ही दिनांक 01.07.2023 से 30.09.2023 तक होने वाली विशेष मध्यस्थता अभियान को लेकर कई बिंदु पर चर्चा की गई।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के बाल कृष्ण तिवारी द्वारा पीएलवी को कहा गया कि दोनो पक्षों को अपने अपने क्षेत्र से संबन्धित वादी को नोटिस पहुंचाने और मध्यस्ता का गुण और लाभ के बारे में जागरूक कर मध्यस्थता केंद्र में लाकर निःशुल्क वाद को सुलह समझौता कर समाप्त करने में सहयोग करने की निर्देश दे गई। साथ ही कहीं किसी भी प्रकार की परेशानी हो रही हो तो मीडिएटर की सहायया लेने को कहा गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निशुल्क एक्सीडेंट केस, मारपीट, दहेज समंधित, चेक बाउंस, उत्पाद विभाग, वन विभाग संबंधित अन्य वादों को सुलह समझौता कर समाप्त कराने हेतु निर्देश दी गई। मौके पर सभी मेडिएटर और पीएलवी उपस्थित रहे।

**न्यूज फटाफट**

### क्षेत्रीय उपनिदेशक ने किया हरिहरगंज सीएचसी का किया निरीक्षण



**पलामू :** प्रमंडल के ( आरडीडीएच) क्षेत्रीय उप निदेशक (स्वास्थ्य) डॉ एसके श्रीवास्तव ने मंगलवार को हरिहरगंज के नवनिर्मित 33 बेड की क्षमता वाला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सम्पूर्ण सीएचसी परिसर का जायजा लिया। ओपीडी टीकाकरण केन्द्र , शवकक्ष का जायजा लिया। इस क्रम में उन्होंने परिसर की समुचित साफ सफाई नही होने पर नाराजगी जताई। वहीं उपस्थिति पंजी का अवलोकन कर अस्पताल की समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में चिकित्सकों की कुल संख्या अनुबंध कर्मियों और आउटसोर्सिंग पर कार्यरत कर्मियों की स्थिति जाने। साथ ही नवनिर्मित अस्पताल में लिफ्ट नहीं लगने से हो रही परेशानियों की भी जानकारी ली। यह बताया गया कि संवेदक के द्वारा सिर्फ जगह छोड़ दिया गया है किंतु अभी तक लिफ्ट नहीं लगाया गया है। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी से इस संबंध में प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया है। आरडीडीएच ने हिदायत देते हुए कहा कि अस्पताल परिसर के साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखें और सभी डॉक्टर , स्वास्थ्य कर्मी नियमित ड्यूटी पर तैनात रहें। किसी भी अनियमितता और शिकायत मिलने पर शख्त विभागीय कार्रवाई भी की जायेगी। इस दौरान कई सफाई कमीर्यों ने भी अपनी परेशानियों से अवगत कराया। मौके पर डॉ तौहीद के अलावा कंप्यूटर ऑपरेटर, सफाई कर्मी, एएनएम आदि कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### शिवालया कंस्ट्रक्शन कर्मी को अज्ञात अपराधियों ने मारी गोली



**पलामू :** एनएच-98 निर्माण कार्य के साइट पर शिवालय,कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम कर रहे कर्मी बिहार मुजफ्फरपुर निवासी स्वर्गीय मोहनदास के 40 वर्षीय पुत्र शिवा दास को बाईक सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। जिससे कर्मी के पैर में लगी गोली है। घटना के तत्काल बाद ही उसे ईलाज के लिए पहले छतरपुर ले जाया गया जहां से चिकित्सकों ने गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए एमएमसीएच रेफर कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक बाईक पर सवार तीन अज्ञात अपराधियों ने घटना को अंजाम देने के बाद भाग निकले। यह घटना पीपरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत चपरवार गांव के समीप की बताई गई है। बता दें कि इसके पहले भी एनएच 98 निर्माण साइट पर इस तरह के अपराधिक घटना का अंजाम दे चुके हैं। उधर घटना की सूचना मिलते ही पिपरा के प्रभारी थाना प्रभारी अभय आनंद कुमार पुलिस दल बल के साथ स्थल पहुंचकर घटना की जांच और अपराधियों की तलाश में जुट चुके हैं। बहरहाल घटना किस वजह से घटी है यह तो जांच के बाद ही ज्ञात होगा।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुना पीएम का संवाद



राष्ट्रीय खबर

**पलामू :** मोदी सरकार के नौ साल बेमिसाल पर मंगलवार को हुसैनाबाद स्थित दूर्गा बाड़ी भवन में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान का आयोजन किया गया। भाजपा कार्यकताओं ने एलईडी टीवी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के वर्चुअल संवाद को सुना। इस अवसर पर भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता 2024 के लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बूथ को मजबूत करने पर पूरा ध्यान दें। हम सभी ने बूथ को मजबूत करने पर पूरी ताकत झोंकी हुई है। इसके तहत सभी बूथों पर बूथ कमेटी का गठन किया गया है, समय समय पर उन सभी में जोश व उर्जा भरने की आवश्यकता है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राम प्रवेश सिंह ने भी कार्यकताओं का मार्गदर्शन किया।

## सामाजिक बदलाव में फिल्मों की अहम भूमिका: अरविंद



राष्ट्रीय खबर

**पलामू :** राजधानी रांची में आयोजित तीन दिवसीय चित्रपट फिल्म फेस्टिवल में छतरपुर के युवाओं के द्वारा निर्मित पांच फिल्में प्रदर्शित हुई। जिसकी काफी सराहना भी हुई। और उन्हें प्रमाण पत्र दिए गए। फेस्टिवल में शामिल प्रतिभागियों के छतरपुर आगमन के बाद उनका सम्मान समारोह बस स्टैंड स्थित हेल्पलाईन सेंटर में आयोजित किया गया। जहां उन्हें अंग वस्त्र और चांदी का एक पेन दे कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में अतिथि के रुप में नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा बुल बाबा, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविन्द गुप्ता चुनमुन उपस्थित थे। हेल्पलाइन सेंटर में आयोजित सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए अरविन्द गुप्ता ने कहा कि छतरपुर के युवाओं में रचनात्मकता है ऊर्जा है जो उन्हें सफलता की ऊंचाइयों पर ले जा सकता है बस उन्हें सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। उन्होंने फिल्मकारों से आह्वान किया कि वे समाज को बदलने वाली फिल्में बनाएं ताकि लोगों तक इसका लाभ पँहुचे। वहीं नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा ने कहा कि छतरपुर के युवा इस उपलब्धि के लिए बधाई के पात्र हैंवे बस ऐसे ही उपलब्धि हासिल करते रहें। आपको बता दें कि रांची के सरला बिरला विश्वविद्यालय में आयोजित यह तीन दिवसीय फिल्म फेस्टिवल अपनी एक अलग छाप छोड़ गया। फेस्टिवल में बीजेपी के वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा, अभिनेता राजेश जायसवाल, पद्मश्री मुकुंद नायक, कड़िया मुंडा, अशोक शरण, कल्याणी खत्री, सुशील अंकन, नवीन सहाय सहित कई गणमान्य शख्सियत शामिल हुए थे। इस अवसर पर सम्मान समारोह में मुख्य रूप से संजीत उरांव, अशोक उरांव, मुन्ना चौधरी, मोनू कुमार, अखिलेश कुमार, महेंद्र राम, अमितांशु कुमार, जितेंद्र चन्दन कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मनातू में प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन को सुना: सत्येंद्र



**मेदिनीनगर :** मनातू प्रखंड भाजपा कार्यालय में मंडल अध्यक्ष सत्येंद्र यादव की अध्यक्षता में 27 जून को मोदी सरकार के 9 साल सेवा, सुशासन, और गरीब कल्याण कार्यक्रम के तहत माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी भाजपा कार्यकताओं के साथ मेरा बुथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत सीधा संवाद किया गया। तत्पश्चात मनातू बाजार पर घर-घर और सभी दुकानों में महा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। मौके पर उपस्थित मनातू मंडल प्रभारी नवेंदु कुमार मिश्र, सांसद प्रतिनिधि बिगु साहू, महामंत्री अरविंद यादव, विधायक प्रतिनिधि उदेश यादव, उपाध्यक्ष हरेंद्र पासवान, लक्ष्मण साव, अयोध्या प्रसाद, अखिलेश यादव, कमलेश कुमार, मीडिया प्रभारी अंतु यादव, विनेश्वर राम, शौकत खान, अनिल कुमार यादव, मिथिलेश प्रसाद, अयोध्या सिंह, संदीप कुमार,मालती देवी, शोभन कुमार यादव, बेलाश प्रसाद, गुड्डू खलीफा,पुखराज खलीफा, पुखराज साहू, लाडले हसन, करेश राम, विलखनाथ सिंह, करेश राम तथा सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यक्रम का तकनीकी संचालन अखिलेश कुमार यादव ने किया।

## उपायुक्त ने कैंसर पीड़ित को इलाज के लिये दिया 50 हजार का चेक



राष्ट्रीय खबर

**पलामू :** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे के दरियादिली और आम जनता के प्रति समर्पण की भावना के कारण लोगों का विश्वास जनता दरबार के प्रति बढ़ रहा है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आज के आयोजित सप्ताहिक जनता दरबार में समाहरणालय परिसर में पहुंचते ही उपायुक्त की नजर एक दुखियारी महिला की गोद में लेटे उनके बीमार पति पर पड़ी तो उपायुक्त के कदम वंही ठहर गई। उपायुक्त श्री दोड्डे उस दुखियारी महिला के समीप जाकर जमीन पर बैठ गए और उस दंपत्ति से उपायुक्त ने उनकी परेशानी के बारे में पूछा। उस दुखियारी महिला ने उपायुक्त को रोते हुए बताया कि उनके पति असलम अंसारी कैंसर जैसे गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं और उनकी माली हालत बेहद खराब है जिस कारण वह अपने पति का इलाज नहीं करवा पा रही है। मामले को जानकर उपायुक्त का दिल पसीज गया। उपायुक्त श्री दोड्डे ने उस दंपति को ऑन द स्पॉट कैंसर के इलाज के लिए 50000 रुपये का चेक दिया और तत्काल एंबुलेंस को बुलवाकर उन्हें उनके घर कूदला कलां छोड़ने का निर्देश दिया। इसी तरह जनता दरबार मे ग्राम पंचायत मझिगांव के बब्लू विश्वकर्मा ने उपायुक्त से अपने टूटे हुए पैर के ऑपरेशन के इलाज हेतु आर्थिक मदद की गुहार लगाया, जिस पर उपायुक्त ने बब्लू को 10000 रुपये की आर्थिक मदद रेड क्रॉस के माध्यम से किया। इसी तरह पाटन के सहुद आलम को 5000 रुपये और पांकी थाना क्षेत्र के धर्मेंद्र प्रसाद गुप्ता को ईलाज हेतु 5000 रुपये की आर्थिक मदद रेड क्रॉस के माध्यम से किया।

## राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेंगे संत मरियम स्कूल के बच्चे



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर :** संत मरियम स्कूल के बच्चें रांची खेलगांव में 28 जून से 1 जुलाई तक आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे । सभी खिलाड़ी पलामू राइफल एसोसिएशन के सचिव सुमित बर्मन के साथ रांची खेल गांव के लिए रवाना हुए । मौके पर स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा की विद्यालय का उद्देश्य है की यहां के विद्यार्थी हर क्षेत्र में आगे बढ़े । विद्यार्थियो को उनकी रूचि के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में पारंगत करने के लिए विद्यालय सदैव प्रतिबद्ध है । आए दिन स्कूल के छात्र विभिन्न खेलों में स्कूल और जिला के लिए अनेकों मेडल ला रहे है । बदलते समय के साथ पलामू जिला अब पिछड़ा नही रहा । अब वह दिन दूर नही जब पलामू का नाम भारत के विकसित जिलों में शुमार होगा । पलामू का नेतृत्व करते हुए विद्यालय के नवीन सोनी , हिमांशु कुमार पासवान, आदर्श कुमार, करण पासवान भाग लेंगे।मौके पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी बच्चों को शुभकामनाएं प्रेषित किया ।

### फांसी लगाकर युवती की आत्महत्या



**मेदनीनगर :** सदर थाना क्षेत्र के ग्राम जोड़ में 16 वर्षीय युवती ने मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार जोड़ निवासी मधुरेंद्र तिवारी की पुत्री काजल कुमारी उम्र 16 वर्ष का रविवार कि सुबह किसी बात को लेकर अपने पिता के साथ अनबन हुआ।इसके वजह से वह घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद इस घटना को देखने के लिए स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर उमड़ पड़ी।तभी स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी सदर थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों से घटना के बारे में पूछताछ कर शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है।वही इस घटना के बाद से पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

**चिंतन**

## जिला महिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

# महंगाई, बेरोजगारी एवं महिला सुरक्षा चिंता का विषय: गुंजन

राष्ट्रीय खबर




**पलामू :** जिला महिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी की एक आवश्यक बैठक महिला अध्यक्ष इंदु भगत की अध्यक्षता में स्थानीय परिसदन भवन के सभागार में संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सुश्री गुंजन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला अध्यक्ष जयेश रंजन पाठक और बिट्टू पाठक मौजूद थे। महिलाओं को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष सुश्री गुंजन सिंह ने कहा कि देश में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी और महिला सुरक्षा चिंतन का विषय है आप महिला बहने आगे आकर इसका पुरजोर विरोध करें केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं को सुरक्षा देने में विफल रही है साथ ही आज हम महिलाओं को अपना घर परिवार चलाने में काफी दिक्कत हो रही है केंद्र सरकार की उजाला योजना महिलाओं के साथ धोखा है सभी महिला ठगा महसूस कर रही है गैस सिलेंडर दिखावे की वस्तु हो गई है देश में बढ़ती बेरोजगारी से युवाओं का सपना टूट रहा है आज देश में महिलाओं और युवाओं को एकजुट होकर केंद्र सरकार को सबक सिखाने की जरूरत है और 2024 की तैयारी में लग जाना है। पलामू जिला कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा की महिलाओं को अपना हक और अधिकार के लिए आगे आना होगा ।
कांग्रेस पार्टी महिलाओं के लिए काफी ऐसा योजना लाइए जिससे महिला अपने आप को मजबूत समझती है लेकिन जब से मोदी सरकार आई है आधा आबादी पूरा हक को दरकिनार करके रखी है मोदी सरकार जो महिलाओं को नजरअंदाज किया है उसका खामियाद 2024 में भुगतना पड़ेगा। महिला संगठन को प्रखंड और पंचायत स्तर तक मजबूत करना होगा। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी पार्वती देवी पिंकी सिंह पूजा सिंह कोषाध्यक्ष अजय साहू मुकेश सिंह सोनम वर्मा डा सैल सीखा चंपा देवी रिंकी देवी सुनीता देवी शहनाज परवीन उषा देवी बेबी देवी लीला देवी संगीता देवी बासमती देवी अमृता कुमारी विमला कुंवर लीलावती कश्यप शकुंतला देवी प्रतिमा देवी उपस्थित थे।

## शहर >> अपडेट

### बाइक अनियंत्रित होने से एक व्यक्ति घायल

**कोडरमा:** कोडरमा थाना क्षेत्र के लाराबाद के समीप एक साइकिल सवार को बचाने के क्रम में बाइक अनियंत्रित होने से बाइक सवार गिरकर घायल हो गया। घायल की पहचान बेकोबार निवासी राजेश प्रसाद (उम्र 28 वर्ष पिता महेश मंडल) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां इलाज चल रहा है।

## सिटी अपडेट्स >>

### कोडरमा स्टेशन पर ट्रेन से गिरी महिला की इलाज के दौरान मौत

**कोडरमा:** जालियांवाला बाग एक्सप्रेस में सफर कर रही एक महिला कोडरमा स्टेशन पर उतरने के दौरान सोमवार की देर शाम असंतुलित होकर ट्रेन के नीचे गिर गई। जिसके बाद ट्रेन के यात्रियों ने चेन पुलिंग कर गाड़ी को रोका। इस दौरान स्टेशन ड्यूटी में तैनात रेलवे सुरक्षा बल कोडरमा की टीम एवं अन्य रेल कर्मियों के द्वारा तत्काल महिला को ट्रेन के नीचे से निकाला गया और बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। घायल महिला ने अपना नाम किरण देवी (उम्र 45 वर्ष, पति राजू साव, न्यू कॉलोनी, कोडरमा) निवासी बताया। महिला पटना से गया तक एक यात्री ट्रेन से पहुंची इसके बाद गया में जालियांवाला बाग में सवार होकर कोडरमा आ रही थी। कोडरमा स्टेशन पर ट्रेन रुकने के बाद उन्हें इसकी जानकारी नहीं मिली। जब ट्रेन स्टेशन से खुल रही थी उसी समय महिला ने हड़बड़ी में ट्रेन से उतरने का प्रयास किया। जिसके बाद वह असंतुलित होकर ट्रेन के नीचे गिर गई थी। वहीं सदर अस्पताल कोडरमा में इलाज के दौरान सोमवार की देर रात महिला की मौत हो गई।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### प्रेरणा शाखा ने श्याम मंदिर में किया भजन संध्या का आयोजन

**झुमरीतिलैया:** शहर के अडडी बंगल स्थित श्याम मंदिर में प्रेरणा शाखा ने भजन संध्या का आयोजन किया। इस अवसर पर गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। भजन गायक हार्दिक लडढा, तन्मय लडढा ने भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालु भक्तों को खुब झुमाया। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष श्रेया केडिया, सचिव सारिका लडढा ने कहा कि शाखा का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा है और समाज सेवा के साथ - साथ धर्म संस्कृति भाषा का बोध वर्तमान पीढी को करवाना है। कहा कि शाखा के द्वारा जुलाई माह में नेकी के दिवार के तहत वस्त्र जुत्ता एवं अन्य सामाग्री का वितरण किया जायेगा। वहीं सरकारी विद्यालय में जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। वहीं सावन मिलन व गौ आहार कार्यक्रम मधुमेह जागरूकता शिविर जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। भजन संध्या में उपाध्यक्ष नेहा हिसारिया, कोषाध्यक्ष सीए गुंजन अग्रवाल, शीतल पोददार, स्वेता गुटगुटिया, प्रीति गुटगुटिया, सरिता अग्रवाल, आशा बाजाज, रश्मि गुटगुटिया, अनु संघई, मीनी हिसारिया, संतोष हिसारिया, पुनम हिसारिया, वीणा जैन, सुनीता वर्णवाल उपस्थित थे।

### बाइक अनियंत्रित होने से एक व्यक्ति घायल

**कोडरमा:** कोडरमा थाना क्षेत्र के लाराबाद के समीप एक साइकिल सवार को बचाने के क्रम में बाइक अनियंत्रित होने से बाइक सवार गिरकर घायल हो गया। घायल की पहचान बेकोबार निवासी राजेश प्रसाद (उम्र 28 वर्ष पिता महेश मंडल) के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों की सहायता से उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जहां इलाज चल रहा है।

**स्वागत** भाजपा कार्यकर्ता रांची से इस ट्रेन में सवार होकर कोडरमा पहुंचे

# कोडरमा स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन का किया गया भव्य स्वागत

राष्ट्रीय खबर



**झुमरीतिलैया:** कोडरमा रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को भारत की पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस का भव्य स्वागत किया गया। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद अन्नपूर्णा देवी एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ता रांची से इस ट्रेन में सवार होकर कोडरमा पहुंचे। कोडरमा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 6- 7 पर रेल प्रशासन के द्वारा आयोजित कार्यक्रम स्थल पर ट्रेन के पहुंचने पर ढोल नगाड़े एवं फूलों की बारिश के साथ ट्रेन का स्वागत किया गया। इस दौरान स्कूली छात्राओं के द्वारा पारंपरिक झारखंडी नृत्य भी प्रस्तुत किए गए। सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि आज उद्घाटन के मौके पर उन्हें भी रांची से कोडरमा तक सफर करने का अवसर प्राप्त हुआ। कहा कि झारखंड में पर्यटन के दृष्टिकोण से भी यह ट्रेन काफी महत्वपूर्ण है। इस आधुनिक ट्रेन में सीसीटीवी कैमरे के साथ वाईफाई, बेहतर कैटरिंग, मूविंग चेयर समेत यात्रियों की हर सुविधा का ध्यान रखा गया है। सांसद ने कहा कि जल्द ही न्यू गिरिडीह मधुपुर होते हुए रांची तक इंटरसिटी एक्सप्रेस का परिचालन शुरू किया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां की जा रही है। कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि आज का दिन काफी ऐतिहासिक है। कोडरमा में इस ट्रेन के ठहराव से यात्रियों को रांची पटना जाने में काफी सहूलियत होगी। ट्रेन में सवार होकर पहुंचे बरही के विधायक उमाशंकर यादव अकेला ने कहा कि उनके द्वारा मंडल के डीआरएम से बरही स्टेशन पर भी वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव देने की मांग की गई है, ताकि बरही वासियों को भी इसका लाभ मिल सके। वंदे भारत एक्सप्रेस के जरिए हजारीबाग सरस्वती विद्या मंदिर कुम्हारटोली के छात्र-छात्राओं ने हजारीबाग से कोडरमा तक वंदे भारत एक्सप्रेस में सफर किया। इस दौरान बच्चों ने ट्रेन में सफर के अनुभव को काफी शानदार और अविस्मरणीय बताया। वही कोडरमा स्टेशन से सैनिक स्कूल तिलैया के 31 कैडेट्स वंदे भारत एक्सप्रेस में सवार हुए जो कोडरमा से गया तक का सफर तय करेंगे। कार्यक्रम का संचालन पिपराडीह स्टेशन प्रबंधक बीबी सिंह ने किया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, कोडरमा प्रमुख सुषमा देवी, स्टेशन प्रबंधक रविंद्र कुमार, आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी जवाहरलाल, सीटीआई अरविंद सुमन समेत कई लोग उपस्थित थे।

रश्मि को सचिव अविराम और प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी समेत सभी ने शुभकामनाएं दी

## रश्मि सिंह को डॉ अजीत सिंह ने किया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर




**कुडू:** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको, कुरू, लोहरदगा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षु रश्मि सिंहा को साहसी दल शिविर में चयनित कर मनाली में प्रतिभाग करने हेतु भेजा गया था जहां विविध प्रकार के क्रियाकलापो को कराया गया।रांची विश्विद्यालय के कुलपति डॉ अजीत सिन्हा,मुख्य अतिथि पी एम प्रसाद जो सी सी एल के एम डी है, विशिष्ट अतिथि सांसद संजय सेठ,राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक की उपस्थिति में कुलपति महोदय द्वारा स्मृतिचिह्न और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना पदाधिकारी कुंदन गिद्ध उपस्थित रही।

## गायत्री चेतना केंद्र निर्माण का भूमि पूजन 3 जुलाई को



राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड में भूमि पूजन समारोह सह गुरु पूर्णिमा उत्सव गायत्री चेतना केंद्र ब्लॉक रोड जयनगर में किया जाएगा। 2 जुलाई प्रातः 6 से संध्या 6 तक गायत्री चालीसा, अखंड जाप एवं संध्या 7 बजे दीप महायज्ञ किया जाएगा। वहीं 3 जुलाई प्रातः 6 बजे से याज्ञिक कर्मकांड एवं भूमि पूजन सह गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया जाएगा। इस निमित्त अखिल विश्व गायत्री परिवार के महिलाओं के द्वारा घर-घर निमंत्रण दिया जा रहा है। मौके पर ममता देवी, सीमा देवी, कलावती देवी, रेनू देवी, मीना देवी सहित कई महिलाएं निमंत्रण दे रही है।

## वनरक्षी चढ़ा निगरानी के हत्थे

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** जिले में किस तरह घूसखोरी हावी है इसका उदाहरण मंगलवार को तब देखने को मिला जब एक घूसखोर वनरक्षी को हजारीबाग से आई निगरानी की टीम ने भुक्तभोगी से चार हजार रुपए लेते रंगे हाथ फारेस्ट ऑफिस के निकट शिवम पेट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार किया। वह तय रकम लेने के लिए आया था जिसे गिरफ्तार कर निगरानी की टीम अपने साथ लेकर हजारीबाग चली गई। इस पूरे ट्रेप का नेतृत्व निगरानी के थाना प्रभारी सादिक अनवर रिजवी ने किया। जिसे परिवहन कर चिराने के लिए आरा मील ले जाना होता है। इसके लिए वनरक्षी का पृष्ठीकरण आवश्यक होता है। उक्त आवेदन के संबंध में सत्यापनकर्त्ता द्वारा विधिवत सत्यापन किया गया, तथा सत्यापन प्रतिवेदन में 4 हजार रुपये रिश्वत मांगने की बात सत्य पाया गया। मंगलवार को प्राथमिकी अभियुक्त अमरेन्द्र कुमार (उम्र 27 वर्ष पिता सुरेन्द्र कुमार, न्यू कॉलोनी कोडरमा) सम्प्रति वनरक्षी, कोडरमा वन प्रमंडल को 4 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया।

## लोहरदगा जिला में लेबर कोर्ट स्थापित हो:आलोक साहू

राष्ट्रीय खबर



**लोहरदगा:** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू ने झारखंड सरकार के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता को ट्वीट का लोहरदगा जिला में श्रमिकों के मामले का निपटारा हेतु लेबर कोर्ट स्थापित करने की मांग किए। श्री साहू ने कहा कि लोहरदगा जिला सहित कई जिलों कि मजदूरों के मामलों की सुनवाई रांची स्थित लेबर कोर्ट में होती है ।मजदूरों को रांची आने-जाने एवं ठहरने के कारण उनका काफी आर्थिक नुकसान एवं समय की बबार्दी होता है ।अथार्भाव के कारण श्रमिकों को न्याय भी नहीं मिल पाती है ।श्रमिकों के समस्याओं के समाधान के लिए कानून में विशेष प्रावधान है। जिलों में न्यायालय नहीं होने के कारण श्रमिक अपनी समस्याओं को न्यायिक मंच पर नहीं रख पाते हैं। श्री साहू ने कहा कि लोहरदगा जिला सहित गुमला ,लातेहार जिलों में अनेक बॉक्साइट माइंस हिंडालको एवं प्राइवेट कंपनी के द्वारा संचालित होती है। इन माइंसो में हजारों की संख्या में मजदुर कार्य करते हैं और हिंडाल्को का मुख्यालय लोहरदगा जिला में ही है। मजदूरों के हित को देखते हुए श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता को लोहरदगा जिला में लेबर कोर्ट की स्थापना करनी चाहिए।

**बैठक** अफवाह फैलाने वालों के ऊपर होगी सख्त कार्रवाई

# बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक हुई संपन्न

राष्ट्रीय खबर




**चतरा:** समाहरणालय स्तिथ सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में बकरीद त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक, राकेश रंजन समेत अन्य जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं शांति समिति सदस्य के रूप में जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। शांति समिति की बैठक में सदस्यों ने बकरीद के मौके पर शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल यथावत बने रहने हेतु सभी संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर अपने अनुभव साझा करते हुए विधि व्यवस्था को लेकर अपने सुझाव दिए।

उपस्थित सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र में पूर्व में मनाए गए त्योहारों की स्थिति से अवगत कराया साथ ही जिला स्तरीय बैठक में लिए गए निर्णय के अनुपालन करने एवं भाईचारगी व सौहार्दपूर्ण त्योहार मनाने की बात कही । पुलिस अधीक्षक श्री राकेश रंजन ने अफवाहों पर अंकुश लगाने हेतु कहा कि सोशल मीडिया सहित अन्य सभी माध्यमों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अगर किसी प्रकार की अफवाह फैलाई जाती है जो समाज मे समरसता बिगाड़ने का काम करती है तो दोषियों के खिलाफ सख्ती अपनाते हुए कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।उपायुक्त श्री अबु इमरान ने बैठक को अंत करते हुए कहा कि समुदाय के हर उम्र वर्ग को जिम्मेदार नागरिक की तरह सतर्क रहने की जरूरत है तथा अफवाहों से सावधान रहने की आवयश्कता है।

उन्होंने कहा कि धार्मिक सदभाव बिगाड़ने या द्वेष फैलाने के कृत्यों के खिलाफ प्रशासन हमेशा सतर्क रहेगा।

## न्यूज फटाफट

### भागवत कथा में सुनाया श्रीकृष्ण रूकमनी विवाह प्रसंग



**कोडरमा :** शहर के तिलैया बस्ती स्थित द सौरभ में आयोजित श्रीमदभागवत कथा में कथावाचक पतंजलि शर्मा कोलकता ने कृष्ण रूकमनी विवाह पर व्याखान दिया। जिससे श्रद्धालु भक्त नें एकाग्रता से सुना। श्री कृष्ण रूकमनी के वेशधारण किये कृष्ण राधा और रूकमनी पर श्रद्धालु भक्तों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर ममता चौधरी ने मंगल गीत गाये और उपस्थित श्रद्धालु भक्तों ने इसे दोहराकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। कथावाचक पतजंलि शर्मा ने कहा कि रूकमनी विदर्भ के राजा की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी की अवतार थी। रूकमनी ने जब नारद के मुख से प्रशंसा सुनी तो उसके मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करना नि?त किया। उन्होनें आगे कहा कि भागवत की प्राप्ति के नि?य और परिश्रम भी जरूरी है। जीव परमात्मा का अंश है इसलिए जीव के अंदर आपार शक्ति रहती है। उन्होनें महारास के पांच अध्याय पर चर्चा की। कथा में भागवन का मथूरा प्रस्तान,कंश वथ,महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना। उदय-गोपी संवाद द्वारिका की स्थापना रूकमनी विवाह पर आज मेरे श्याम की शादी है .. भजन प्रस्तुत कर खुब झुमाया। इस अवसर पर महिलाए सरातियों और पुरूष बाराती के रूप में विवाह उत्सव में शामिल हुए। पंतजलि शर्मा ने कहा कि भक्त प्रेमी कृष्ण और रूकमनी के विवाह उत्सव में शामिल होते है। उनके वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जती है। भगवान श्री कृष्ण विष्णु है और माता रूकमनी लक्ष्मी भगवान कृष्ण ज्ञान के देवता हैं। और रूकमनी माता लक्ष्मी ज्ञानी धन की देवी हैं। इस उत्सव में श्रृति चौधरी, रूकमनी भगवान श्री कृष्ण के रूप में आकृति चौधरी,राधा के रूप में कृत्रि चौधरी शामिल हुई। कार्यक्रम में यजमान के रूप में राजकुमार चौधरी, राकेश चौधरी,डिम्पल चौघरी,अंकित चौधरी,निपुर चौघरी शामिल हुए। वहीं कृष्ण रूकमनी विवाह पर उपस्थित श्रद्धालु खुब नृत्य प्रस्तुत किया और श्रृंगार के सामान बाँटे गये। वहीं रूकमनी कृष्ण विवाह पर विवाह संबंधित सामाग्रियॉ भी दी गई। मौके पर विधायक डॉ. नीरा यादव,पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता को दुप्पटा ओढाकर सम्मानित किया गया। पंडित शशीकांत झा,पं. गोपाल पांडेय पं. सुधीर शर्मा,पं नवीन झा,पं. रामावतार शर्मा के अलावा रोटरी क्लब,प्रेरणा शाखा,अग्रवाल समाज,माहेश्वरी समाज,भारत विकास परिषद, श्री कोडरमा गौशाला समिति के पदाधिकारियों व कोलकता सेलम सुरत,राँची,धनबाद,बोकारो, हजारीबाग,पटना,रानीगंज,बराकर के अलावा जिले के विभिन्न इलाकों से श्रद्धालु भक्त उपस्थित हुए। कार्यक्रम स्थल पर भव्य आरती का आयोजन किया गया। इस दौरान राधे-राधे से कार्यक्रम स्थल गुंजता रहा।

### अखड़ा उन्नयन एवं संवर्धन पर कार्यशाला आयोजित



**गुमला:** पालकोट गढ़ की परंपरा को लेकर पालकोट गढ़ दुर्गा मंदिर चौंक के समीप अखडा उन्नयन एवं संवर्धन कार्यक्रम के माध्यम से सांस्कृतिक,भाषा,और साहित्य के विषय पर कार्यशाला, गोष्ठी,के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्यत: पालकोट गढ़ के श्री दामोदर नाथ शाहदेव उपस्थित होकर दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किये साथ ही पालकोट कि प्रमुख आरती जी उपस्थित रहीं जिन्होने सांस्कृतिक से पहचान को लेकर प्रेम सौहार्द को बारीकि को बताया , दामोदर नाथ शाहदेव ने सांस्कृतिक सुरक्षा एवं सम्वधन करने को कहा। वर्तमान समय की स्थिति पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों में सीमा देवी,अनिता देवी,मनी देवी, बांसुरी में लालधारी लोहरा,वादन में नंन्द किशोर गोप,शैलवहान भगत, राधेश्याम हासदा, रामसेवक लोहरा,मसीह जमा, प्रेम शंकर साहु, गणेश साहु, इत्यादि लोक कलाकार उपस्थित थे ।

### स्कूल रुआर- 2023 को लेकर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**चंदवारा:** चंदवारा प्रखंड कार्यालय सभागार में मंगलवार को शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल रुआर को लेकर कार्यक्रम आयोजित की गई। 16 जून से 17 जुलाई तक चलाये जा रहे इस कार्यक्रम के सभी बच्चों को नामांकित करने व ठहराव का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया गया कि बच्चों को विद्यालय में वापस लाना एवं नियमित उपस्थिति बनाए रखना अभी एक चुनौती है। यह सभी की भागीदारी से सम्भव है। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विजय कुमार वर्णवाल ने कहा कि समग्र शिक्षा अभियान का मुख्य लक्ष्य 6-18 आयु वर्ग के सभी बच्चों का विद्यालयीय शिक्षा पूर्ण कराना है। मौके पर प्रमुख मंजू देवी, उप प्रमुख खुशबू देवी,अंचलाधिकारी रामरतन वर्णवाल, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय कुमार, पंचायत समिति सदस्य अनिता सिंह, मुखिया संतोष कुशवाहा, असगर अंसारी, पुष्पा देवी, मुखिया प्रतिनिधि राजदेव पासवान, संजय दास, शिक्षक दिलीप वर्णवाल, मनोज राणा, बालेश्वर रिकियाशन, मनोज कुमार, पंकज कुमार पीयूष, जितेंद्र कुमार, पंकज कुमार, सन्नी कुमार, मुन्ना साह समेत कई लोग मौजूद रहे।

### मडुवा की उन्नत खेती पर कार्यशाला का योजना

मरकच्चो: प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को 'मडुवा की उन्नत खेती' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मडुवा के अंतरराष्ट्रीय वर्ष 2023 के तहत मडुवा की खेती करने हेतु बढ़ावा तथा मडुवा की खेती वैज्ञानिक ढंग से करने की सलाह दी गई। मडुवा प्रसंस्करण इकाई के बारे में भी विस्तार से किसान दीदियों को बताया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने कहा कि झारखण्ड में धान की फसल के बाद दूसरा मडुवा की खेती बड़े पैमाने पर की जा सकती है। लेकिन लोग पुराने पद्धति से खेती कर प्रति हेक्टेयर 5 से 10 क्विंटल प्राप्त कर पाते हैं। वही आधुनिक ढंग से खेती करने पर प्रति हेक्टेयर 15 से 20 क्विंटल मडुवा की उपज की जा सकती है और धन उपार्जन किया जा सकता है। मडुवा एक औषधि भी है।

# खेल पत्रकार चंचल भट्टाचार्य आर यू के क्रिकेट कोच बने



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** वरिष्ठ खेल पत्रकार चंचल भट्टाचार्य उर्फ चंचल दा रांची विश्विद्यालय के क्रिकेट कोच बनाए गए हैं। सोमवार को कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने विवि मुख्यालय में चंचल भट्टाचार्य को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर ऊह डॉक्टर सुदेश कुमार साहू, वित्त पदाधिकारी डॉक्टर केएनएन शाहदेव विशेष रूप से मौजूद रहे। लगभग छह माह पहले क्रिकेट कोच के लिए साक्षात्कार हुआ था जिसमें चंचल भट्टाचार्य उत्तीर्ण हुए थे। चंचल दा 1 जुलाई को आधिकारिक रूप से अपनी जिम्मेवारियां संभालेंगे। चंचल दा की नियुक्ति पर झारखंड राज्य खेल पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार सिंह मंटू, सचिव संजय झा, कोषाध्यक्ष आसिफ नईम समेत सभी पदाधिकारियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है। चंचल भट्टाचार्य पिछले तीन दशक से ज्यादा वक्त से क्रिकेट के प्रशिक्षण व प्रशासन से जुड़े रहे हैं। चंचल दा ने क्रिकेट में एनआईएस में डिग्री भी हासिल की हुई है और वे पिछले दो दशक से रांची जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी के रूप में भी अपनी सेवाएं देते रहे हैं। कई बार मैनेजर व कोच के रूप में विभिन्न टीमों के साथ जुड़े भी रहे हैं। आम तौर पर महेंद्र सिंह धोनी के पथ प्रदर्शक के तौर पर भी उन्हें जाना जाता है। वैसे यह बहुत कम लोग जानते हैं कि क्रिकेट के अलावा दूसरी विधा के खेलों के खिलाड़ियों की भी उन्होंने कई अवसरों पर महत्वपूर्ण सहायता प्रदान की है।

**तैयारी** अहमदाबाद में हो सकती है भारत और पाकिस्तान की टक्कर

# वर्ल्ड कप क्रिकेट का कार्यक्रम तैयार

- विश्व कप के सेमीफाइनल का स्थान बदल गया है
- इसे बदलकर मुंबई और कोलकाता कर दिया गया
- बाकी कार्यक्रम पूर्व निर्धारित अनुसार ही रखा गया है



राष्ट्रीय खबर

**मुंबई:** वनडे वर्ल्ड कप का पूरा शेड्यूल जारी होने के पहले ही इसकी भनक मिल गयी है। सूत्रों के मुताबिक ईडन गार्डन्स में सेमीफाइनल हो सकता है। दूसरा मुंबई में हो सकता है। कोई अन्य मैच जो कोलकाता को मिल सकता है। सबसे पहले ये तय हुआ है कि बेंगलुरु और चेन्नई में दो सेमीफाइनल होंगे। लेकिन बाद में इसे बदलकर कोलकाता और मुंबई कर दिया गया।
बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा, 'विश्व कप के सेमीफाइनल का स्थान बदल गया है। शुरूआत में बेंगलुरु और चेन्नई ठीक थे लेकिन बाद में इसे बदलकर मुंबई और कोलकाता कर दिया गया। बाकी कार्यक्रम पूर्व निर्धारित अनुसार ही रखा गया है। फाइनल अहमदाबाद में होगा। इससे पहले वर्ल्ड कप का फाइनल मुंबई के वानखेड़े में हुआ था। 2011 में भारत ने वहां जीत हासिल की थी। 1987 में विश्व कप का सेमीफाइनल ईडन में हुआ था। मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरु में इस बार विश्व कप के पांच मैच हो सकते हैं। अहमदाबाद में हो सकता है भारत-पाकिस्तान मैच। वर्ल्ड कप के कुछ मैच धर्मशाला और तिरुअनंतपुरम में हो सकते हैं। साल के अंत में वनडे वर्ल्ड कप का आयोजन होगा। यह प्रतियोगिता अक्टूबर, नवंबर में आयोजित की जाएगी। फाइनल 19 नवंबर को हो सकता है।
इसबीच 2023 वनडे क्रिकेट विश्व कप ट्रॉफी का शाही अंदाज में अंतरिक्ष में अनावरण किया गया।
विश्व क्रिकेट की नियामक संस्था आईसीसी के अनुसार, विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण सतह से 120,000 फीट की ऊंचाई पर समताप मंडल में किया गया। यह विशेष तकनीक के जरिए गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में उतरा। जो भी मैदान 2023 विश्व कप फाइनल की मेजबानी करने जा रहा है (आधिकारिक विश्व कप कार्यक्रम की घोषणा अभी बाकी है)। वहां से वर्ल्ड कप ट्रॉफी दुनिया के कुल 18 देशों में जाएगी। उस दौरे के दौरान ट्रॉफी कई बार भारत लौटेगी। स्वतंत्रता दिवस पर विश्व कप की ट्रॉफी भारत के पास होगी। फिर विदेश से गुजरेंगे। वर्ल्ड कप ट्रॉफी 4 सितंबर से भारत में होगी। और अगर रोहित शर्मा, विराट कोहली विश्व कप जीत सकते हैं, तो ट्रॉफी 2027 तक भारत में ही रहेगी। हालांकि ट्रॉफी का अनावरण हो चुका है, लेकिन विश्व कप कार्यक्रम की घोषणा अभी बाकी है। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईसीसी आधिकारिक तौर पर विश्व कप का शेड्यूल जारी कर सकता है। हालाँकि, विश्व क्रिकेट संचालन संस्था ने इस मामले पर आधिकारिक तौर पर कुछ भी घोषणा नहीं की है। फिलहाल आईसीसी की ओर से सारा ध्यान विश्व कप ट्रॉफी के अनावरण पर लगाया गया है।

**खेल जगत अपडेट्स »**

## बृजभूषण सिंह मामले में एक जुलाई तक सुनवाई टली



**नयी दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दायर कथित यौन उत्पीड़न मामले की सुनवाई मंगलवार को एक जुलाई तक के लिए टाल दी गई। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) हरजीत सिंह जसपाल ने सांसद सिंह के खिलाफ दायर लंबे आरोप पत्र को देखने के बाद मामले को स्थगित कर अगली सुनवाई की तारीख एक जुलाई 2023 मुकर्रर कर दी। अदालत ने आरोप लगाने वाली कई महिला पहलवानों की ओर से अदालत की निगरानी में जांच की मांग वाले एक आवेदन पर सुनवाई के बाद उसे वापस लेने का निर्देश दिया।अदालत ने यह कहते हुए आवेदन वापस लेने के लिए कहा कि इस मामले में आरोप पत्र पहले ही दायर किया जा चुका है।

# झूलन गोस्वामी भी एमसीसी की क्रिकेट समिति की सदस्य बनी



**कोलकाता:** झूलन गोस्वामी इंग्लैंड के मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब या एमसीसी की क्रिकेट समिति की सदस्य हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन और इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान हीथर नाइट सदस्य के रूप में शामिल हो गई हैं।
बंगाल के पूर्व धाकड़ गेंदबाज को देश के क्रिकेट में खास अहमियत मिली। वह एमसीसी क्रिकेट समिति के सदस्य के रूप में लॉर्ड्स में क्लब की अगली बैठक में भाग लेंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों, अंपायरों और क्रिकेट अधिकारियों से बनी यह समिति क्रिकेट के हित में स्वतंत्र रूप से काम करती है। झूलन महिला क्रिकेट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन वाली सबसे तेज गेंदबाजों में से एक थीं। झूलन ने देश के लिए आखिरी बार पिछले साल लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। उस मैच के बाद उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के दो दशकों में झूलन के नाम 12 टेस्ट में 44 विकेट और 272 सीमित ओवरों के मैचों में 311 विकेट हैं। झूलन को पिछले अप्रैल में एमसीसी ने आजीवन सदस्यता दी थी। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइक गैटिंग अब क्लब की क्रिकेट समिति के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा, हम झूलन, हीथर और मॉर्गन का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। ये तीनों ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हैं। क्रिकेट के बारे में उनका अनुभव और ज्ञान हमारी समिति को समृद्ध करेगा। एमसीसी क्रिकेट समिति में महिला सदस्यों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ाई जा रही है। गैटिंग ने कहा, हम महिला प्रतिनिधियों की संख्या बढ़ा रहे हैं। बहुत जरुरी है। पिछले कुछ वर्षों में महिला क्रिकेट ने एक लंबा सफर तय किया है। समिति में झूलन, हीदर के अलावा क्लेयर कॉनर और सूजी बेट्स शामिल हैं। उनकी राय भी क्रिकेट के लिए अहम है। इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया एशेज सीरीज 28 जून से शुरू होगी।

# बेहद प्रतिस्पर्धी होने वाला है विश्व कप : रोहित



एजेंसियां

**मुंबई :** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि अक्टूबर-नवंबर में घरेलू सरज़मीन पर होने वाला एकदिवसीय विश्व कप ह्यबेहद प्रतिस्पर्धीह्ल होगा जो दुनियाभर में प्रशंसकों को कई रोमांचकारी पल महसूस करने का मौका देगा। रोहित ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से मंगलवार को जारी बयान में कहा, ह्यघर पर विश्व कप खेलना शानदार अनुभव होगा। भारत ने 12 साल पहले यहां खिताब जीता था और मैं जानता हूं कि देशभर में प्रशंसक हमारे मैदान पर उतरने का इंतजार नहीं कर सकते।ह्ल उन्होंने कहा, यह विश्व कप बेहद प्रतिस्पर्धी होने जा रहा है क्योंकि खेल बेहद तेज़ हो चुका है और टीमें अधिक सकारात्मकता के साथ खेलने लगी हैं।
यह प्रशंसकों के लिये अच्छी बात है क्योंकि उन्हें कई रोमांचक लम्हे अनुभव करने का मौका मिलेगा।ह्ल भारत अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत आठ अक्टूबर को चेन्नई के चेपौक स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा, जिसके बाद उसका मुकाबला 11 अक्टूबर को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान के साथ होगा।
साल 1983 और 2011 में विश्व विजेता बनने के बाद भारतीय टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में अपना तीसरा खिताब जीतने की कोशिश करेगी। रोहित ने कहा, ह्यहम अच्छी तैयारी करने और अक्टूबर-नवंबर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिये उत्सुक हैं।ह्लभारतीय टीम चेन्नई और दिल्ली से गुज़रने के बाद अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान से भिड़ेगी।

# भारतीय परिस्थितियों में जीतने की प्रबल दावेदार पाकिस्तान : वसीम



एजेंसियां

**दुबई:** पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम का मानना है कि भारतीय परिस्थितियों में विश्व कप का आयोजन उनकी टीम को यह टूर्नामेंट जीतने का प्रबल दावेदार बनाता है। वसीम 1992 में पाकिस्तान का एकमात्र एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली इमरान खान की टीम का हिस्सा रहे थे। पाकिस्तान की कमान फिलहाल दुनिया के शीर्ष एकदिवसीय बल्लेबाज़ बाबर आज़म के हाथ में है और वसीम का मानना है कि यदि उनकी टीम के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी फिट रहते हैं तो वह एक बार फिर विश्व विजेता बन सकते हैं। वसीम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के साथ बातचीत में कहा, ''हमारे पास एक अच्छी टीम है... एक बहुत अच्छी वनडे टीम है और इसका नेतृत्व बाबर आजम जैसा महान खिलाड़ी कर रहा है।'' उन्होंने कहा, ''जब तक वे फिट हैं और जब तक वे योजना के अनुसार खेलते हैं, उनके पास उस विश्व कप में अच्छा प्रदर्शन करने का मौका रहेगा क्योंकि यह उपमहाद्वीप में भारत में हमारी तरह की परिस्थितियों में खेला जा रहा है।''
पाकिस्तान ने 2019 में इंग्लैंड और वेल्स में हुए 50 ओवर के विश्व कप में नौ में से पांच मैच जीते, लेकिन खराब नेट रन रेट के कारण सरफराज खान की टीम सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच सकी थी। उस टूर्नामेंट के बाद से पाकिस्तान का फॉर्म शानदार रहा है। बाबर की टीम तब से सिर्फ नौ एकदिवसीय मुकाबले हारी है और वर्तमान में वनडे टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है। बाबर खुद भी बीते चार वर्षों से शानदार फॉर्म में रहे हैं। वह 2019 विश्व कप के बाद से कुल 18 शतक जड़कर विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। वसीम खुद भी बाबर के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। उन्हें उम्मीद है कि बाबर आगामी विश्व कप में अपने खेल को बेहतर बना सकेंगे।

# कोहली के लिये विश्व कप जीतना चाहेगी भारतीय टीम : सहवाग




एजेंसियां

**मुंबई:** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का मानना है कि भारत को 2011 की विश्व कप सफलता को दोहराने और विराट कोहली के लिये एकदिवसीय विश्व कप 2023 जीतने का लक्ष्य रखना चाहिए। भारत 2011 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ फाइनल जीतकर चैंपियन बना था। सचिन तेंदुलकर के आखिरी विश्व कप में भारतीय टीम ने खिताब जीतने के लिये अपना सब कुछ झोंक दिया था। सहवाग को उम्मीद है कि भारतीय टीम इस बार कोहली के लिये ऐसा कर सकेगी। विश्व विजेता भारतीय टीम का हिस्सा रहे सहवाग ने यहां विश्व कप कार्यक्रम की घोषणा के अवसर पर कहा, ''हमने वह विश्व कप तेंदुलकर के लिये खेला था। अगर हम विश्व कप जीतते, तो सचिन पाजी का आखिरी विश्व कप यादगार होता। विराट कोहली अब भी वैसे ही हैं। हर कोई उनके लिये विश्व कप जीतना चाहेगा। वह हमेशा 100 प्रतिशत से अधिक देता है।'' सहवाग ने कहा, ''मुझे लगता है कि विराट कोहली भी इस विश्व कप पर ध्यान दे रहे हैं। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में एक लाख लोग आपको देखेंगे। विराट को पता है कि (भारत में) पिचें कैसी होंगी। मुझे यकीन है कि वह बहुत सारे रन बनाएंगे और भारत के लिए विश्व कप जीतने के लिये अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे।''

# अपनी बेटी के साथ फिल्म बनायेंगे शाहरुख खान



राष्ट्रीय खबर

**मुंबई:** शाहरुख खान अपनी बिटिया सुहाना के साथ एक फिल्म में काम करने जा रहे हैं। ये सुहाना के करियर की दूसरी फिल्म है। मगर थिएटर्स में लगने वाली उनकी डेब्यू फिल्म। सुहाना, जोया अख्तर की फिल्म दी आर्चीज से अपना फिल्म करियर शुरू कर रही हैं। मगर ये फिल्म सीधे नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। शाहरुख, जवान और डंकी के बाद इसी फिल्म पर काम शुरू करने जा रहे हैं। पठान के बाद शाहरुख एक बार फिर सिद्धार्थ आनंद के साथ काम करने जा रहे हैं। मगर शाहरुख-सुहाना वाली फिल्म को सिद्धार्थ डायरेक्ट नहीं करेंगे। शाहरुख की कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट और सिद्धार्थ की कंपनी मारफ्लिक्स मिलकर इस फिल्म को प्रोड्यूस करेगी। शाहरुख और सुहाना की इस अनाम फिल्म के लिए प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू हो गया है। हालांकि फिल्म के डायरेक्टर का नाम छुपाकर रखा जा रहा है। इसी रिपोर्ट में बताया गया कि शाहरुख और सुहाना की कास्टिंग ऐसे ही नहीं कर दी है। बल्कि ये उस विषय की मांग है, जिस पर ये फिल्म बन रही है। हालांकि शाहरुख का रोल इस फिल्म में कितना लंबा होगा, इस पर अभी क्लैरिटी नहीं है। मगर उनका कैरेक्टर ह्यडियर ज़िंदगीह्ल वाली लाइन्स पर बताया जा रहा है। शाहरुख ने आलिया भट्ट स्टारर इस फिल्म में एक्सटेंडेड कैमियो किया था। शाहरुख और सुहाना के अलावा फिल्म की कास्ट लंबी-चौड़ी रहने वाली है। फिलहाल उन रोल्स में एक्टर्स की कास्टिंग चल रही है।

## जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा में काम करेंगी साई पल्लवी!

**मुंबई:** दक्षिण भारतीय अभिनेत्री साई पल्लवी , जूनियर एनटीआर की आने वाली फिल्म देवरा में काम करती नजर आ सकती हैं। फिल्म 'देवरा' जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म है। इसे पहले इस फिल्म को 'एनटीआर 30' नाम दिया गया था। फिल्म देवरा को कोरातला शिवा निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म देवरा में एनटीआर के साथ जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि देवरा में साई पल्लवी की इंट्री हो गयी है। फिल्म देवरा में एक खास किरदार के लिए साई पल्ल्वी को चुना गया है। साई को भी अपना किरदार पसंद आया है। बताया जा रहा है कि पैन इंडिया देवरा 300 करोड़ के बजट में बन रही है।



# कैटरीना कैफ ने विक्की कौशल के साथ न्यूयॉर्क वेकेशन की तस्वीर शेयर की



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने अपने पति विक्की कौशल के साथ न्यूयॉर्क वेकेशन की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। कैटरीना कैफ और विक्की कौशल इन दिनों काम से ब्रेक लेकर न्यूयॉर्क में छुट्टियां मना रहे हैं। दोनों न्यूयॉर्क के एक रेस्टोरेंट के अंदर टाइम स्पेंट करते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान विक्की- कटरीना के साथ उनके कुछ दोस्त भी दिखाई दे रहे हैं। फोटो में कैटरीना व्हाइट और ब्लू कलर की फ्लोरल ऑफ शोल्डर ड्रेस में नजर आ रही हैं। इस पोस्ट को लोग बेहद पसंद कर रहे है। कैटरीना की खास दोस्त मिनी माथुर ने कमेंट करते हुए कहा, हाय प्रिटी। प्लीज जल्दी आ जाओ।

# नवाजुद्दीन ने कहा कंगना एक साहसी लड़की है



एजेंसियां

**मुंबई:** प्रसिद्ध अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी, जो वर्तमान में अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म ह्यटिकू वेड्स शेरूह्ल का प्रचार कर रहे हैं, ने निमार्ता कंगना रनौत के मुखर स्वभाव के बारे में बात की। एक न्यूज पोर्टल को दिए इंटरव्यू में नवाजुद्दीन ने कहा कि जब फिल्म उद्योग में मुद्दों को उठाने की बात आती है तो कंगना बहुत पारदर्शी और ईमानदार हैं। उनके मुताबिक, ज्यादातर लोग ऐसी बातें कहते हैं जो राजनीतिक रूप से सही होती हैं लेकिन उनमें बहुत साहस है। उन्होंने यह भी बताया कि ऐसे कई लोग हैं जो साल को बर्बाद कर बॉलीवुड के दबदबे को स्वीकार करना पसंद करते हैं, लेकिन लंबे समय से लंबित बातचीत शुरू करने के लिए कंगना की सराहना करते हैं। उन्होंने कहा कि बहुत से लोगों में हमारी इंडस्ट्री के मुद्दों पर बात करने की हिम्मत नहीं है और यही बात कंगना को अद्भुत बनाती है। एक निमार्ता के रूप में कंगना के साथ सहयोग करने के बाद, नवाजुद्दीन अब जल्द ही उनके साथ स्क्रीन स्पेस साझा करना चाहते हैं। इसके बारे में बात करते हुए उन्होंने बताया कि उन्हें कभी भी सह-कलाकार के रूप में एक साथ काम करने का प्रस्ताव नहीं मिला, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि वह जल्द ही उनके साथ एक फिल्म में काम करेंगे। वह यह भी चाहते हैं कि यह एक प्रेम कहानी हो। कंगना रनौत ने आखिरकार अपने पहले प्रोडक्शन टीकू वेड्स शेरू के मुख्य अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी और नवोदित अवनीत कौर के बीच उम्र के अंतर पर बात की है। उन्होंने दावा किया कि उनकी फिल्म की नकारात्मक समीक्षा मूवी माफिया द्वारा चलाए गए बदनामी अभियान का हिस्सा है। उन्होंने दर्शकों से पहले फिल्म देखने और फर्जी रुझानों और ह्यभुगतान की गई समीक्षाओं के झांसे में न आने का भी आग्रह किया। उनके मुताबिक मूवी माफिया मेरी फिल्म को नुकसान पहुंचाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं, रिलीज से पहले ही फर्जी समीक्षाएं और बदनामी भरे अभियान शुरू हो गए।

# राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर ने स्त्री 2 की शूटिंग शुरू की



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म 'स्त्री 2' की शूटिंग शुरू कर दी है। राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर वर्ष 2018 में प्रदर्शित स्त्री के सीक्वल में काम कर रहे हैं। राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर ने 'स्त्री 2' शूटिंग शुरू कर दी है। राजकुमार राव ने अपने इंस्टाग्राम पर श्रद्धा कपूर के साथ एक तस्वीर शेयर की। तस्वीर में श्रद्धा कपूर पिंक सूट पहने हुये है। तस्वीर में श्रद्धा ने अपनी एक उंगली अपने गालों पर रखी हुई है। वहीं, दूसरी ओर राजकुमार ब्लैक शर्ट में नजर आ रहे हैं। श्रद्धा की तरह ही राजकुमार भी अपने होठों पर एक उंगली रखे नजर आ रहे हैं। तस्वीर को शेयर करते हुये राजकुमार राव ने कैप्शन में लिखा, 'क्या होगा जब फिर से मिलेंगे स्त्री और पुरुष।' फिल्म स्त्री 2 में राजकुमार और श्रद्धा के अलावा पंकज त्रिपाठी और अभिषेक बनर्जी भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

## 'फाइटर' से ऋतिक रोशन का फर्स्ट लुक रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन की आने वाली फिल्म फाइटर से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। ऋतिक रौशन ने सोशल मीडिया पर अपनी आने वाली फिल्म 'फाइटर' से अपना फर्स्ट लुक शेयर किया है। फोटो में, ऋतिक को सैनिक की यूनिफॉर्म में देखा जा सकता है। उन्होंने बगल में खड़े फाइटर जेट पर हाथ रखा हुआ है। वह कैमरे की ओर पीठ करके खड़े हैं और एयरक्राफ्ट को देख रहे हैं। ऋतिक रोशन ने फोटो के साथ दिए कैप्शन में लिखा, 'फाइटर, 25 जनवरी 2024 और 'फाइटर' रिलीज होने में 7 महीने बाकी हैं। 'फाइटर' में दीपिका पादुकोण ,अनिल कपूर की भी अहम भूमिका है।

## प्रदेश >> अपडेट

### मोदी पहुंचे रानी कमलापति रेलवे स्टेशन

**भोपाल:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मध्यप्रदेश को दो नई वंदेभारत ट्रेनों की सौगात देने के लिए राजधानी भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन पहुंच गए। यहां प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, ज्योतिरादित्य सिंधिया और भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वी डी शर्मा ने उनकी अगवानी की। यहां से प्रधानमंत्री देश को नई वंदेभारत ट्रेनों की सौगात देंगे।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### सड़क हादसे में पिता-पुत्रों की मौत

**बरेली:** उत्तर प्रदेश में बरेली के फतेहगंज टोल प्लाजा के पास ट्रक की चपेट में आकर कार सवार पिता और उसके दो पुत्रों की मौत हो गयी है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि बरेली में लड़की की शादी समारोह में शामिल होकर पटियाला जा रहे कार में सवार परिवार को नेशनल हाईवे स्थित फतेहगंज टोल प्लाजा के पास ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार पिता और दो बेटों की मौत हो गई।

### दीपेंद्र गिरि ने अमरनाथ यात्रा कार्यक्रम की घोषणा की

**श्रीनगर:** छड़ी मुबारक (भगवान शिव की पवित्र गदा) के संरक्षक महंत दीपेंद्र गिरि ने मंगलवार को तीर्थयात्रियों के लिए अमरनाथ यात्रा 2023 कार्यक्रम की घोषणा की। महंत गिरि ने यहां दशनामी अखाड़ा में छड़ी-पूजन करने के बाद कहा कि वार्षिक 62 दिवसीय अमरनाथ यात्रा एक जुलाई को मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के पहलगाम और बालटाल से शुरू होगी। सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार छड़ी-मुबारक स्वामी अमरनाथ जी की वार्षिक तीर्थयात्रा की पारंपरिक शुरुआत से जुड़े 'भूमि-पूजन', 'नवग्रह पूजन' और 'ध्वजारोहण' के अनुष्ठान आषाढ़ के शुभ अवसर पर पहलगाम में किए जायेंगे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### कस्टम अधिकारियों ने 8,946 किलोग्राम ड्रग्स बरामद किया

**हैदराबाद :** तेलंगाना में हैदराबाद सीमा शुल्क (कस्टम) अधिकारियों ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 8946 किलोग्राम ड्रग्स करामद किया है। जब्त की गई दवाओं में, 2022 के अप्रैल और मई के दौरान हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मलावी, तंजानिया और अंगोला के विदेशी नागरिकों से 77 करोड़ रुपये की अनुमानित कीमत वाली 11 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई थी। बरामद नारकोटिक्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ को तेलंगाना के मेडचल-मलकजगिरी जिले के डुंडीगुल गांव में स्थित हैदराबाद अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना सुविधा में जलाकर नष्ट कर दिया गया।

### बाढ़ से पीड़ित ममता की पढ़ाई के लिए आगे आये पूनियां

**जयपुर :** राजस्थान विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां बाड़मेर जिले में बिपरजॉय तूफान के चलते बने बाढ़ के हालात से पीड़ित ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा ममता की पढ़ाई के लिए आगे आये हैं। हाल में डा पूनियां ने तूफान एवं भारी वर्षा से प्रभावित बाड़मेर जिले के कई स्थानों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया था और इसके बाद जिले के चौहटन की ममता ने डा पूनियां को चिट्ठी लिख कर बिपरजॉय तूफान से बने बाढ़ के हालात में उसकी किताबें एवं जीविकोपार्जन का साधन बकरियों के नदी में बह जाने के बारे में अवगत कराया और मदद की गुहार की थी। इस पर डा पूनियां ने मंगलवार को चौहटन प्रधान रूपाराम और वरिष्ठ कार्यकर्ता रणजीत आदि के माध्यम से ममता को पुस्तकें, बैग और अन्य स्टेशनरी सामान पहुंचवाया और आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई।

**विवाद** मिजोरम भाजपा ने मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की मांग की

# पार्टी के सांसद ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला

**राष्ट्रीय खबर**



**नईदिल्ली:** मिजोरम भाजपा इकाई ने पड़ोसी राज्य में शांति बहाली के लिए हिंसा प्रभावित मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि 3 मई को मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 100 से अधिक लोग मारे गए हैं। जातीय हिंसा में कम से कम 220 चर्च भी जला दिए गए हैं। बीजेपी ने आरोप लगाया कि ऐसी हत्याओं और घरों और धार्मिक स्थलों को जलाने के बाद भी बहुसंख्यक समुदाय अल्पसंख्यकों पर हमला करना जारी रखता है। इसमें कहा गया है कि हिंसा को बड़े सांप्रदायिक और धार्मिक टकराव में बदलने से पहले नियंत्रित किया जाना चाहिए। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने भी एन बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली मणिपुर सरकार पर जातीय हिंसा के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया। इसमें राज्य में शांति बहाल करने के लिए वर्तमान मणिपुर सरकार को भंग करने और जल्द से जल्द राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की गई। कुकी-हमार-मिजो-जोमी समूह के प्रमुख नागरिक समाज संगठनों के समूह, इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) के अनुसार, मैतेई और कुकी समुदायों के बीच जातीय संघर्ष में कम से कम 106 आदिवासी लोग मारे गए हैं। फोरम ने कहा कि कम से कम 262 चर्च और 93 चर्च प्रशासनिक भवन और आवास जला दिए गये हैं।

दूसरी तरफ मिजोरम से एकमात्र राज्यसभा सदस्य के वनलालवेना ने 17 जून को हिंसा प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की, साथ ही राज्य में हिंसा को रोकने के लिए सक्रिय निर्णय नहीं लेने के लिए केंद्र सरकार की भी आलोचना की। राज्यसभा सदस्य ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि केंद्र सरकार को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाकर मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को हटा देना चाहिए ताकि केंद्रीय बल मणिपुर पुलिस को अपने अधीन कर राज्य में हिंसा रोक सकें। राज्यसभा सांसद ने मणिपुर पुलिस पर यह भी आरोप लगाया कि वह बेहद पक्षपाती है और इसे राष्ट्रपति के अधीन करने की जरूरत है।

## तेलंगाना में गरज के साथ तेज बारिश के आसार



**एजेंसियां**

**हैदराबाद:** तेलंगाना के आदिलाबाद, कोमाराम भीम आसिफाबाद, मंचेरियल, निर्मल, निज़ामाबाद, जगतियाल, राजन्ना सिरसिला, करीमनगर, पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली और मुलुगु जिलों में अलग-अलग स्थानों पर बिजली की गर्जना के साथ अगले 24 घंटो के दौरान बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यहां दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा गया है कि आज से शनिवार तक राज्य में कुछ स्थानों और अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं। तेलंगाना में दक्षिण-पश्चिम मानसून सामान्य रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में कई स्थानों पर बारिश हुई।

## कांग्रेस ने आप सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली :** कांग्रेस की दिल्ली इकाई ने बिजली दरों में बढ़ोतरी को लेकर मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के इस्तीफे की मांग की। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बिजली की दरों में बढ़ोतरी को तुरंत वापस लेने की मांग करते हुए पार्टी कार्यालय से आप कार्यालय की ओर मार्च किया। इस मौके पर चौधरी ने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को धोखा दिया है और उन्हें किसी भी कीमत पर बिजली दरों में बढ़ोतरी वापस लेनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार ने 'फिक्स्ड चार्ज' के नाम पर बिजली उपभोक्ताओं से 16,000 करोड़ रुपये की लूट की है और बिजली कंपनियों को बिजली सब्सिडी के रूप में 26,000 करोड़ रुपये दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल की 200 यूनिट मुफ्त बिजली योजना बिजली उपभोक्ताओं के साथ धोखा है और बिजली कंपनियों को फायदा पहुंचाने वाली बिजली खरीद समझौता (पीपीए) योजना लोगों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डालेगी।

## बिजली कटने के मैसेज के लिंक को क्लिक न करें: रणजीत



**एजेंसियां**

**चंडीगढ़ :** हरियाण के ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने प्रदेश के सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे साइबर ठगों से सतर्क रहें तथा बिजली कटने के किसी भी फर्जी लिंक को क्लिक न करें। सिंह ने मंगलवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि आजकल फर्जी संदेश के माध्यम से उपभोक्ताओं के साथ साइबर ठगी होने की जानकारी मिल रही है। बिजली उपभोक्ता इस तरह के मैसेज 'आपका बिजली बिल बकाया है, बिजली बिल जमा करें, अन्यथा कुछ घंटों में आपका बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा' आदि से सतर्क रहें और न तो लिंक क्लिक करें और न ही ओटीपी शेयर करें। उन्होंने कहा कि बिजली निगमों ने उपभोक्ताओं को सतर्क करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया है। बिजली उपभोक्ताओं को ध्यान रखना है कि साइबर ठग प्रतिदिन नए नए तरीके अपना कर उन्हें फंसाने का प्रयास कर रहे हैं। ऊर्जा मंत्री ने स्पष्ट किया कि बिजली निगम इस तरह का कोई भी संदेश उपभोक्ताओं को नहीं भेजते और न ही किसी उपभोक्ता को बिजली कनेक्शन काटने की चेतावनी देते है और न ही किसी भी नम्बर पर सम्पर्क करने को कहते है। बिजली निगम द्वारा बिल बनते ही उपभोक्ता को ईमेल पर बिल और रजिस्टर्ड मोबाइल पर संदेश भेजते हैं जिसमें खाता नम्बर और बकाया राशि भी लिखी होती है। इसके बाद भी यदि बिजली उपभोक्ता को अपने बिजली बिल को लेकर कोई संशय है तो वह नजदीकी बिजली कार्यालय या बिजली विभाग के टोल फ्री नम्बर 1800-180-4334 पर सम्पर्क कर सकता है। उन्होंने बताया कि यदि फिर भी किन्हीं कारणों से किसी के साथ साइबर धोखाधड़ी होती है तो वह सबसे पहले साइबर क्राइम हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर सम्पर्क कर अपनी शिकायत को साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करें।

बीस सूत्री कार्यक्रम

## क्रियान्वयन समिति का दायरा बढ़ाए जाने की मुख्यमंत्री से मांग



**एजेंसियां**

**श्रीगंगानगर :** राजस्थान के श्रीगंगानगर में जिला स्तरीय बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियानवयन समिति के सदस्य एडवोकेट संजय धारीवाल ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर राज्य स्तर पर बीस सूत्री कार्यक्रम का दायरा बढ़ाने की मांग की है। एडवोकेट धारीवाल ने गहलोत को लिखे पत्र में बताया कि बीस सूत्री कार्यक्रम कमेटी का गठन काफी समय पूर्व किया गया है। जिसमें काफी समय से फ्लेगशिप योजनाओं के लिए अन्य महतत्वपूर्ण विभागों को इसमें जोड़ा नहीं गया है। धारीवाल के अनुसार समाज कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति.जनजाति एवं अल्प संख्यक विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं को पात्र तक लाभ पहुंच रहा हैं। इसकी जानकारी मिले और किसी स्तर पर खामी है तो उसे दूर किया जा सकता हैं। कई बार उक्त विभागों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में जारी राशि समय पर नहीं मिल पाती। इससे ऐसे लोगों को लाभ होगा।

**हेल्थकेयर** वर्तमान दौर में लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर अपनी लाइफस्टाइल चुन रहे हैं

# मेडीबडी के अभियान में अमिताभ बच्चन एक अनूठे अवतार में

**एजेंसियां**




**नयी दिल्ली :** डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म मेडीबडी लगातार अपने ऑनलाइन वीडियो डॉक्टर कंसल्टेशन की सर्विस में इनोवेशन के माध्यम से भारत के हेल्थकेयर सेक्टर में बदलाव ला रहा है और अब इसी से जुड़े एक अभियान में अभिनेता अमिताभ बच्चन एक अनूठे अवतार में नजर आयेंगे। मेडीबडी का लक्ष्य टेक्नोलॉजी का लाभ लेते हुए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं को सबकी पहुंच में लाना है। प्लेटफॉर्म साल के 365 दिन चौबीस घंटे मात्र 10 मिनट में स्पेशलिस्ट डॉक्टर से वीडियो कंसल्टेशन का वादा करता है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि स्वस्थ भारत के निर्माण पर फोकस करते हुए अमिताभ बच्चन के साथ टार्गेटेड ब्रांड फिल्मों की सीरीज के साथ कंपनी ने अभियान शुरू किया गया है। वर्तमान दौर में लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर अपनी लाइफस्टाइल चुन रहे हैं।

हालांकि जब भी लोगों को किसी तरह की परेशानी होती है, तो अक्सर लोग डॉक्टर से सलाह लेने के महत्व की अनदेखी कर देते हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि उन्हें लगता है कि वे स्वयं अपना इलाज कर सकते हैं या फिर अनचाही सलाह पर उन्हें बहुत भरोसा होता है। मेडीबडी का लक्ष्य है कि इस आदत को बदला जाए और लोगों को बताया जाए कि घर बैठे या कहीं भी बस 10 मिनट के भीतर उनकी सहूलियत के हिसाब से एक्सपर्ट डॉक्टर से वीडियो कंसल्टेशन किया जा सकता है। मेडीबडी के सह-संस्थापक एवं सीईओ सतीश कन्नन ने कहा, ''करोड़ों भारतीयों तक उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ कराना हमारा लक्ष्य है। हम लगातार शहर एवं गांव के बीच चिकित्सा के मामले में अंतर को मिटाने के लिए निवेश कर रहे हैं। हमारे प्लेटफॉर्म से भारतीयों को मात्र 10 मिनट के भीतर डॉक्टर से कंसल्ट करने की सुविधा मिलती है और डॉक्टरों एवं स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच सुनिश्चित की जाती है। इससे उन्हें सही फैसला लेने में मदद मिलती है और स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। हमें भरोसा है कि ऑनलाइन वीडियो डॉक्टर कंसल्टेशन की सहूलियत और पहुंच के बारे में जागरूकता के लिए संदेश से लोगों की सोच को बदलने में मदद मिलेगी।''

## न्यूज फटाफट

### ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत

**सिडनी :** ऑस्ट्रेलियाई में सिडनी के पूर्व में स्थित उपनगर बॉन्डी जंक्शन पर गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) पुलिस ने घटना की पुष्टि की है। एनएसडब्ल्यू पुलिस बल ने एक बयान जारी कहा कि मंगलवार को स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 8:30 बजे बॉन्डी जंक्शन के स्प्रिंग स्ट्रीट में एक व्यक्ति को गोली लगने की रिपोर्ट सामन आयी है। पीड़ित व्यक्ति कार पार्किंग में अपने वाहन में बैठा हुआ था। गोली लगने के बाद पीड़ित को ले जाने के लिए आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। बयान में कहा गया कि पीड़ित कार चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी, जिसकी फिलहाल औपचारिक रूप से पहचान नहीं की जा सकी है। एनएसडब्ल्यू पुलिस बल के जांच अधीक्षक डैनी डोहर्टी ने संवाददाता सम्मेलन से कहा कि मौके पर पहुंचने पर पुलिस ने जेम्स स्ट्रीट में थोड़ी दूरी पर जांच शुरू की, जहां अधिकारियों को आंशिक रूप से जली हुई पोर्श कार मिली। उन्होंने बताया कि बाद में पुलिस को जेटलैंड के कुक लेन पर दूसरा जला हुआ होल्डन कमोडोर भी मिला। अधीक्षक डोहर्टी ने कहा, ''दोनों वाहनों को लेकर, हम गोलीबारी और इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति के लिंक की जांच कर रहे हैं।'' पुलिस अधिकारी ने खुलासा किया कि मृतक बौंडी जंक्शन निवासी 48 वर्षीय व्यक्ति है, जिसका आपराधिक इतिहास पुलिस को अच्छी तरह से पता है। डोहर्टी ने संवाददाताओं से यह भी कहा कि गोलीबारी एक संगठित अपराध हत्या की ओर संकेत कर रही है। उन्होंने कहा, ''हम इस समय अपना सारा ध्यान सीसीटीवी और गवाहों को प्राप्त करने और जितनी संभव हो सके उतनी जानकारी प्राप्त करने पर केंद्रित कर रहे हैं।''

### वैगनर के भारी सैन्य उपकरण रूसी सेना को सौंपने की तैयारी

**मॉस्को:** रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि निजी सैन्य कंपनी (पीएमसी) वैगनर के भारी सैन्य उपकरणों को रूसी सशस्त्र बलों की सक्रिय इकाइयों में स्थानांतरित करने की तैयारियां चल रही है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''पीएमसी वैगनर के भारी सैन्य उपकरणों को रूसी सशस्त्र बलों की सक्रिय इकाइयों में स्थानांतरित करने की तैयारी चल रही है।''

### वियतनाम में एचएफएमडी संक्रमण में वृद्धि

**हनोई :** वियतनाम के दक्षिणी क्षेत्र में बच्चों में हाथ-पैर-मुंह रोग (एचएफएमडी) संक्रमण की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है और इस साल अब तक इस बीमारी से कम से कम सात मौतें हुई हैं। स्थानीय समाचार पत्र वियतनाम न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार इस क्षेत्र में गंभीर स्थिति वाले रोगियों की संख्या भी बढ़ रही है। अखबार ने एचसीएम सिटी में इंस्टीट्यूट पाश्चर का हवाला देते हुए अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस वर्ष अब तक क्षेत्र के 20 शहरों और प्रांतों में लगभग 11,000 मामले दर्ज किए गए हैं, जो ज्यादातर एंटरोवायरस 71 (ईवी71) के कारण होते हैं, जिसके कारण गंभीर जटिलताएं और मृत्यु हो सकती है। अखबार ने कहा है कि एचसीएम सिटी और बिन्ह डुओंग, डोंग नाई, एन गियांग और कियान गियांग प्रांतों में पिछले कुछ हफ्तों में संक्रमण और गंभीर मामलों में वृद्धि देखी गई है। शहर के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एचसीएम शहर में हालांकि संक्रमण की संख्या में साल-दर-साल 53 प्रतिशत की कमी आई है, लेकिन गंभीर मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है। मामलों में वृद्धि के कारण स्थानीय अस्पतालों की दवा आपूर्ति पर भी असर पड़ रहा है। दक्षिण के बाल चिकित्सा अस्पतालों को गामा ग्लोब्युलिन और फेनोबार्बिटल जैसे गंभीर एचएफएमडी मामलों के इलाज के लिए दवाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

### दक्षिणी चीन में भूस्खलन, सात लोग लापता

**चेंगदू:** दक्षिण-पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत में मंगलवार तड़के हुए भूस्खलन के बाद से सात लोग लापता हैं। चीन के आपातकालीन प्रबंधन ब्यूरो ने बताया कि भारी बारिश के कारण वेनचुआन काउंटी के मियांसी टाउनशिप और वेइझोऊ टाउनशिप में भूस्खलन हुआ। ब्यूरो ने बताया कि मंगलवार को पूर्वाह्न 10:32 बजे तक भूस्खलन से प्रभावित 900 से अधिक लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचा दिया गया। वहीं, 400 से अधिक बचावकर्मी लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं।

### सड़क हादसा से आठ लोगों की मौत

**सैंटियागो :** दक्षिणी चिली के माउले क्षेत्र में एक राजमार्ग पर हुए हादसे में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अग्निशमन विभाग ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सैन जेवियर, माउले क्षेत्र के आसपास एक राजमार्ग के किनारे इंजन खराब होने के कारण पिकअप वैन रुक गया और दूसरे वाहन में बैठे लोग सहायता के लिए रुके। इस दौरान कोहरे और फिसलन की स्थिति के बावजूद तेज गति से आ रहे तीसरे वाहन ने दोनों वाहनों में टक्कर मार दी। इस हादसे में सात लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और आठवें की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मृत्यु हुई। अन्य तीन घायल हुए हैं और उन्हें पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सैन जेवियर अग्निशमन विभाग के सेकेंट कमांडर एनरिक कोरिया ने कहा कि दुर्घटना राजमार्ग में 'बहुत खतरनाक' मोड़ पर हुई। अधिकारी घटना की जांच कर रहे हैं।

### मंगोलिया में सामने आया संदिग्ध बुबोनिक प्लेग का मामला

**उलनबटोर :** पश्चिमी मंगोलिया के गोवी-अल्ताई प्रांत में ब्लैक डेथ नाम से मशहूर बुबोनिक प्लेग के संदिग्ध मामलों के कारण एक सप्ताह के लिए क्वारंटीन कर दिया गया है। प्रांतीय गवर्नर के कार्यालय ने मंगलवार को बताया कि संदिग्ध मामला प्रांत के बुगाट सूम (प्रशासनिक उपखंड) में पाया गया है और अब उसे एक स्थानीय अस्पताल में अलग रखा गया है। मंगोलिया में मर्मोट्स का शिकार करना गैरकानूनी है, लेकिन कई मंगोलियाई कृंतक को एक नाजुक वस्तु मानते हैं और कानून की अनदेखी करते हैं। देश के नेशनल सेंटर फॉर जूनोटिक डिजीज के अनुसार सभी 21 मंगोलियाई प्रांतों में से 17 को बुबोनिक प्लेग का खतरा है। बुबोनिक प्लेग येर्सिनिया पेस्टिस बैक्टीरिया के कारण होता है और उन पिस्सुओं से फैलता है, जो मर्मोट्स जैसे संक्रमित जानवरों को काटते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार इस रोग से ग्रसित मरीज का समय पर इलाज नहीं किया गया, तो 24 घंटे से भी कम समय में उसकी मृत्यु हो सकती है।

## आज का इतिहास

- 1651: पोलैंड और यूक्रेन के बीच बेरेस्तेको युद्ध शुरू।
- 1776: अमेरिकी की जीत के साथ सुलीवन द्वीप युद्ध समाप्त।
- 1838: विक्टोरिया इंग्लैंड की महारानी बनीं।
- 1846: एडोल्फ सैक्स ने वाद्य यंत्र सेक्सोफोन को पेटेंट कराया।
- 1857: नाना साहेब ने बिठूर में स्वयं को पेशवा घोषित किया।
- 1894: श्रम दिवस पर अमेरिका में आधिकारिक अवकाश घोषित।
- 1914: प्रथम विश्व युद्ध का तात्कालिक कारण: आस्ट्रिया के आर्कड्यूक फ्रांज फर्डिनेंड और उनकी पत्नी सोफी की साराजेवो में हत्या।
- 1919: वारसा की संधि पर हस्ताक्षर।
- 1921: भारत के पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव का जन्म।
- 1940: बांग्लादेशी अर्थशास्त्री और नोबेल पुरस्कार से सम्मानित मोहम्मद युनुस का जन्म।
- 1975: भारत में आपातकाल के दौरान प्रेस प्रतिबंध लागू किया गया।
- 1981: चीन ने कैलाश और मानसरोवर का रास्ता खोला।
- 1981: तेहरान में भीषण बम विस्फोट, इस्लामिक रिपब्लिकन पार्टी के 73 पदाधिकारी मारे गये।
- 1986: लाल डेंगा मिजोरम के मुख्यमंत्री बने।

## 10 आरोपी दोषी करार

रांची: सरायकेला सिविल कोर्ट के एडीजे अमित शेखर की अदालत ने बहुचर्चित तबरेज अंसारी मॉब लिंचिंग हत्याकांड में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मामले में 10 आरोपियों को दोषी ठहराया है। सभी 10 दोषियों के सजा के बिंदु पर 5 जुलाई को सुनवाई होगी। कोर्ट ने मामले के दो आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

# झारखंड को सौगात, पीएम मोदी ने रांची-पटना सहित पांच वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखायी हरी झंडी

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 27 जून को रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस समेत पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम में इन पांच वंदे भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन किया गया। इनमें रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस, रानी कमलापति-जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, खजुराहो-भोपाल-इंदौर वंदे भारत एक्सप्रेस, मडगांव (गोवा)- मुंबई वंदे भारत एक्सप्रेस और धारवाड़-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शामिल हैं। बता दें कि झारखंड-बिहार को पहली वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात मिली है। रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस को रांची से पटना रवाना करने के लिए रांची स्टेशन पर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, मंत्री चंपई सोरेन, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, रांची सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, रेलवे के डीआरएम और दक्षिण पूर्व रेलवे के जनरल मैनेजर अर्चना जोशी समेत कई लोग उपस्थित रहें। बता दें कि वंदे भारत एक्सप्रेस के परिचालन का लोग काफी बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। आज वो घड़ी आ गयी, जब पीएम मोदी ने लोगों को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की सौगात दी। पीएम मोदी ने हरी झंडी दिखाकर रांची से पटना के लिए वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन स्पेशल ट्रेन 02439 के रूप में किया। अब कल यानी 28 जून से गाड़ी संख्या 22349/22350 पटना-रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन का नियमित परिचालन किया जायेगा। यह ट्रेन पटना और रांची से मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन परिचालित की जायेगी।

## राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन ने वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा को बताया बदलते भारत की सुनहरी तस्वीर

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि वंदे भारत एक्सप्रेस प्रगति, नवाचार एवं बेहतर कनेक्टिविटी का द्योतक है। देश के कुशल इंजीनियरों एवं टेक्निशियनों द्वारा स्वदेशी रूप से निर्मित यह अत्याधुनिक ट्रेन हमारे देश की तकनीकी क्षमताओं के विकास को प्रदर्शित करता है। पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किये गए राँची-पटना वन्दे भारत ट्रेन के उद्घाटन के अवसर पर राँची रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने वन्दे भारत को प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बदलते भारत की सुनहरे तस्वीर बताया। साथ ही कहा कि यह विकसित भारत बनने की दिशा में प्रतिबद्धता को प्रकट कर रहा है।राज्यपाल ने कहा कि रांची-हजारीबाग-कोडरमा नई लाइन की परिकल्पना 1999 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा की गई थी। आज वह पूरी हो गई। इस मार्ग पर अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस चलाई जा रही है। केन्द्र सरकार द्वारा राज्य के 57 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जाएगा। उन्हें विश्वस्तरीय स्टेशन बनाने की योजना है। प्रधानमंत्री का झारखण्ड राज्य से विशेष लगाव रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में गरीबों के लिए वरदान सबसे बड़ी बीमा योजना आयुष्मान भारत योजनाह्व झारखण्ड की ही धरती से प्रारम्भ हुआ था।लोकप्रिय प्रधानमंत्री ने बाबानगरी देवघर में एम्स दिया। साथ ही लोगों की आंकांक्षाओं को देखते हुए विभिन्न परियोजनाओं का उदघाटन किया गया है। वे खादी शिल्क को निरंतर बढ़ावा दे रहे हैं। यह हमारे सम्पूर्ण राज्यवासियों के लिए गर्व की बात है कि प्रधानमंत्री द्वारा अमेरिका के राष्ट्रपति को झारखण्ड के तसर शिल्क से बने शॉल को भेंट किया गया।राज्यपाल ने मौके पर रेलवे स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन में सवार स्कूली छात्रों के साथ संवाद किया। इसके पश्चात उन्होंने ह्यराँची-पटना वन्दे भारत ट्रेनह्न में नामकुम स्टेशन से मेसरा रेलवे स्टेशन तक का सफर किया। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी सहित अन्य गणमान्य लोग भी थे।

पीएम मोदी के द्वारा ऑनलाइन हरी झंडी दिखाए जाने के बाद रांची-पटना वंदे भारत एक्सप्रेस की शुरूआत हो गई है। 28 जून से वंदे भारत नियमित रुप से चलने लगेगी। रांची से पटना की दूरी महज 06 घंटे में पूरी करनेवाली इस ट्रेन की टाइमिंग को लेकर सवाल उठने लगे हैं। रेल यात्री संघ ने इसका विरोध करते हुए समय बदलने की मांग की है। रेल यात्री संघ के प्रेम कटरुका ने कहा है कि चूंकि पटना और रांची के बीच जनशताब्दी और वंदे भारत एक्सप्रेस के समय में महज दो घंटे का अंतर है इस वजह से समय बदलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि रेलवे को अभी अंदाजा नहीं है मगर जल्द ही इसका आभाष हो जायेगा। उन्होंने वंदे भारत ट्रेन के किराया पर भी एतराज जताया।वंदे भारत ट्रेन के समय को लेकर उठ रहे सवाल पर रेलवे ने सफाई देते हुए कहा है कि काफी मंथन के बाद समय निर्धारित किया गया है। रांची से पटना के बीच चार ट्रेन वर्तमान समय में चल रही है। वंदे भारत पांचवी ट्रेन है जो लोगों को सबसे कम समय में पहुंचाने का काम करेगी। अत्याधुनिक सुविधा से लैस यह ट्रेन आम यात्रियों की यात्रा सुगम बनायेगा।रांची से वंदे भारत एक्सप्रेस पटना के लिए सप्ताह में 6 दिन अपराहन 4:15 पर खुलेगी, जो मेसरा, बरकाकाना, हजारीबाग टाउन, कोडरमा और गया होते हुए पटना रात 10:05 पर पहुंचेगी। इसी तरह पटना से वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह 7:00 बजे खुलेगी जो गया, कोडरमा, हजारीबाग, बरकाकाना और मेसरा में रुकते हुए रांची दोपहर 1:00 बजे पहुंचेगी। प्रत्येक मंगलवार वंदे भारत तकनीकी कारणों से नहीं चलेगी। सेमी हाई स्पीड ट्रेन में ऑटोमेटिक दरबाजे बनाए गए हैं। इसके अलावा ट्रेन के एक्सक्यूटिव क्लास में रिवाल्विंग सीट के साथ-साथ ट्रेन का हर डब्बा वातानुकूलित बनाया गया है। यात्री सीट के नीचे मोबाइल चार्जिंग की व्यवस्था और इंटरनेट फैसिलिटी दी गई है। निशक्त और ब्लाइंड पैसेंजर के लिए ट्रेन के अंदर खास प्रबंध किए गए हैं, जिससे उन्हें किसी तरह की परेशानी ना हो। सीट नंबर में ब्रेल लेटर का उपयोग किया गया है।



## पोस्को कानून की जांच पर पुलिस अफसरों की विशेष कार्यशाला

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** पोस्को कानून के सजा दर में सुधार सुनिश्चित करने के लिए पुलिस, बाल कल्याण समितियों और गैर-सरकारी संगठनों के 95 अधिकारियों का एक बैच पोस्को मामलों के विभिन्न पहलुओं पर जांच प्रशिक्षण स्कूल में प्रशिक्षण ले रहा है। रविवार को शुरू हुई चार दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) द्वारा किया गया है। कार्यशाला में साक्ष्यों का संग्रह, जैविक साक्ष्यों को एफएसएल को अग्रेषित करना, यौन उत्पीड़न में फिंगर प्रिंटिंग तकनीक की भूमिका, बचे लोगों की चिकित्सा जांच और पीड़ित को मुआवजा देना शामिल है। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एसएन प्रसाद ने कहा कि प्रतिभागी पोस्को



मामलों की जांच में अपनी कमजोरियों को दूर करने के लिए मार्गदर्शन मांग रहे हैं। उन्होंने कहा, अदालतों में गवाहों और वैज्ञानिक साक्ष्यों के उचित ढंग से पेश होने से मामलों का निपटारा भी तेजी से होगा. प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य बच्चों के खिलाफ अपराध को रोकने के मौजूदा तंत्र को मजबूत करना है ताकि अपराधियों को सजा मिले और समाज में सही संदेश जाए।

जस्टिस प्रसाद ने राज्य के बाल संप्रेक्षण गृहों का अपना अनुभव बताते हुए कहा कि कुछ कमियां हैं, जिन्हें प्रशासन दूर कर रहा है. उन्होंने कहा, ह्लकिशोर न्याय और पोस्को पर उच्च न्यायालय समिति के अध्यक्ष के रूप में, यह मेरी जिम्मेदारी है कि मैं पर्यवेक्षण गृहों का दौरा करूं और उनकी समस्याओं को दूर करने के लिए कदम उठाऊं। उन्होंने बताया कि एचसी समिति द्वारा प्रशासन को सूचित करने के बाद देवघर में बाल गृह में बिजली बहाल कर दी गई, जबकि जमशेदपुर में कूलर लगाया गया। सीआईडी के महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने कहा, वर्तमान में, हम अपराध के दौरान मौखिक साक्ष्य पर अधिक निर्भर रहते हैं। यदि जांच अधिकारी अपराध स्थल और पीड़ितों और आरोपियों के शरीर से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र करने में सक्षम हैं, तो जांच मजबूत हो जाएगी।

## तनवीर अख्तर की बेल पिटीशन खारिज

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** लव जिहाद एवं यौन शोषण मामले में आरोपी कोचिंग संचालक तनवीर अख्तर को सीजेएम कोर्ट से राहत नहीं मिली। कोर्ट ने आरोपी तनवीर की जमानत याचिका खारिज कर दी। बता दें कि मामले को लेकर मॉडल मानवी राज ने 9 जून को जुडिशल मजिस्ट्रेट सृष्टि घई की अदालत में सीआरपीसी की धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराया था। दरअसल, मॉडल मानवी राज ने कोचिंग संचालक तनवीर अख्तर पर लव जिहाद का आरोप लगाई है। इस मामले को लेकर गोंदा थाना में एफआईआर दर्ज किया गया है। मामले में तनवीर अख्तर को पुलिस गिरफ्तार किया है।साल 2021 में मानवीय राज ने गूगल पर सर्च कर मॉडलिंग सीखने रांची आई थी। उसी साल होली पर्व के आयोजन पर तनवीर अख्तर ने अपने कोचिंग संस्थान में पार्टी दिया था और पार्टी के दौरान ही कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर गलत काम किया था। जिसके बाद उसका वीडियो बना लिया और बार-बार वीडियो दिखाकर मानवी राज का ब्लैक मेलिंग करता था। हालांकि यहां से परेशान होकर मानवी राज भागलपुर चली गई थी लेकिन उसे जान से मारने की धमकी दे कर फिर रांची बुलाया और बार-बार शारीरिक संबंध बनाता रहा जिसके बाद मानवी राज ने मुंबई चली गई थी तनवीर अख्तर पीछा करते हुए मुंबई पहुंच गया और धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाने लगा।




**जलजमाव** जल जमाव की पुरानी बीमारी फिर से उभरी

## बार बार फेल हो जाता है सिवरेज और सफाई का दावा

- डेली मार्केट से उर्दू लाइब्रेरी तक बहाव
- नाली की गंदगी अब सड़कों पर पसरी
- हर बार जनता को होती है यही परेशानी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** बड़े ही तामझाम और बहुत अधिक खर्च से बना रांची का सिवरेज सिस्टम एक बार फिर फेल साबित हुआ है। शहर के उन इलाकों में फिर से सड़कों पर पानी और नाली की गंदगी नजर आयी, जहां हर बार ऐसी ही परेशानी होती रही है। इसके बीच ही पिछले 30 वर्षों से मेन रोड का डेली मार्केट का इलाका फिर पूर्व स्थिति में पहुंच गये। वहां पर जल जमाव की वजह से विक्रेता और दुकानदार रुके हुए बारिश के पानी और नालियों से बहते सीवेज से परेशान हो जाते हैं। फुटपाथ और दुकानों के सामने घुटनों तक कीचड़ और गंदगी के कारण मालिक भी अपनी दुकानों से बाहर नहीं निकल पाते, ग्राहक तो दूर की बात है।

पिछले 15 वर्षों से बाजार में फल बेचने वाले कई विक्रेताओं ने बारिश के दौरान जलभराव की समस्या के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि जब भी बारिश होती है, तो नालियों का गंदा पानी सड़क पर जमा हो जाता है, जिससे चारों ओर गंदगी फैल जाती है, जिससे निवासियों और दुकानदारों को असुविधा होती है। इससे सेहत को भी खतरा हो जाता है। लोगों ने कहा कि, जमा हुए कचरे और गंदगी को साफ करना एक कठिन काम है। इस हालत के लिए लोगों नै नगर निगम को जिम्मेदार ठहराया।

लोगों की शिकायत है कि जल निकासी की सही व्यवस्था इस सिवरेज सिस्टम से भी नहीं हो पायी है। जाम पड़ी संकरी नालियों की सफाई में अधिकारियों की लापरवाही परेशानी का कारण बनती है। नतीजा होता है कि जब बारिश अधिक होती है तो नालियों का सारा गंदा पानी और वहां जमा कचड़ा भी सड़कों पर बहने लगता है। डेली मार्केट के इलाके में फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को मजबूरी में कचरे के ढेर के बगल में एक ऊंचे मंच पर जाना पड़ता है।

वहां गंदगी इतनी अधिक है कि सामान्य क्रेता वहां आने से कतराते हैं। दूसरी तरफ रांची नगर निगम के सिटी मैनेजर संदीप कुमार इस समस्या के लिए विक्रेताओं को जिम्मेदार ठहराते हुए उन पर कूड़ा फेंकने और नालियां जाम करने का आरोप लगाते हैं। उन्होंने कहा, बाजार के विक्रेता नालियों को कूड़ादान समझ रहे हैं और बोतलें, प्लेट, ब्रेड, सब्जियों का कचरा और पैकिंग सामग्री जैसे कचरे को नालियों में फेंक रहे हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि मुख्य समस्याओं में से एक तब उत्पन्न होती है जब विक्रेता नालियों के ऊपर स्टॉल लगाते हैं। इससे सफाई प्रक्रिया में बाधा आती है और अधिकारियों के लिए जल निकासी को प्रभावी ढंग से बनाए रखना और प्रबंधित करना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा, स्टॉल हटाने के लिए 15-20 दिनों की समय सीमा के साथ नोटिस मिलने के बावजूद, विक्रेताओं ने निदेर्शों का पालन करने में अनिच्छा दिखाई है। आरएमसी के उप प्रशासक रजनीश कुमार ने कहा कि वह स्थिति की जांच करवाएंगे और स्थिति में सुधार के लिए कार्रवाई करेंगे, नगर आयुक्त शशि रंजन ने कहा, सब कुछ साफ किया जा रहा है। इसके अलावा भी शहर के कई इलाकों में कल की बारिश के बाद से जल जमाव और सड़कों पर से पानी बहने की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। इससे खास तौर पर पैदल चलने वालों को गंदे पानी के बीच से ही चलना पड़ रहा है।